e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 87
शुक्रवार
31.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
सुविचारो से सुफल उपजते है, वही कुविचारो का नतीजा कुफल होता है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**
इफ्तार (31/03/23) 06:05
सेहरी (01/04/23) 04:18

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26°
न्युनतम 12°


## क्विक न्यूज

### लाखों रुपये की चांदी बरामद, एक गिरफ्तार

**बशीरहाट (उत्तर 24 परगना)।** बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाके में चांदी की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए एक तस्कर को धर दबोचा। घटना बशीरहाट के स्वरूपनगर थाने की तराली बॉर्डर की है।आरोपित का नाम रौनी सरदार है। उसका घर स्वरूपनगर के तराली सीमा क्षेत्र में है। गुरुवार तड़के बीएसएफ की 112 बटालियन के जवान तराली बॉर्डर पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। उस समय एक बाइक सवार अपनी बाइक लेकर सीमा की ओर जा रहा था। बीएसएफ के जवानों को उसके व्यवहार पर शक हुआ। बीएसएफ ने बाइक को रोका और सवार से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान सही जवाब नहीं मिलने की वजह से बीएसएफ के जवानों ने बाइक सवार और बाइक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक के एयर फिल्टर से करीब तीन किलो 930 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद हुए। जिसकी बाजार कीमत करीब दो लाख 26 हजार 725 रुपये है। बरामद चांदी के जेवरात समेत तस्कर को तंतुलिया स्थित सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर

**दुमका।** जिले के दो थाना क्षेत्रों में गुरुवार को हुए अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई। पहली घटना जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग पर बारा गांव के समीप घटी। यहां तेज रफ्तार हाईवा ने बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक में आग लग गई। बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेजा गया। युवक की पहचान पिपरा गांव निवासी 18 वर्षीय दिनेश मड़ैया उर्फ दिनेश शर्मा के रूप में हुई है। युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।।दूसरी घटना पालोजोरी बाईपास मार्ग पर मनकाचक गांव के पास बुधवार रात में हुई। जानकारी के अनुसार फुटबॉल मेला देख कर बाइक से 35 वर्षीय लुखिराम मुर्मू घर बांदो पिपरा लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह अनियंत्रित होकर एक पोल से जा टकराया और उसकी मौत हो गई। तीसरी घटना मसलिया थाना क्षेत्र में घटी। थाना क्षेत्र के मसलिया-दुमका मुख्य पथ पर भंगहिर गांव के समीप 37 वर्षीय दिलीप राणा गैस लदे टैंकर के चपेट में आ गया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।




### रामनवमी के दिन देश के कई जगहों पर हादसा, पत्थरबाजी

# इंदौर : मंदिर में हादसा, 13 की मौत

एजेंसी

**इंदौर :** रामनवमी के मौके पर इंदौर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में छत ढहने से श्रद्धालु बावड़ी में गिर गए। इस हादसे में अब तक 19 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला जा चुका है। वहीं, बताया जा रहा है कि 13 लोगों की मौत हो गई। इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के मौके पर भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए आए थे। उसी दौरान बावड़ी के ऊपर की छत अचानक ढह गई और लगभग 25 लोग बावड़ी में गिर गए।निगम अफसरों के मुताबिक, बावड़ी 40 फीट गहरी है, उस पर लोहे की जाली थी। हवन के दौरान बावड़ी की छत पर ज्यादा लोगों के होने से जाली टूट गई और हादसा हो गया। इस हादसे के तुरंत बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तंग गलियां होने से राहत कार्य में थोड़ी परेशानी हुई। बावड़ी में गिरे कुछ लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। कलेक्टर और प्रशासन की टीम सूचना मिलते ही यहां पहुंच गए। हादसे का शिकार हुए लोगों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बावड़ी में से महिला और बच्ची समेत 19 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लोगों के लिए ऑक्सीजन सप्लाई की गई है। हादसे के बाद से ही लोगों में काफी आक्रोश है। सीएम शिवराज सिंह चौहान स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर में हुई दुर्घटना पर दुख जताया है।

### रांची में तेज आंधी के कारण गिरा साउंड सिस्टम, 4 घायल

**रांची :** रामनवमी के दिन आसमान में काला बादल छा जाने के कारण आंधी तूफान भी खूब जोर से चलने लगी। इस दौरान तपोवन मंदिर के पास राम भक्तों की एक टोली पर बड़ा साउंड बॉक्स आंधी के झोंके में गिर गया। जिस साउंड बॉक्स के नीचे करीब 4 लोग दब गए। भीड़ इधर-उधर भागने लगी। हालांकि पुलिस ने सभी को नियंत्रण कर लिया। फिर साउंड सिस्टम को हटाया गया। जिसमें बताया गया कि 4 लोग को चोटे आई है। सभी को तुरंत एंबुलेंस में बैठाकर बेहतर उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भेजा गया। सभी की स्थिति खतरे के बाहर बताई गई।

### इंदौर हादसे में पीएम नरेंद्र मोदी ने जताया शोक



### गुजरात व महाराष्ट्र में पत्थरबाजी की घटना

**बड़ोदरा :** गुजरात के वडोदरा में रामनवमी के दिन सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई। शहर में जुलूस पर पथराव किया गया, जिसके बाद तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रण में कर लिया और भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया गया। आरोपी को पकड़ने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। वडोदरा में गुरुवार को रामनवमी यात्रा पर फतेपुरा गराना पुलिस चौकी के पास अचानक जुलूस पर पथराव शुरू हो गया। इधर महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर इलाके में रामनवमी के दौरान दो पक्षों में झड़प हुई।

### मंदिर में लगी भीषण आग

**गोदावरी :** आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी में गुरुवार को रामनवमी के मौके पर हादसा हो गया। यहां वेणुगोपालस्वामी मंदिर में भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें मंदिर की छत तक पहुंच गईं। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### तपोवन मंदिर में सीएम ने पूजा- अर्चना कर राज्य की उन्नति और खुशहाली की कामना की

# हमारे आदर्श हैं भगवान श्री राम : हेमंत

छाया : नसीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आप सभी को पावन पर्व रामनवमी की अनंत बधाई और शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी हमारे आदर्श हैं। रामनवमी महापर्व आपसी एकता, बंधुत्व, सौहार्द और वर्षो से चली आ रही परंपरा और संस्कृति को मजबूत बनाता है। तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम जानकी का दर्शन कर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हम अपने जीवन में भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें, क्योंकि इसमें सबका कल्याण निहित है। इस मौके पर उन्होंने प्रभु श्री राम जी के चरण में शीश नवाकर राज्य वासियों की उन्नति, सुख- समृद्धि, शांति और स्वस्थ जीवन के लिए आशीर्वाद लिया।

**तपोवन मंदिर परिसर को विकसित करने का कार्य शुरू :** मुख्यमंत्री ने यहां हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष रामनवमी महापर्व के अवसर पर तपोवन की पवित्र भूमि को विकसित करने की घोषणा की थी। इस वर्ष रामनवमी पर मंदिर और आसपास के क्षेत्र का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू हो चुका है और अगले वर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर यहां भगवान श्री राम जानकी के भव्य मंदिर का आप दर्शन करेंगे । तपोवन मंदिर परिसर के विकास पर 14 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर और भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**ऐतिहासिक- धार्मिक स्थलों को कर रहे संरक्षितः** मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक- धार्मिक स्थलों को संरक्षित और विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तपोवन मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का विकास इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है । इस मंदिर को एक प्रतीक के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी और श्री राम -जानकी तपोवन मंदिर समिति तथा श्री श्री महावीर मंडल निवारनपुर समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# झारखंड में मौसम ने लिया करवट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में गुरुवार को सुबह से तेज धूप थी। इसके बाद दोपहर बाद मौसम ने करवट बदला। आसमान में बादल छा गए। हवाएं चलने लगीं। शाम होते बारिश होने लगी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि आज 31 मार्च को कई स्थानों पर गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश के आसार हैं। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। एक अप्रैल को भी कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। दो, तीन और चार अप्रैल को आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा। पांच अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मौसम शुष्क रहेगा।भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को 31 मार्च और एक अप्रैल के लिए राज्य में चेतावनी जारी की है कि मौसम एक्टिविटी ज्यादा है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और लोकल सिस्टम के कारण वज्रपात, गर्जन के साथ ओले पड़ने के आसार हैं।मौसम केंद्र के अनुसार, 31 मार्च और एक अप्रैल को राज्य में 40-50 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है।

ओलावृष्टि व वज्रपात की चेतावनी है। रांची में एक अप्रैल तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। अधिकतम पारा 34 से 30 डिग्री व न्यूनतम 20 से 17 डिग्री रहने के आसार हैं।

### राजधानी सहित पूरे राज्य में हर्ष, उल्लास व भक्तिपूर्ण माहौल में मना रामनवमी

# शोभा यात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रामनवमी पर्व को लेकर पूरे राज्य में खुशी का माहौल देखने को मिला। रांची में राम भक्त अपने-अपने गली मोहल्ले से दोपहर 3 बजे से ही अपने हाथों में महावीरी झंडा लिए निकल पड़े थे। वहीं कुछ लोग घोड़े पर भी सवार होकर अपने-अपने क्षेत्र से निकले थे। सभी राम भक्तों की टोलियां विभिन्न चौक चौराहे से होते हुए शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचा। यहां पर अस्त्र शस्त्र का करतब दिखाया और फिर तपोवन मंदिर की ओर निकल पड़े। यहां भगवान श्री राम का पूजा अर्चना की गई। इस दौरान आकाश में बादल उमड़ पड़ा और कुछ जगहों पर बारिश भी हुई।लेकिन रामभक्त भक्ति में लीन हो कर आगे बढ़ते रहे। इस बीच शहर और इसके आस पास के सभी चौक चौराहों एवं गलियों में प्रशासन की ओर से सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए थे।



**3,000 से अधिक पुलिस बल तैनातः** रांची और इसके आसपास में शांतिपूर्वक तरीके से रामनवमी को संपन्न कराने के लिए पुलिस के विभिन्न बलों के करीब 3,000 से अधिक सदस्य देश की सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। एसएसपी और उपायुक्त दोनों ने मुख्य मार्ग से निवारणपुर तपोवन मंदिर तक की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे। जुलूस को रिकॉर्ड करने के लिए ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया था। शहर के अग्निशमन विभाग और एंबुलेंस को 11 स्थानों पर तैनात किया गया था।

**ड्रोन और सीसीटीवी की जद में था शहर :** रामनवमी के जुलूस में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए ड्रोन और सीसीटीवी का इस्तेमाल किया गया था। रांची शहर और इसके आसपास के इलाकों को पुलिस ने हाई अलर्ट पर रखा था। पुलिस प्रशासन का दावा था कि असामाजिक तत्वों पर नजर है। जो लोग त्योहार के बारे में गलत जानकारी फैलाते हैं या भड़काऊ व्यवहार करते हैं उन्हें कठोर दंड का सामना करना पड़ेगा। रामनवमी के दौरान किसी तरह के विवाद से बचने के लिए शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाती है। रामनवमी के जुलूस की एक साथ निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल किया गया था।

**रांची में रैफ की दो कंपनी की पोस्टिंगः** सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरे राज्य में पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया था। सीआरआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स की दो कंपनियां रांची में तैनात कर दी गई थी। केंद्रीय सुरक्षा बलों की सात कंपनियों की तैनाती से राज्य को कवर किया गया था।

**इन जगहों पर है एंबुलेंस और फायर बिग्रेड के वाहनः** आपात स्थिति से निपटने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर एंबुलेंस और दमकल विभाग के वाहन तैनात किए गए हैं। ये वाहन नामकुम चौक, डोरंडा थाना, तपोवन मंदिर, रातू थाना, रातू रोड चौक, बरियातू थाना, चुटिया चौक, अकरा मस्जिद चौक, दैनिक बाजार थाना, रांची विश्वविद्यालय गेट, अल्बर्ट एक्का चौक, लालपुर चौक, महावीर चौक आदि।

**अधिकारियों की हुई थी पोस्टिंगः** 25 डीएसपी,28 इंस्पेक्टर,320 दारोगा,160 सशस्त्र बल,8305 लाठीबल,4950 गृह रक्षक,01 कंपनी एटीएस,01 स्वान दस्ता ,05 अश्रु गैस दस्ता,05 अग्निशमन दस्ता,03 बीडीएस दस्ता,150 जवान पुलिस मुख्यालय के नियंत्रणाधीन, 950 जवान विभिन्न रेंज के डीआईजी के नियंत्रणाधीन।

# केंद्रीय मंत्री शाह ने किया सहकारिता की कई योजनाओं का शुभारंभ

एजेंसी

**हरिद्वार :** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरिद्वार में राज्य की 95 संयुक्त सहकारी खेती, 95 जन सुविधा केन्द्र, 95 जनऔषधि केन्द्र और राज्य की समस्त बहुद्देशीय सहकारी समितियों में पूर्ण रूप से कंप्यूटरीकरण का शुभारंभ किया। उन्होंने राज्य में कृषि और औद्यानिकी क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित भी करने के साथ दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को बिना ब्याज के ऋण का चेक वितरण किया। केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अक्टूबर 2021 में समग्र भारत में पैक्स के कम्पयूटराइजेशन का कार्य उत्तराखंड में शुरू हुआ था। आज 17 माह बाद सभी 670 पैक्स का कम्प्यूटराइजेशन पूर्ण हो चुका है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि राज्य में 95 मल्टीपर्पज पैक्स बनाने का कार्य भी पूर्ण किया जा चुका है। को-आपरेटिव सोसायटी के साथ 95 जन औषधि केन्द्र और जन सुविधा केन्द्र की शुरूआत भी सबसे पहले उत्तराखंड ने की है।

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सहकारिता से समृद्धि के लिए 75 वर्ष में पहली बार देश में अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। आज सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से देश के सभी 63 हजार पैक्स को कम्यूटराइज करने का कार्य शुरू हो गया है। 360 सहकारी बैंक की शाखाएं, 670 बहुद्देशीय पैक्स, 670 एमपैक्स का कम्प्यूटराइजेशन कर उत्तराखंड सरकार ने समग्र देश में सहकारिता क्षेत्र में पहले नम्बर पर आने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि 50 से 90 प्रतिशत सस्ती दवाई को-आपरेटिव जन औषधि केन्द्रों से मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहकारिता यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। राष्ट्रीय सहकारिता डाटा बेस भी तैयार किया जा रहा है। कम भूमि वाले किसानों को पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य व्यवसायों से जोड़ने का कार्य किया गया है।



को-आपरेटिव के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने का जो लक्ष्य प्रधानमंत्री जी ने रखा है, इस दिशा में हम तेजी से आगे बड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा आज जिन विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने किया है, उन योजनाओं से उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को अवश्य ही लाभ होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह के नेतृत्व में यह मंत्रालय देश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान कर रहा है। सहकारिता विभाग और उससे सम्बन्धित समस्त संस्थाओं का उद्देश्य न केवल कृषकों को सस्ते ऋण की सुविधा प्रदान कराना है, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी निर्बल और निर्धन वर्ग के जीवन स्तर को भी उन्नत करना है। आज बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों में वित्तीय पारदर्शिता लाने को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए भारत सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम डिजिटल इंडिया के क्रियान्वयन में एमपैक्सों को पूर्ण रूप से कम्प्युटरीकृत करने का कार्य संपन्न हुआ है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में सभी सहकारी समितियों को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया जा चुका है।

### जयपुर बम ब्लास्ट के आरोपी हुए बरी

**जयपुर :** राजस्थान हाईकोर्ट ने 13 मई, 2008 को शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में अभियुक्तों को बरी करते हुए कहा है कि अभियोजन की ओर से ऐसा कोई भी साक्ष्य नहीं दिया है जिससे यह साबित हो सके कि मोहम्मद सैफ, सैफुर्रहमान, सलमान व सरवर आजमी ने शहर में बम ब्लास्ट से कोई साजिश रची हो। ऐसे में अभियोजन आरोपियों के खिलाफ जयपुर बम ब्लास्ट करने के लिए आपराधिक षडयंत्र को साबित करने में फेल रहा है। अदालत ने माना की राज्य सरकार ने मामले में सह आरोपी मोहम्मद सैफ के डिसक्लोजर स्टेटमेंट के आधार पर ही अपनी कहानी को आगे बढाया था, लेकिन यह डिसक्लोजर स्टेटमेंट ही जयपुर बम ब्लास्ट के कई महीनों बाद दर्ज किया है।

संक्षिप्त खबरे

## दिनभर ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने में लगे ट्रैफिक प्रभारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पलामू जिले के सभी थाना प्रभारी रामनवमी जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा को लेकर जुलूस में तैनात देखे गए। वही ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह अपने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ छह मुहान चौक पर अपना मोर्चा संभाले हुए थे। जुलूस के दौरान शहर में भीड़ भाड़ ना लगे इसके लिए वे सुबह से ही शहर के सभी चौक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने में लगे हुए थे। शहर में जाम न लगे इसके लिए सभी बड़े वाहनों को शहर में घुसने से उन्होंने मना कर दिया था।बड़े वाहनों के लिए उन्होंने दूसरे रूट को डाइवर्ट कर लोगो को जाने के लिए कहा।

# रामनवमी समितियों ने निकाली भव्य शोभायात्रा
# जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हुआ शहर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हिंदू नव वर्ष के पहले महीने चैत्र के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को होने वाले रामनवमी पर्व के अवसर पर विभिन्न रामनवमी समितियों के द्वारा भव्य व ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा में हज़ारों की संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज, तलवार भाले एवं फरसा लेकर राम भक्तों ने रामनवमी के गीतों पर डीजे के धुन पर थिरकते हुए जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा दिनभर पूरे शहर के एवं बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए शाम को वो वापस अपने अपने अखाड़े पर पहुंचे। कई जगहों पर विभिन्न हिंदू संगठनों के द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं अंग वस्त्र एवं तलवार का वितरण भी किया गया हिंदी हिंदू संगठनों के द्वारा जगह जगह पर खाना नाश्ता एवं पानी के साथ शीतल पेय पदार्थ की थी व्यवस्था की गई थी। मोहर्रम इंतजामया कमेटी के अध्यक्ष जीशान खान एवं उनके पदाधिकारियों ने महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर एवं उनके पदाधिकारियों को साफा बांधकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान कई कलाकारों ने अपने अपने शौर्य एवं कला का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए काफी संख्या में बच्चे महिलाएं एवं पुरुष शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जमा हुए थे। शोभायात्रा में शामिल राम भक्त हाथ में भगवा झंडा, महावीरी पताका और माथे पर भगवा गमछा बांधकर निकले थे, खासकर युवाओं का उत्साह एवं जोश देखते बनता था। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों ने पूरे जोश उमंग के साथ भगवा व तिरंगा ध्वज को लहराते हुए जय श्री राम, जय हनुमान, हर-हर महादेव, भारत माता की जय के नारे लगाते रहे। पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के साथ कड़ी मुस्तैदी के साथ जुलूस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। इस अवसर पर जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार हर वर्ष आपसी भाईचारे के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। आज बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होकर शोभा यात्रा को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि भगवा हमारे सनातन धर्म का प्रतीक है तो तिरंगा हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है हम दोनों को साथ लेकर चलना है सनातन धर्म की भी रक्षा करनी है और राष्ट्र सेवा में किसी तरह की कमी ना हो इसका भी पूरा ध्यान रखना है। इस अवसर पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के पदाधिकारियों में गणेश गिरी विजय ओझा, मनोज सिंह मंगल सिंह, बबलू गुप्ता, रामनाथ चंद्रवंशी, नागेंद्र नागिन, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, दीपू चौरसिया सुरेश टॉम, रंजीत चन्वंशी, अभिषेक राज, प्रभात अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, छोटू अग्रवाल, सुरेश चंद्रवंशी, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह समेत जेनरल के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पत्रकार के दादा का निधन, महुगांई से नहीं निकला रामनवमी का जुलूस



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के महुगांई गांव निवासी सह पत्रकार चंद्रदेव प्रजापति उर्फ गुड्डु प्रजापति के दादा फुलेश्वर प्रजापति का निधन गुरुवार की सुबह आठ बजे हो गया। वे 85 वर्ष थे। उनके निधन के बाद महुगांई गांव से निकलने वाली रामनवमी जुलूस नहीं निकला। रामनवमी पूजा कमेटी के लोगों से जुलूस को स्थगित कर दिया। उनके निधन के ख़बर पाकर अंतिम संस्कार में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। दाह संस्कार में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। आप नेता ओंकार नाथ जायसवाल, हूरलौंग पंचायत के मुखिया बिंदा देवी, पंचायत समिति के पति पिंटू गुप्ता , समाजसेवी अरुण कुमार वर्मा सहित काफी संख्या के लोगों ने दाह संस्कार में शामिल हुए। साथ ही कई लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया है। मृतक फुलेश्वर प्रजापति एक मिलनसार व्यक्ति थे।

## धीरज मिश्रा ने महापौर से पी सी सी सड़क निर्माण का किया मांग



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेडमा रांची रोड वार्ड नंबर 16 अंतर्गत जय साह के घर से लेकर रघुनाथ प्रसाद जी के घर तक सड़क और नाली का मुआयना करने आई डाल्टनगंज नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर को मुहल्ले की समस्या से अवगत कराते हुए सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने सिन्हा जी के घर से लेकर समदा आहर तक पी सी सी सड़क निर्माण कराने और नाला की सफाई कराकर नाला पर स्लैब निर्माण कराने का मांग किया। महापौर ने जल्द से जल्द पी सी सी सड़क निर्माण कराने एवं नाला पर स्लैव निर्माण का भरोसा दिया।

# आत्महत्या मामले में पति सहित चार लोगों पर मामला दर्ज

### पिता ने बताया दामाद का दूसरी महिला के साथ था अवैध संबंध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू मेदिनीनगर में महिला और उसके तीन बच्चों के आत्महत्या मामले में गुरुवार (30 मार्च) को गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है. महिला के पिता फागु सिंह के बयान पर पति रवि सिंह, सास, जेठ और देवर के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 के तहत प्राथमिकी की गई है. टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले सभी के खिलाफ मामला दर्ज हुए हैं. पुलिस आगे की अनुसंधान कर रही है। पुलिस ने गुरुवार (30 मार्च) को एमएमसीएच में चारो शवों का पोस्टमार्टम करवाया. गौरतलब है कि बुधवार (29 मार्च) दोपहर मनीता देवी ने अपने पांच वर्षीय बेटी पायल, तीन वर्षीय संतोषी और नौ महीने के बेटे सूरज के साथ आत्महत्या कर लिया था. मनीता का ससुराल हरिहरगंज के खड़गपुर में था। जबकि मायका सतबरवा थाना क्षेत्र के एकता गांव में था।मनीता के पिता फागू सिंह ने पुलिस को बताया है कि उसके दमाद का किसी और महिला के साथ संबंध था। जिस कारण उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। जितिया पर्व के दौरान उनकी बेटी मायके आई थी. होली के दौरान दामाद रवि सिंह जबरन मनीता को विदाई करवा कर ले गया था. इस दौरान दामाद ने आश्वासन दिया था कि उनकी बेटी को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।फागु सिंह ने बताया कि 2017 में उन्होंने बेटी की शादी की थी. शादी के बाद से ही बेटी को प्रताड़ित किया जाता था. कई दिनों तक भूखा रखा जाता था. मनिता के पास खुद का मोबाइल भी नहीं रहता था. फिर भी मायके में प्रताड़ना के बारे में जानकारी देती रहती थी. लेकिन बुधवार को उसने कुछ भी नहीं बताया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद ससुराल पक्ष के भी लोग मौके पर पहुंचे. उनका कहना था कि घटना के बाद पति बीमार हो गया है।

# रामनवमी जुलूस में दिखा भक्तों का उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में रामभक्तों का उत्साह चरम पर होता है गुरुवार को भी यही सब देखने को मिला। जुलूस में उमड़ता भक्तों का हुजूम सड़क पर सरक-सरक कर चल रहा था। हर ओर जय श्री राम, जय हनुमान के नारे गुंजते रहे। पारंपरिक हथियारों से लैस श्री राम के भक्त जमकर प्रदर्शन कर रहे थे। इनकी निगेहबानी प्रशासन के लोग लगातार कर रहे थे। रामनवमी को लेकर सड़क पर जाम ही जाम लगा हुआ था। इस कारण भीड़ का रूप जनसैलाब में बदलता नजर आ रहा था। हर गली-मुहल्ला व चौक-चौराहों से जुलूस निकलकर एक स्थान पर मिल रहे थे।बड़े-बड़े बजरंगी पताका लेकर रामभक्त चल रहे थे। क्या बूढ़े, क्या बच्चे सभी रामनवमी के रंग में रंगे हुए थे।लोग पारंपरिक हथियारों से प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज करतब दिखा रहे थे। जुलूस को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के जवान व अधिकारी विशेष व्यवस्था कर सड़क के चारों ओर जाल की तरह बिछे हुए थे। वरीय अधिकारी लगातार कर मौनेट्रिंग कर रहे थे।हिंदू संगठन के अलावा विभिन्न समुदाय के लोग भाईचारगी की मिसाल पेश करते हुए जुलूस में शामिल रामभक्तों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था स्टॉल लगाकर जगह-जगह किए हुए थे। वही छोटे-छोटे बच्चे भी रामनवमी जुलूस को देखने के लिए अपने परिजन के साथ घर से निकले थे। बच्चों ने बजते हुए डीजे पर खूब डांस किया और जय श्रीराम के जयकारा लगाते हुए खूब मनोरंजन कर रहे थे।

## भवनाथपुर में रामनवमी पूजा शांति पूर्वक संपन्न



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न हो गया। मंदिरो में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ भीड़ लगी रही। जबकि कई मंदिरो में श्रद्धालूओं द्वारा कन्या पूजन कर उपवास खोला गया। चैत रामनवमी को लेकर भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवी धाम मंदिर, नटवीर बाबा धाम, अधौरा स्थित मांडर महारानी मंदिर, सिंघिताली स्थित मंदिर, अरसली उतरी दुर्गा मंदिर, टाउनशिप स्थित महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के नवमी के दिन सुबह से सुबह से ही लोगो की भीड़ उमड़ने लगी थी। महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मत्था टेककर सुख समृद्धि एवं क्षेत्र में शांति के लिए मन्नते मांगी। राम नवमी पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के बाहर व्यापक पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उधर नवरात्रि पर्व के नवमी के दिन देवीधाम मंदिर एवं नटवीर बाबा धाम पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्रीरामसेना के गौरव सिंह, सुभाष गुप्ता, अमन सिंह, गौतम, अंकित, अमृत सिंह, नटवीर बाबा धाम के आयोजक रामदेव राम, जमुना राम, डबलू सिंह, लखन भुंइया, जयराम बैठा, नंदू, संजय सिंह, अमरेश सिंह, भरत कुमार, धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी के शुभ अवसर पर चैता दु गोला कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड के बैतरी ग्राम में रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार की रात्रि में भव्य चैता दु गोला प्रोगाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान और उप प्रमुख देवदत् प्रसाद आर्य तथा सिसरी पंचायत के मुखिया पति उदय अलबेला ने फीता काटकर किया। इस कार्यक्रम का बैतरी से ब्यास भीम नारायण सिंह, संजय शाह और चौरीया से ब्यास सुरेश प्रजापति, अर्जुन चौधरी थे। जिसमें दोनों के बीच कई तरह का प्रोगाम किया गया। फिर दोनों खिलाडी के बीच हार जीत को लेकर एगनासियुस बड़ा और मदन सिंह, राजेंद्र सिंह द्वारा रिजल्ट सुनाया गया। जिसमे दोनों कलाकारों की जीत हुई। जहां मुख्य अतिथियों के द्वारा दोनों कलाकारों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, खरौंधी मुखिया पति कृष्णा शाह, कुपा मुखिया प्रमोद राम कामेश्वर प्रजापति, जगरनाथ शाह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर हुसैनाबाद पुलिस ने दंडाधिकारी के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगरनाथ धान एवम दंडाधिकारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च में आईआरबी,जगुआर झारखंड पुलिस बल के जवान और पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। फ्लैग में मार्च थाना परिसर से निकल कर पटेल चौक होते हुए पछ्यारी जपला होते हुए दाता नगर, मधुशाला रोड़, गांधी चौक, गम्हरिया, बंशी मोड़ दिनेश चौक, लम्बी गली मुख्य बाजार, अंबेडकर चौक, जेपी चौक, हरिहर चौक होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हो गया। पैदल मार्च का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी छेतरो पर नजर बनाए हुए है। मौके पर एस आई सौरभ कुमार शैलेन्द्र कुमार सिंह रामबालक सोरेन एसके मरांडी विनोद कुमार राम सीता राम सिंह रविरंजन सिंह शिव कुमार धर्मेन्द्र कुमार सिंह चौकिदार संघ अध्यक्ष मोहम्मद अंसारी सहित सभी चौकीदार शामिल थे।

## राम नवमी के अवसर पर चैनपुर में निकली शोभायात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर, पलामू :** गुरुवार को राम नवमी के अवसर पर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत हाटा में युवाओं ने निकाली बाइक रैली। समिति के सदस्यों ने लोगों को शोभायात्रा के दिन अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आह्वान किया। हाटा बाजार श्री रामनवमी सेवा समिति कार्यालय से बाइक जुलूस की शुरुआत हुई। जिसको समिति के वरिष्ठ सदस्य डिंपल जायसवाल ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। रामनवमी आयोजन समिति के तत्वाधान में बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान युवाओं के हाथों में भगवा झंडा के साथ-साथ तिरंगा झंडा को भी देखने को मिला। यह युवकों की टोली बाइक रैली के साथ विभिन्न सड़कों एवं गलियों के साथ नगर पंचायत हाटा का भ्रमण किया।इस दौरान जय श्री राम का जय घोष से पूरा बाजार गूंज उठा। इस दौरान पुलिस भी पूरी तरह मुस्तैद भी की।

## जय श्री राम के नारे से भक्तिमय हुआ रमना



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राम जन्मोत्सव पर रामजी की सवारी मे राम भक्तो ने जोरदार शोभा यात्रा निकाली 7रमना मे दोपहर के बाद जुलुस निकला जिसमे बाइक पर सवार सैकड़ो युवा भगवा झंडा लेकर जुलुस के आगे चले और बाजे गाजे के साथ जय श्री राम उद्घोष मे राम भक्त पसीने मे तरबतर दिखे। इस अवसर पर युवा बजरंग दल द्वारा मानस मंदिर मे भंडारा का आयोजन किया गया। रमना सदर पंचायत मुखिया दुलारी देवी द्वारा सभी सदस्यो को गमछा देकर सम्मानित किया और उन्होंने कहा की सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का पालन करें और इस पावन त्यौहार को शांति और हर्षो उल्लास के साथ मनाये किसी तरह की अनुशासनहीनता का परिचय न दे। श्री राम जन्मोत्सव का जुलुस रमना समेत सिलिदाग, टंडवा, और कई जगहों पर शांतिपूर्ण जुलुस निकला। इस मौके पर जगह जगह पर प्रशासन जायजा लेते रहे और सभी जगहों पर पुलिस मौजूद थी। जुलुस मे शामिल राम भक्तो के लिए जगह जगह पर ठंडा पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी। मौके पर मौजूद अध्यक्ष वीरेंदर प्रसाद गुप्ता, असर्फी चंद्रवंशी, दिनेश प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मिठू गुप्ता, ललित चंद्रवंशी, नागेंद्र सिंह, संजय प्रसाद, पंकज कुमार, रिंकू सोनी, धनजय प्रसाद गुप्ता तथा कई लोग मौजूद थे।

# राम भक्तों ने भरी हुंकार पिपरा में धूमधाम से मना श्री रामजन्मोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में दिन गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर रामभक्तों ने पूरे प्रखंड क्षेत्र में भरी जोरदार हुंकार. पूरा प्रखंड क्षेत्र राममय दिखाई पड़ रहा था। महावीर अखाड़ा पिपरा से भगवान राम एवं हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव के नेतृत्व में निकाला गया। इस कार्यक्रम का संचालन अरुण मिश्रा कर रहे थे। शोभा यात्रा पिपरा पंचायत के अखाड़ा पिपरा से निकलकर पंचायत सरैया तेंदुइ मधुबाना बभन्डी दलपतपुर होते हुए वापस पिपरा आकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों मोटरबाइक चार पहिया वाहन से रामभक्त जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव लगातार रैली में चल रहे लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्थित खेल मैदान पर 2 अप्रैल को शाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रखंडवासी भारी से भारी संख्या में पहुंचकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शांतिपूर्वक लुफ्त उठा सकते हैं। हिंदुत्व एकता मंच के बैनर तले रामनवमी के शुभ अवसर पर यह कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। अंत में प्रखंड प्रमुख सह कार्यक्रम के अध्यक्ष ने कहा कि अब पिपरा में नौजवानों को एक होने का समय आ गया है। इस अवसर पर जिला पार्षद ददन पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, बीजेपी मंडल अध्यक्ष संजय मेहता समाजसेवी विकास तिवारी मुखिया प्रियंका तिवारी लाल बहादुर सिंह बबलू सिंह हरि यादव विजय यादव नितेश सिंह सागर सिंह जय प्रकाश सिंह विवेक कुमार अनिल यादव छोटू सिंह संभव सिंह जयप्रकाश सिंह चंदन सिंह मोंटी सिंह सुनील सिंह राजन सिंह लव सिंह दिलीप सिंह राजेंद्र विश्वकर्मा मुकेश यादव अरविंद राहुल रंजन धीरज गुप्ता प्रखंड क्षेत्र के अन्य मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि सहित हजारों की संख्या में रामभक्त रामजन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मना रहे थे। पूरे कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह एसआई अभय आनंद एवं पिपरा प्रशासन काफी सक्रिय एवं सतर्क दिखे। पूरे प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# पत्नी ने दामाद के साथ मिल कर अवैध संबंध में रुकावट बन रहे पति का कर दिया हत्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र में पिछले रविवार सोनवर्षा ग्राम निवासी मुस्लिम अंसारी हत्या कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है।एसडीपीओ द्वारा थाना में किये गए प्रेस वार्ता में इसका खुलासा किया गया। हत्या में प्रयोग किये गए कुल्हाड़ी सहित हत्या में शामिल दोनों मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस हत्या के संबंध में जो कहानी सामने आई है वह बहुत ही शर्मनाक व समाज को शर्मसार करने वाली है।पुलिस के अनुसार मृतक मुस्लिम अंसारी की पत्नी जुलेखा बीबी तथा उसका रमना थाना क्षेत्र के रोहिला ग्राम निवासी कथित दामाद की बीच उसकी बेटी की शादी से पहले से ही अवैध संबंध था। उसके बाद जुलेखा बीबी ने अपनी बेटी की शादी अपने प्रेमी से करके, प्रेमी से मिलने के सारे रास्ते खोल लिए। जिसकी जानकारी मृतक को हो गई थी। घटना की रात्रि में जब मृतक मुस्लिम अंसारी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर बेटे और दामाद को ऑटो करके घर भेज दिया। जिससे उसका दामाद नज़ीर अंसारी पुरैनी में उतर गया।जिस घर ऑटो से मृतक का पुत्र आदम अली घर पहुचा,उसी ऑटो से उसकी पत्नी जुलेखा बीबी दुबारा दामाद नाजिर अंसारी के साथ सब्जी बाजार से मृतक मुस्लिम अंसारी को सुनियोजित ढंग से उठाया और साथ मे लाये कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दिया।उसके बाद से ही पूरी रात सभी ने मिल कर उसे खोजने का नाटक करते रहे। इस संबंध में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि मुस्लिम अंसारी की हत्या बहुत ही सुनियोजित ढंग से किया गया था। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए उच्चाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित कर इसका खुलासा किया गया।जिसमें मृतक की पत्नी जुलेखा बीबी तथा दामाद नाजिर अंसारी ने अवैध संबंधो के चलते मुस्लिम अंसारी की हत्या को अंजाम दिया गया।पुलिस ने अभियुक्तो की निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किये गए कुल्हाड़ी को बरामद कर लिया है।छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार,थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह,पुअनि राहुल कुमार,पुअनि जितेंद्र भगत, पुअनि कुमार विक्रम सिंह, पुअनि कुणाल किशोर, सअनि श्रीकांत पांडेय, मआ मारगेंट तथा पुलिस शस्त्र बल शामिल थे।

## पांडू में पेयजल संकट के बाद क्षेत्रीय विधायक ने भेजा पानी टैंकर



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंडवासी इन दिनों पेजल संकट से जूझ रहे है.लगातार जलस्तर गिरता जा रहा है. जिसे देखते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह वर्तमान क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अस्थाई रूप से पेयजल संकट से निदान हेतु पांडू प्रखंड में पानी टैंकर भिजवा दिया है. इस पानी टैंकर में पानी भरने वालों की लंबी कतारें लग रही है. विधायक ने कहा क्षेत्रवासियों के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं पांडू वासियों को कहीं भटकने की जरूरत नहीं है. बताते चलें कि पांडू प्रखंड वासियों ने पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम सागर सिंह के समक्ष पानी की समस्या संबंधित अपनी बात को रखी थी जिसे प्रेम सागर सिंह ने विधायक के समक्ष प्रमुखता से इस बात को रखा और विधायक जी ने तत्काल इसे संज्ञान में लेते हुए पानी टैंकर भिजवा दिया। अब पांडू प्रखंड वासियों को टैंकर द्वारा पानी मुहैया कराई जा रही है। इस कार्य के लिए क्षेत्रीय लोगों ने विधायक जी की सराहना की है।

**संक्षिप्त खबरें**

## विचारों को झकझोरने वाला पारिवारिक ड्रामा

**रांची।** सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्से' विचारों को झकझोरने वाला एक पारिवारिक ड्रामा है, जो अपने दर्शकों को एक आम आदमी की जिन्दगी करीब से दिखाता है। अपने प्रासंगिक किरदारों और दमदार कहानी के साथ 'वागले की दुनिया' दर्शकों को सच्ची शिक्षाएं देता है और उनके दिल को सुकून पहुंचाता है। पिछले कुछ एपिसोड्स में दर्शकों ने सखी वागले (चिन्मयी साल्वी) को विदेश में पढ़ने का अपना सपना पूरा करने का फैसला लेने में संघर्ष करते देखा है। कहानी के आने वाले हिस्से में वंदना वागले (परिवा प्रणति) कैटरिंग का बड़ा ऑर्डर पूरा करने के मिशन पर रहेगी। लेकिन कमर में दर्द के कारण उसे परेशानी होगी।

## आकांक्षा प्रवेश परीक्षा दो अप्रैल को

**रांची** : झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आकांक्षा परीक्षा 2023 का आयोजन दो अप्रैल, 2023 को होगा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र आकांक्षा परीक्षा में भी शामिल होंगे।

## रांची विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 28 अप्रैल को

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह 28 अप्रैल को होगा। विवि स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। समारोह में स्नातक (सत्र 2019-22), पीजी (सत्र 2020-22) तथा पांच फरवरी 2022 से 31 जनवरी 2023 तक पीएचडी उत्तीर्ण कुल साढ़े 28 हजार विद्यार्थियों की डिग्री पर मुहर लगेगी। वहीं 80 से अधिक विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे। स्नातक के लगभग 20 हजार विद्यार्थी, स्नातकोत्तर में लगभग 8347 विद्यार्थी और पीएचडी में लगभग 150 विद्यार्थी हैं।

# रामनवमी पर मुस्लिम संगठन ने रामभक्तो का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के विभिन्न मुस्लिम संगठनों, तंजीमो, सोसाइटी, अंजुमनों ने रामनवमी शोभायात्रा का शानदार अभिनंदन किया। जुलूस लेकर चल रहे सभी अखाड़ा के अखाड़ा परमुख को पगड़ी बांधकर शील्ड देकर मुस्लिम संगठनों ने रामभक्तों का जोरदार स्वागत किया। रमज़ान के इस पवित्र माह में स्वागत शिविर पर ही रोजेदारों ने रोजा खोला। इतना खूबसूरत मंजर की इधर रामभक्तो का स्वागत भी किया जा रहा है, इफ्तार के समय रोजा भी खोला जा रहा है।

सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के केंद्रीय अध्यक्ष मो. सईद, अकीलुर रहमान, आफताब आलम, तौहीद ने कहा कि कमिटी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कैफे मुगल के सामने स्वागत शिविर लगाकर शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालु और रामभक्तों का चना, गुड़ एवं शर्बत-पानी से स्वागत किया जा रहा है। हिंदपीढ़ी वार्ड 23 के पार्षद उम्मीदवार खालिद उमर, पूर्व पार्षद हाजी उमर, साजिद उमर, महबूब, जमील अख्तर सोनू ने स्वागत कैंप लगाकर भव्य स्वागत किया।

सभी परमूख को पगड़ी, फूल माला पहना कर स्वागत किया। खालिद उमर ने अपने कैंप में शर्बत, छोहाड़ा, संतरा, केला, अंगूर बांटते नज़र आए। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमशेर आलम के द्वारा और झारखंड तंजीम के द्वारा रामभक्तो का स्वागत किया गया। महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, राजीव रंजन मिश्रा, कई पुलिस प्रशासन ने इफ्तार में शामिल होकर स्वागत कर रहे। इसी तरह दर्जनों मुस्लिम संगठन ने स्वागत शिविर लगा कर जुलूस का स्वागत किया।

## हिंदपीढ़ी और लेक रोड पर डीसी व एसएसपी ने खुद संभाला मोर्चा

रांची। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची किशोर कौशल मेन रोड, एकरा मस्जिद (हिंदपीढ़ी) और लेक रोड में उपस्थित रहे। यहाँ से गुजरने वाले सभी जुलूस की मॉनिटरिंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची मौजूद हो कर लगातार अपनी नजर बनाए हुए थे।देर शाम तक भीड़ उमड़ चुकी थी। लेकिन शाम साढ़े छह बजे के हुए बारिश ने भीड़ को कम किया।



## रामभक्त ने हनुमान को कांधे पर उठाया, कहा - जय श्री राम

रांची। मेन रोड शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर श्री राम वानर सेना के मंच पर राम भक्तों की भीड़ देखने को मिली। तो वही एक बच्चा हनुमान की वेशभूषा बनाकर मंच पर आ गया, जिसे राम भक्तों ने अपने कांधे पर उठा लिया और जय श्री राम का उद्घोष से नारे लगाने लगे । कहा की श्री रामनवमी में श्री राम की जहां हम नाम लेते हैं तो श्री हनुमान के बगैर एक अधूरा लगेगा , इसलिए श्री राम श्री हनुमान के नारे से पूरा शहर गुंजन में हो और इसी के साथ लोगों ने जमकर जय श्रीराम के नारे लगाते रहे।



## रांची में जियो और जीने दो के नारे से साथ अहिंसा रन दो अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महावीर जयंती दो अप्रैल पर रांची में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो ) महिला शाखा, सम्पूर्ण भारतवर्ष के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का एक भव्य आयोजन करेगा, जो मोरहाबादी से शुरू होकर कांके होते हुए मोरहाबादी में ही खत्म होगी। अहिंसा रन के जरिये विश्व शांति और अहिंसा का संदेश दिया जायेगा। अहिंसा रन में हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट www.ahimsarun.com पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। अहिंसा रन के तीन चरण होंगे, जिनमें सबसे कम तीन किमी, पांच किमी और दस किमी है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रांची जीतो महिला शाखा, जीतो मेन और जीतो यूथ बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।रजिस्ट्रेशन कराने के लिए तीन किमी वाले को 300 रुपये, पांच किमी वाले को 400 रुपये और 10 किमी वाले को 500 रुपये देने होंगे। यह एक मैराथन दौड़ होगी। अगर दौड़ नहीं सकते तो चल भी कर सकते हैं। अहिंसा और शांति का संदेश देने के लिए भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि विश्वभर के 23 देश, जीतो के 65 चैप्टर्स एक साथ एक ही समय पर मैराथन (रन) स्टार्ट करेंगे। इस आयोजन के जरिए एक ही दिन में कई जगहों पर 'जियो और जीने दो' के नारों के साथ लोग अहिंसा रन में दौड़ते दिखेंगे। इसका उद्देश्य भारी संख्या में लोगों को इस दौड़ से जोड़कर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करना है।

## श्री रामनवमी को शांति पूर्वक संपन्न कराने वाले सभी का आभार: मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** श्री रामनवमी मोहत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल राँची के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य मार्ग से होते हुए तपोवन मंदिर में भगवान श्री राम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने श्री रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में निकली गई शोभायात्रा शान्तिपूर्व एवं सफल सम्पन्न कराने में सभी क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता एवं अखाड़ाधारियों के प्रति आभार व्यक्त किया । मिश्रा ने बताया कि लाखों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए महाबली



हनुमान के भक्तों को श्री रामनवमी महोत्सव के प्रति आभार व्यक्त किया एवं स्वागत शिविर लगाने वाले सर्व धर्म के लोगो एवं सामाजिक संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस मौके पर महापौर डा आशा लकड़ा सहित कई रामभक्त शामिल थे।

## सेल ने दिव्यांगो के बीच उपकरण वितरित किए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल रांची ने एलिम्को के सहयोग से अपनी सीएसआर पहल के तहत नामकुम ब्लॉक कार्यालय परिसर, रांची जिला में सेल-आरडीसीआईएस, रांची की सीएसआर पहल के तहत 28 मार्च 2023 को वितरण के दूसरे चरण का आयोजन किया गया । 24 और 25 फरवरी, 2023 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में पहचाने गए 53 लाभार्थियों के बीच मोटर चालित तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, सेरेब्रल पाल्सी चेयर, कोहनी और सहायक क्लच और श्रवण यंत्र जैसे कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए।

इस अवसर पर राजेश कच्छप, (खिजरी विधान सभा विधायक), . जी एस जायसवाल नामकुम प्रखंड के प्रखंड विकास अधिकारी व नामकुम प्रखंड के अन्य प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित थे. सेल के इस कार्यक्रम में एस जे चक, मुख्य महाप्रबंधक (पी एंड ए) सेल इकाइयां रांची, पंकज प्रिया, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा), एस साहा, सहायक महाप्रबंधक (आरडीसीआईएस) और अनीश पीए (वरिष्ठ प्रबंधक आरडीसीआईएस) उपस्थित थे। कार्यक्रम में एलिम्को के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। वितरित किए गए सभी उपकरण एलिम्को, भारत द्वारा निर्मित किए गए हैं।

## बरियातू थाना के पास चना-शरबत का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :**जन अधिकार पार्टी के कांके विधानसभा प्रत्याशी राजेश रजक द्वारा बरियातू थाना के समीप चना पर्वत का वितरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल भक्तों के लिए या पुण्य का असीम अवसर है। मौके रोशन कुमार, लक्ष्मण कुमार, तुलसी रजक, प्रथम पाल सेठी आदि उपस्थित थे। सन्नी टोप्पो ने किया स्वागत- राम भक्तों का स्वागत के लिए मांडर



विधानसभा क्षेत्र के पूर्व उम्मीदवार और वर्तमान में भाजपा के कद्दावर युवा नेता के रूप में शनि टोप्पो ने भी शिविर लगाया और अपने क्षेत्र में राम भक्तों के बीच चना सरबत आदि का वितरण किया। सन्नी ने कहा कि सौहार्द एकता और भाईचारे का साथ रामनवमी मनाया जा रहा है, यह बहुत ही खुशी का पल है और अब तक विश्वास था भाईचारा कायम है और भविष्य में भी कायम रहेगा। राजनीतिक संगठनों ने लगाया शिविर- शायद अल्बर्ट एक्का चौक पर राम भक्तों के स्वागत के लिए जिला प्रशासन के द्वारा मंच स्थापित किया गया था, तो इसके साथ ही कई राजनीतिक दलों ने भी अपना मंच लगाकर राम भक्तों का स्वागत किया। जिसमें भाजपा ,झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद भी शामिल था । इसके अलावा सामाजिक संगठनों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में शिविर लगाकर चना सरबत मिठाईयां बांटकर सौहार्द एकता और भाईचारे का पैगाम देते हुए नजर आए। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से मुस्ताक आलम, हेमलाल मुर्मू ,जितेंद्र गुप्ता सहित अशरफ, इब्राहिम , नौशाद ,बबलू ,डब्लू , सहित कई लोग शामिल थे।

## जन विरोधी कार्य कर रही है केन्द्र सरकार : अजय नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को गलत तरीके से संसद की सदस्यता रद्द करने एवं केन्द्र की मोदी सरकार की संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नगड़ी एवं रातु प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा दलादिली चौक, रिंग रोड में ''जय भारत सत्याग्रह'' कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस सत्याग्रह कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के सैंकड़ों नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने सत्याग्रह को संबोधित करते हुए कहा की मोदी सरकार ने तानाशाही की सारी हदें पार कर दी है। भारत जोड़ा यात्रा की अपार सफलता एवं मोदी सरकार के पूंजीपति मित्र अडानी-अबानी को अनुचित लाभ दिलाने के मुद्दे को राहुल गांधी द्वारा प्रमुखता से उठाये जाने से मोदी सरकार बौखलाई गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार संविधान और जन विरोधी कार्य कर रही है। सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। जिसका उदाहरण राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाना है। कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी शिव कुमार भगत, महिला जिलाध्यक्ष मेरी तिर्की, विनय सिन्हा, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहावीर लोहरा, महिला अध्यक्ष उषा देवी, संजय कुमार, रश्मि पिंगुआ, अख्तर अंसारी, तरुण तिर्की, पूर्व मुखिया कुशल उरांव, ऐनुल हक, अतुल राज ठाकुर, महताब आलम, कृजवन महतो, मकसूद अंसारी, सोमा उरांव, माहिर अंसारी, विनीता एक्का, आर्गन खलखो, ईश्वर आनंद, संजय सरैया, परमेश्वर सिंह, पिकलू चटर्जी, तुलसी खरवार, मनोज तिर्की, एनामुल अंसारी, शकील अंसारी, परवेज अंसारी, फिरोज आलम, नीलम तिग्गा, जतरी देवी, लक्ष्मी देवी, शक्ति महतो, महावीर उरांव, बसंत बाखला, सुजीत मुंडा, अबुजर आलम, महादेव टोप्पो, चमरू उरांव, रवि राम एवं सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए 15 अप्रैल तक मांगे गए आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के लिए आवेदन मंगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी 24 जिलों में 15 अप्रैल तक आवेदन दिए जाने की अपील जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से की जा रही है।खूंटी, सिमडेगा सहित अन्य जिलों ने तो बाकायदा विज्ञापन जारी कर खिलाड़ियों से इसका लाभ उठाने को कहा है। राज्य के ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 10 जून, 2022 के बाद अंतर्राष्ट्रीय, भारतीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किया हो, उन्हें सम्मान राशि का लाभ राज्य की नयी खेल नीति के आधार पर मिलेगा। यहां तक कि अगर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी भी हुई हो तो राज्य सरकार उन्हें लाभान्वित करेगी।

जिला खेल पदाधिकारी के स्तर से यह भी बताया जा रहा है कि जिले या खेल विभाग की वेबसाइट से योग्य खिलाड़ी आवेदन पत्र प्राप्त कर खेल विवरणी के साथ निर्धारित अवधि तक अपना आवेदन डीएसओ कार्यालय में जमा कर दें।

## मुख्यमंत्री ने रामनवमी की दी शुभकामनाएं



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रामनवमी के पावन पर्व पर सभी को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन मानव प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग और मर्यादा का अद्भुत संदेश देता है। प्रभु श्री राम के आदर्श सदियों तक सभी को प्रेरणा देते रहेंगे।

## रांची : लॉटरी प्रक्रिया से मछली-मांस बेचने वालों को वेंडर मार्केट में किया जाएगा शिफ्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रांची नगर निगम ने लालपुर-कोकर सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों, मांस-मछली विक्रेताओं को डिस्टलरी पुल के नीचे बने लालपुर वेंडर मार्केट में शिफ्ट किया जायेगा। एक अप्रैल को निगम कार्यालय के आठवें तल्ले पर दोपहर 12 बजे लॉटरी सिस्टम की प्रक्रिया अपनाएगी। इसके जरिये 74 मांस, मछली विक्रेताओं को चबूतरा का आवंटन करेगा। इन 74 विक्रेताओं को नगर विक्रय समिति द्वारा निरीक्षण, अनुशंसित और अनुमोदित किया गया था। निगम ने इन सभी अनुशंसित




विक्रेताओं को आधार कार्ड एवं सर्वेक्षण पावती के साथ एक अप्रैल को लॉटरी सिस्टम में भाग लेने को निगम कार्यालय बुलाया है। जिन 74 लाभुकों का नाम लॉटरी के लिए तय किया गया है, उसकी लिस्ट निगम की वेबसाइट www.ranchimunicipal.com पर जारी की जा चुकी है। काफी लंबे समय से यह मांग हो रही थी कि डिस्टलरी पुल के आसपास सब्जी बाजार, मीट- मछली की दुकानों के चलते लालपुर-कोकर रोड जाम हो जाता है जो बेहद कष्टदायक होता है। खासकर ऑफिस, स्कूल जाने- आने के समय पर। ऐसे में इसके निदान के लिए नगर निगम ने रोड पर सब्जी, मीट मछली बेचने वालों का सर्वे कराया। अब इसी आधार पर चिन्हित लाभुकों को लॉटरी सिस्टम के जरिये डिस्टलरी पुल के ही समीप बने वेंडर मार्केट में बैठने को चबूतरा दिया जा रहा है। इससे लालपुर-कोकर का ट्रैफिक लोड घटेगा और मीट मछली विक्रेताओं को भी कारोबार करने को एक सुरक्षित जगह मिलेगी। साथ ही आम लोगों को भी आने-जाने के लिए सुविधा होगी।

## झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी। राजधानी रांची से इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। फिलहाल रांची के लिए 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसों की खरीद की स्वीकृत दी गई है। केंद्र सरकार के सुझाव पर यह सेवा शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था। रांची में बसों का परिचालन मंत्रालय के सुझाव के अनुसार पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भाड़ा भी तय कर दिया गया है। यात्रियों से फिलहाल कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 20 रुपये किराया लिया जायेगा। योजना के अनुसार रांची और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए 244 बसों की जरूरत है। सर्वे के अनुसार बसों के परिचालन पर कुल लागत 42.1 रुपये प्रति किमी आयेगी। बसों के परिचालन से 44.8 रुपये प्रति किलोमीटर की कमाई होगी। इस हिसाब से 17.3



रुपये प्रति किलोमीटर का घाटा होगा।

वर्तमान में इन बसों का परिचालन पूर्व निर्धारित 13 रूटों पर किया जायेगा। रास्ते में 110 पड़ाव होगा। पहले मेन रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर इन बसों का परिचालन किया जाएगा। एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए चौड़ी सड़कों की जरूरत है। एसी बसों की लंबाई भी सामान्य सिटी बसों से ज्यादा होती है। ऐसे में रांची नगर निगम भी 220 सामान्य सिटी बसों की खरीदारी करेगी। राज्य सरकारी कि पिछली कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

## छात्रवृति योजना को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति/ पिछड़ी जाति / प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना 2022 के तहत् वित्तीय वर्ष 2022-23 में योग्य छात्र / छात्राओं को छात्रवृति भुगतान हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी प्रबंधक अग्रणी बैंक, जिला सुचना पदाधिकारी तकनिकी सदस्य, रांची सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची द्वारा बताया गया कि सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिलान्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति / प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना 2022-23 में डीए एप्रुवड योग्य छात्र / छात्राओं को छात्रवृति स्वीकृति / भुगतान का अनुमोदन जिला स्तरीय गठित अनुमोदन समिति द्वारा की जानी है। प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना 2022-23 के तहत ई-कल्याण पोर्टल पर राज्य में 76940 एवं दूसरे राज्यों 0 कुल 76940 छात्रों द्वारा पूर्ण रूप से ऑनलाईन आवेदन प्राप्त है। परियोजना निदेशक सह उपाध्यक्ष परियोजना निदेशक आईटीडीए, राँची एवं सदस्य सचिव जिला कल्याण पदाधिकारी, रांची को सर्वसम्मति से प्राधिकृत किया गया।

प्रभात मंत्र
पाकुड़
रांची, शुक्रवार, 31 मार्च 2023 | पेज 4

## झलकियां

### किंग्स इलेवन जूनियर पर कैप की आसान जीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मैच में गुरुवार को क्रिकेट एकेडमी पाकुड़ (कैप) ने किंग्स इलेवन जूनियर पर आसान जीत हासिल कर लिया। कैप ने किंग्स इलेवन जूनियर को एकतरफा मुकाबले में 8 विकेट से पराजित कर दिया। पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए किंग्स इलेवन जूनियर की टीम ने 84 रन बनाया। आसान और मामूली योग पर सभी विकेट गंवा बैठे। कैप की टीम ने महज 16 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। कैप ने सिर्फ 2 विकेट ही गंवाए। कैप के गेंदबाज अनमोल को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। अनमोल ने हैट्रिक के साथ चार विकेट चटकाए। किंग्स इलेवन जूनियर को महज 84 रन के कुल योग पर सिमटने में अनमोल की अहम भूमिका रही। अनमोल की धारदार गेंदबाजी के सामने किंग्स इलेवन जूनियर के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। वहीं आशुतोष यादव एवं आयुष वर्मा ने अंपायर एवं स्कोरर की भूमिका निभाया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव वीरेंद्र पाठक, उपाध्यक्ष प्रणय तिवारी, कोषाध्यक्ष गणपत सिंह, पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रशिक्षक रणवीर सिंह रानू, सह प्रशिक्षक पिंकू मंडल, टीम मैनेजर प्रीतम सिंह, सनी कुमार, नरेश मध्यान आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट का आयोजन जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय अंडर-16 टीम का चयन होगा।

### इंसानियत फाउंडेशन की पहल से बची दो जिंदगियां, अजहर व शमीम बने रक्तवीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : नेक इरादे इंसान को दूसरों के लिए जीना सिखाती है। इंसानियत फाउंडेशन इसका जीता जागता उदाहरण है। ब्लड डोनेशन के लिए यह नाम आज लोगों के जुबां पर है। किसी को कभी भी, कहीं भी ब्लड की जरूरत पड़ने पर इंसानियत फाउंडेशन से जुड़े युवाओं की टोली जी जान से लग जाते हैं। फाउंडेशन के पहल पर ही एक बार फिर दो जिंदगियां बची है। माहे रमजान में इस नेक काम में सदर प्रखंड के इलामी गांव के अजहर शेख एवं मो. शमीम अख्तर रक्तवीर बने हैं। जिन्होंने दो मरीजों के लिए रक्तदान किया। मिली जानकारी के मुताबिक रासेदा बीवी और मिटू मंडल नामक मरीज अस्पताल में भर्ती थे। जिन्हें रक्त की सख्त जरूरत थी। इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानिज शेख एवं कोषाध्यक्ष फरजान शेख को परिजनों से इसकी सूचना मिली। दोनों के पहल पर इलामी के युवा अजहर शेख एवं मो. शमीम अख्तर ब्लड डोनेट के लिए तैयार हो गए। दोनों ने पाकुड़ पहुंचकर ब्लड बैंक में रक्तदान किया। इसके बाद डॉक्टरों ने मरीजों को ब्लड चढ़ाया। इलामी के दोनों युवाओं का परिजनों ने धन्यवाद किया। वहीं ब्लड डोनर अजहर शेख एवं मो. शमीम अख्तर सहित इंसानियत फाउंडेशन की सराहना हो रही है। इस नेक काम में आजाद शेख, बजले अहमद, सरफराज शेख आदि की भी सराहनीय भूमिका रही।

# युवाओं को नौकरी देने में परहेज करती रहीं हैं कोल कंपनियां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : पांच वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अमड़ापाड़ा में बीजीआर और डीबीएल कोल कंपनी ने कोयला उत्खनन और सम्प्रेषण शुरू किया। स्थानीय बेरोजगारों को एक लंबे अंतराल के बाद जो आशा रोजगार के किरण के रूप में झलकी थी, उसमें उक्त दोनों कंपनियों ने स्थानीय बेरोजगारों को निराश किया। दोनों कंपनियों ने यहां के बेरोजगारों के साथ घिनौना मजाक जैसे करतूतों को भी करने से गुरेज नहीं की।उदाहरण के तौर पर इन कंपनियों ने नौकरी दिलाने के नाम पर एएफएस इंटेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सिक्युरिटी एजेंसी ने सिक्युरिटी गार्ड के लिए कुछ युवाओं को बुलाया। बीते 14 मार्च को उन युवाओं को चयनित घोषित करते हुए वर्दी भी उपलब्ध कराई। अंदर ही अंदर क्या खिचड़ी पकी की युवाओं को बेआबरू कर उपलब्ध कराई गई वर्दी कुछ घंटे में वापस ले ली।जैसे किसी के सामने थाली परोस कर खींच ली जाए। ऐसी मनःस्थिति में बेरोजगार हुए सभी युवा किंकर्तव्य विमूढ़ सा दिखे।एक बार पुनः 28 मार्च चयन प्रक्रिया के लिए युवाओं को बुलाया गया। बेरोजगारी का दंश झेलते सैकड़ो युवा कंपनी कार्यालय पहुंचे, जहां कड़ी धूप में उन्हें दो बजे तक इंतजार कराया गया। उसके बाद कंपनी ने अपना कार्यालय बंद कर दिया और गोपनीय तरीके से सभी कर्मचारी नौ दो ग्यारह हो गए। एक तो बेरोजगारी की मार उसपर किसी कंपनी द्वारा युवा मन को दिए जाने वाले इतने जिल्लत के बाद नाराज युवकों ने कोयला परिवहन को ठप कर दिया। बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक ने युवकों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लगातार मानसिक रूप से ठगे जा रहे युवाओं ने पदाधिकारियों की बातों को सुनने से इनकार कर दिया।

नतीजन सड़क जाम चलता रहा। यहां तक की नाराज बेरोजगार जवानों ने सड़क पर ही खाना बनाकर खाना और अपनी दैनिक दिनचर्या को शुरू कर दिया। बात स्पष्ट थी कि युवकों के दिल को इतनी चोट लगी थी कि जाम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए वे संकल्पित थे। नतीजन सत्ताईसवें घंटे में प्रशासन को समझा बुझाकर जाम हटाने में सफलता मिली। लेकिन डब्लूबीपीडीसीएल और बीजीआर के अधिकारी रामशीष चटर्जी तथा संजय बेसरा ने अगले 15 अप्रैल तक युवकों द्वारा प्रस्तुत डिमांड को बिंदुवार हल करने का आश्वासन दिया। युवकों ने भी असंतोष के बाद भी एक और मौका कोल कंपनियों को दिया और कोयला परिचालन शुरू हो गया। लेकिन इससे पहले भी पैनम कोल माइंस ने भी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार न मिलने का असंतोष गहरा रहा था।इसबार भी इन दोनों कंपनियों ने कई बार तो बातचीत की, लेकिन पता नहीं स्थानीय बेरोजगारों को डायरेक्ट रोजगार देने में इन कंपनियों को परहेज क्यों है।

कोल कंपनियों की ऐसी रवैए से उनके मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई बार पैनम के समय से ही यहां की कोयले की क्वालिटी और उसपर तय रॉयल्टी पर बात उठ चुकी है। कहीं न कहीं इनसब बातों की विवेचना करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कोयले की खनन से जुड़ी कई अनियमितताएं स्थानीय स्तर पर लोगों पर पता न चल सके, इसलिए स्थानीय बेरोजगार युवकों को सीधे रोजगार देने में इससे पहले और अभी की कंपनी भी उदासीनता दिखा रही है।हालांकि कुछ बिचौलिए सरीखे लोग जो विभिन्न व्यवसाय से जुड़े हैं, कहते तो यहां तक है कि कलमकारों की भी इसमें उपस्थिति है। ऐसे लोग नहीं चाहते कि स्थानीय बेरोजगार कंपनी में घुसे और सभी बातें जान सके। ऐसे स्थानीय बेरोजगार अब इतने आंदोलित हो चुके हैं कि कंपनी की तो बात ही छोड़ दें, समय आने पर रोजगार के नाम पर स्थानीय बिचौलियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। बात जो भी हो फिलवक्त कोयले का खनन, परिवहन और सम्प्रेषण चल रहा है। लेकिन 15 अप्रैल तक का इंतजार है।

## रामनवमी को लेकर महेशपुर में निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर** : रामनवमी पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर गुरुवार को महेशपुर थाने के पुअनि शैलेन्द्र नायक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकलते हुए भगत सिंह चौक,मुस्लिम टोला,अंबेडकर चौक का भ्रमण करते हुए पुनः थाना पहुँची।वही भ्रमण के दौरान पुलिस ने लोगों से शांति व सदभाव के साथ मिलजुल कर त्योहार मनाने की अपील की।पुलिस ने बताया कि रामनवमी के दौरान शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।साथ ही ये भी कहा कि जो व्यक्ति उलंघन करते पाए जाने वाले वैसे उपद्रवी के खिलाग कड़ी करवाई की जाएगी।

## बदमाशों ने फेरीवाला से की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र सवांददाता)** : गांव गांव घूमकर एक फेरीवाला को गुरुवार शाम तीन बदमाशों ने मिलकर साहेबगंज- गोविंदपुर एक्सप्रेस हाइवे पर सुरजबेड़ा के समीप रुपया व मोबाइल छीनकर भाग गया।उक्त मामले को लेकर फेरीवाला पाकुड़ के शाहरकोल निवासी राम चन्द्र प्रसाद ने थाने में दर्ज कराया है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार प्रतिदिन की भांति फेरीवाला अपने बाइक से अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र से अपना सामान बेचकर लोट रहा था कि सुरजबेडा फुटबॉल मैदान के समीप कुछ मनचले बदमाश युवको ने उसे रोक तीन हजार रुपया व मोबाइल छीन लिया।वही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि थाना में घटना का मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम छापामारी कर रही है।

# सत्ताईस घंटों के बाद चालू हुआ ठप कोयले का परिचालन

### लंबे प्रशासनिक कवायद के बाद बनी बात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा** : लंबे प्रशासनिक मशक्कत के बाद करीब सत्ताईस घंटे बाद ठप पड़ी कोयले की ढुलाई शुरू हुई । उल्लेखनीय है कि बीजीआर और डीबीएल कोल प्रबंधन से रोजगार की मांग को ले सड़क पर उतरे क्षेत्र के बेरोजगार युवकों ने पीपीएल मोड़ के निकट कोल लिंक पथ पर कोयला परिवहन में लगी डंपरों का चक्का जाम कर दिया था । बड़ी तादाद में मौजूद बेरोजगार युवकों को रिझाने और राजी कर लेने का कवायद बुद्धवार को शाम पांच बजे सफल हुआ । बेरोजगारों ने बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण यादव सहित डब्लूबीपीडीसीएल और बीजीआर के अधिकारी रामाशीष चटर्जी व संजय बेसरा की उपस्थिति में विभिन्न तरीकों से रोजगार देने संबंधी अपना डिमांड सौंपा । अगले 15 अप्रैल तक डिमांड में उल्लिखित बिंदुओं की प्रक्रिया पर पहल किए जाने की शर्त पर युवकगण मान गए और कोयले का परिचालन पुनः बहाल हुआ । हालांकि पिछले चौबीस घंटों के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और कंपनी के अधिकारियों व कर्मियों को बेरोजगार युवाओं के असंतोष का सामना करना पड़ा । बेरोजगार खिचड़ी पका , रात गुजार अपने स्टैंड पर अड़े रहे । प्रशासन व कंपनी के खिलाफ नारेबाजी भी की गई । बीजीआर के पीआरओ संजय बेसरा ने बताया कि कोयला परिवहन के ठप रहने से कंपनी व सरकार को करोड़ों का घाटा हुआ । इनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार किया जाएगा । वहीं बीडीओ ने बताया कि इस मामले में डब्लूबीपीडीसीएल व बीजीआर के मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दे दिया गया है ।

# फॉलोअप : पोल्ट्री फॉर्म में मुर्गियों की मौत मामले में विभागीय जांच शुरू, पोस्टमार्टम कर जांच के लिए भेजा गया सैंपल

अबुल काशिम@प्रभात मंत्र

**पाकुड़** : सदर प्रखंड के झिकरहटी पूर्वी पंचायत अंतर्गत कांकरबोना गांव में निजी संस्थान के द्वारा संचालित पोल्ट्री फॉर्म में मुर्गियों के अचानक मौत की खबर को पशुपालन विभाग ने गंभीरता से लिया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश कुमार भारती ने टीम गठन कर जांच शुरू कर दी है। गठित टीम ने मरे हुए मुर्गियों में से दो मुर्गी का पोस्टमार्टम कर ब्लड सैंपल जांच के लिए रांची लैब भेज दिया है।

मुर्गियों की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए टीम गंभीरता से काम कर रही है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि मुर्गियों की मौत की वजह क्या रही है। इधर पूर्व मुखिया रफीजुद्दीन शेख के मुताबिक संस्थान के कर्मियों के द्वारा मुर्गियों के लिए खाने का सामान पहुंचाया गया था। जिसे खिलाने के बाद से मुर्गियां एक के बाद एक मरने लगी। तकरीबन दो सौ मुर्गियों की मौत अब तक हो चुकी है। जिला पशुपालन पदाधिकारी के निर्देश पर उन मुर्गियों को नमक एवं चूना मिलाकर गड्ढे में डालकर मिट्टी से ढक दिया गया है।

ताकि संभावित किसी तरह की बीमारी नहीं फैले। इधर विभाग की टीम मुर्गियों को दी गई खाने के सामानों की भी जांच करेगी। अगर खाने में किसी तरह की गड़बड़ी पाई गई तो मुर्गियों के मरने का यह भी कारण माना जा सकता है। इसके बाद विभाग आगे की कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की निजी संस्थान शालीमार के द्वारा ग्रामीण इलाकों में इकरारनामा कर पोल्ट्री फॉर्म खोला जा रहा है। इसी कड़ी में कांकरबोना गांव में भी पोल्ट्री फॉर्म खोला गया है। पूर्व मुखिया रफीजुद्दीन शेख के मुताबिक मुर्गी का चूजा संस्थान के द्वारा दिया गया था। जिसकी देखरेख की जिम्मेवारी संस्थान के कर्मियों की है। कर्मियों के द्वारा ही खिलाने और जरूरत पड़ने पर दवा देने का काम किया जाता है। पिछले करीब दस दिन पूर्व में ही कर्मियों ने मुर्गियों को खिलाने के लिए सामान दिया था। जिसे खिलाने के बाद से ही मुर्गियों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया।



पोल्ट्री फॉर्म में एक साथ डेढ़ सौ मुर्गियों की मौत, ग्रामीणों में खौफ

ग्रामीणों में अनजान बीमारियों की सता रही आशंका

तकरीबन 200 मुर्गियों की मौत अब तक हो चुकी है। इधर इस खबर को 25 मार्च के अंक में प्रभात मंत्र अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसे पशुपालन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। जिला पशुपालन पदाधिकारी कमलेश कुमार भारती ने बताया कि पोस्टमार्टम कर सैंपल लैब भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुर्गियों को खिलाने के लिए जो सामान दिया गया था, उसकी भी जांच कराई जाएगी। अगर उसमें गड़बड़ी पाई जाती है तो रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

# असम पुलिस ने तोड़ाई से गुमशुदा लड़की को किया बरामद

## फेसबुक पर हुई थी दोस्ती, तोड़ाई के लड़के से भाग कर की थी शादी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हिरणपुर** : थाना क्षेत्र के तोड़ाई से असम पुलिस ने 3 माह पूर्व लापता हुई युवती को बुधवार को बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार असम (गोहाटी) के पटाशीलम थाना क्षेत्र के एक युवती को हिरणपुर थाना क्षेत्र के एक युवक से फेस बुक के माध्यम से दोस्ती हो गया था। जिसके बाद दोनों युवक युवती की दोस्ती प्यार में बदल गया। वहीं युवती तीन माह पूर्व अपने घर से भाग कर युवक का घर तोड़ाई आ गई। दोनों ने शादी कर ली। दोनों एक दूसरे के साथ रह रहे थे। इसको लेकर युवती की मां ने अपने थाना में अपनी बेटी की मिसिंग होने का केस दर्ज कराई थी। आसाम के (गोहाटी) पाटासिलम थाना के पुलिस और एक महिला पुलिस व एस आई ऋतुपर्ण गोगई मोबाइल लोकेशन के माध्यम से बुधवार हिरणपुर थाना पहुंचे। वहीं स्थानीय पुलिस की मदद से युवक के घर तोड़ाई पहुंच कर युवती को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं युवती ने अपनी मां व असम पुलिस के समक्ष लड़का के साथ रहने से साफ इंकार कर दिया। इस संबंध में असम (गोहाटी) पटासिलम के एस आई ने बताया कि लड़की के मां के द्वारा थान में मिसिंग केस कर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसको लेकर हिरणपुर थाना क्षेत्र के तोड़ाई मोबाइल लोकेशन के माध्यम से आया और यहां के थाना के मदद से लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया है।



# जागरुकता रथ को उप विकास आयुक्त ने किया रवाना

## लोगों से अपील, वोटर कार्ड को आधार से करें लिंक

**मतदाता घर बैठे ही जोड़ सकेंगे वोटर कार्ड से आधार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने को लेकर बुधवार को समाहरणालय परिसर से जागरुकता रथ को उप विकास आयुक्त मो0 शाहिद अख्तर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।डीडीसी ने बताया कि यह जागरुकता रथ जिले के सभी 06 प्रखंडों सहित सभी पंचायतों में जाकर आमलोगों को उनके वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने के लि?ए जागरूक करेगा। अपना वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जुड़ने के लिए फार्म-06 बी में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। इसके अलावा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पूरे समाहरणालय परिसर में साफ सफाई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वासी,जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय दास,उपनिर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद दास समेत अन्य उपस्थित थे।




# आंगनबाड़ी केंद्रों को मिलने वाली फर्नीचर पर बिचौलियों की नजर

## भवन वाले केंद्रों को फर्नीचर के लिए मिलेंगे 6000, सेविकाएं खुद करेंगी खरीदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़** : आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में बिचौलियों की नजर पड़ गई है। नौनिहालों को स्कूल पूर्व शिक्षा और पौष्टिक आहार के साथ-साथ खिलौने एवं अन्य सामग्री केंद्र में उपलब्ध कराया जाता है। केंद्रों में रंग बिरंगे फर्नीचर भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए विभाग को सरकार के द्वारा राशि भी भेज दी गई है। लेकिन नौनिहालों को फर्नीचर के रूप में मिलने वाली सुविधाओं पर बिचौलियों की बुरी नजर पड़ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों को 6,000 रुपए का आवंटन मिलेंगे। इन्हीं रुपयों में से केंद्र में बच्चों के लिए फर्नीचर खरीदना है। इसकी खरीदारी केंद्र की सेविकाएं खुद करेंगी। सेविकाओं के द्वारा खरीदारी के पश्चात भावचर जमा कराया जाएगा। जिसके बाद सेविका के अकाउंट में राशि भेजी जाएगी। या फिर राशि भेजने के बाद सेविकाएं फर्नीचर की खरीदारी करेंगे। लेकिन सूत्रों का दावा है कि बिचौलिए सांठगांठ कर खुद फर्नीचर की खरीदारी कर विभाग के माध्यम से केंद्रों में भेजने की तैयारी कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि केंद्र में फर्नीचर बिचौलियों के द्वारा भेजने की तैयारी भी कर लिया गया है। विभागीय कार्यालय में अंदर खाने गुपचुप तरीके से काम किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फर्नीचर सेविकाओं को खुद खरीदना है। लेकिन बिचौलिए विभाग से मिलकर केंद्र को सप्लाई करने की योजना बनाई है। अपने से फर्नीचर खरीद कर केंद्र में भेजने का काम शुरू करने की फिराक में है। पाकुड़ सदर प्रखंड के कई आंगनबाड़ियों की सेविकाओं ने नाम ना छापने के शर्त पर बताया कि उन्हें चुपके से कार्यालय बुलाया जा रहा है। फिर सादे भावचर में केंद्र का स्टांप और सिग्नेचर लिया जा रहा है। वहीं 6,000 रुपए का ब्लैंक चेक भी मांगा जा रहा है। ताकि ब्लैंक चेक का यूज़ विचोलियां अपने मन मुताबिक कर सकें। इसमें सेविकाओं में अंदर ही अंदर रोष है। लेकिन विभाग के प्रति खुल कर रोष व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। मजबूरियों में दर्जनों सेविकाओं ने भावचर में मोहर और सिग्नेचर भी कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रों को घटिया क्वालिटी का फर्नीचर भेजने की योजना है। हालांकि यह जांच का विषय है। इधर सीडीपीओ चित्रा यादव ने कहा कि सेविकाओं को खुद से फर्नीचर खरीदना है। इसके लिए उन्हें भावचर देना होगा। वहीं सादे भावचर में सेविकाओं के सिग्नेचर को लेकर कहा कि बहुत सारी फॉर्मेलिटी पूरा करना होता है। यह भी उसी फॉर्मेलिटी का पहलू है।



# अंतिम दिन रामकथा में जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा पंडाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया** : हनुमान मंदिर पाकुड़िया में रामनवमी महोत्सव पर आयोजित रामकथा के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार रात्रि को राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के खूब जयकारे लगाए। कथा वाचक गौतम जी महराज ने राम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि भगवान शंकर का पिनाक धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा किया कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी देश के राजा और महाराजाओं को निमंत्रण पत्र भेजा। समारोह में अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र रामचंद्र एवं लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र के साथ उपस्थित हुए। यहां राजा जनक घोषणा करते हैं कि भगवान शिव के धनुष को जो तोड़ेगा, वही सीता से विवाह करेगा। एक- एक करके तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई इसे हिला तक नहीं सका। यह सूचना पाकर राजा जनक क्रोधित हो जाते हैं और कह देते हैं कि क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली है। यह शब्द लक्ष्मण को चुभ जाते हैं और क्रोधित होकर क्षत्रियों के इतिहास का बखान करते हैं। विश्वामित्र उन्हें शांत कर प्रभु राम को धनुष तोड़ने की आज्ञा देते हैं। तुलसीदास जी कहते हैं कि राम ने धनुष कब उठाया, कब चढ़ाया और कब खींचा, तीनों काम इतनी फुर्ती से किए कि किसी को पता ही नहीं लगा। सबने राम को धनुष खींचे खड़े देखा। उसी क्षण राम ने धनुष को बीच से तोड़ डाला। भयंकर कठोर ध्वनि सब लोकों में छा गई। शिव धनुष तोड़कर भी राम सहज ही रहे। सफलता की चरम सीमा पर भी विनम्र बने रहना सज्जनों का गुण है। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवता फूलों की वर्षा करने लगे। इस अवसर पर यहां सीता स्वयं वर,शिव धनुष तोड़ने और राम सीता विवाह का झांकी प्रदर्शन किया गया जिसे देख लेग मंत्र मुग्ध रह गए।

### भगवा रंग से पटा लिट्टीपाड़ा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा

**लिट्टीपाड़ा (प्रभात मंत्र सवांददाता)** : प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को रामनवमी पर्व के शुभ अवसर पर लिट्टीपाड़ा तिलका मांझी चौक स्थित बजरंगबली मन्दिर में भक्तों द्वारा पुजा अर्चना किया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के करणघाटी, बड़ा सरसा, पतरापाड़ा, तालपहाड़ी, डुमरिया, धरमपुर बंग्ला, करियोडीह सहित सभी बजरंगबली मंदिरों में राम भक्तों ने जय हनुमान व जय श्री राम लिखा ध्वज लेकर ध्वजारोहण कर पुजा-अर्चना किया।वहीं सह परिवार सुख-शांति,धन व्यापार, विधि व्यवस्था,स्वास्थ्य रहने की कामना बाबा से किया।वही बजरंगबली मंदिरों में रामभक्तों ने जय श्री राम,जय बजरंबली के जयकारा लगाया। जयकारे से पुरे लिट्टीपाड़ा भक्ति पूर्ण माहौल रहा। लिट्टीपाड़ा में माहौल सुबह से ही चौक चौराहों में रामनवमी पर्व को लेकर बाजारों में चहल-पहल देखा गया। रामनवमी को लेकर बजरंग बली धवज से दुकानें सजी रही।

## निबव होम एलीवेटर्स ने जमशेदपुर में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोला



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश का सबसे लोकप्रिय और भारत का एकमात्र टीयूवी एसयूडी प्रमाणित होम लिफ्ट ब्रांड निबव होम एलीवेटर्स ने जमशेदपुर में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित करके झारखंड राज्य में अपने प्रवेश की घोषणा की। जवाहर नगर में स्थित 1000 वर्ग फुट के केंद्र में निबव के सबसे सुरक्षित और सुरुचिपूर्ण ढंग से डिजाइन किए गए न्यूमैटिक इन-होम लिफ्ट मॉडल - सिरीज़ ।।। और सिरीज़ ।।। मैक्स प्रदर्शित हैं। निबव के होम लिफ्ट्स की पेटेंट डिजाइन पुरस्कार विजेता होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रमाणित भी हैं, जिसे घर में वस्तुतः कहीं भी लगाया जा सकता है। अभिनव उत्पाद डिजाइन और आसान स्थापना के कारण घर पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है और 24 घंटे से भी कम समय में लग जाता है। इस केंद्र में ग्राहकों के लिए निबव की होम लिफ्ट्स सिरीज़ का एक कार्यशील मॉडल मौजूद है ताकि ग्राहक इन्हें खरीदने से पहले कंपनी के पेटेंट वाले न्यूमैटिक-संचालित लिफ्टों के लाभों का मूल्यांकन कर सकें। निबव की नवीनतम सिरीज़ ।।। होम लिफ्ट्स दुनिया की पहली वायर-फ्री न्यूमेटिक होम लिफ्ट है जो पूरी तरह से हवा पर वर्टिकल मोमेंट्स बनाती है और रस्सियों, बेल्ट, तारों और तेल या स्नेहन का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है।

## भाजपा नेताओं ने बोड़ाम व बेलटांड़ में लिया बासंती माता का आशीर्वाद



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ एवं बोड़ाम बाजार में माता बासंती की महानवमी पूजा के मौके पर गुरुवार को भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह व पूर्वी सिंहभूम जिला उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने मत्था टेका व आशीर्वाद लिया। इस दौरान दोनों भाजपा नेताओं ने बासंती माता की आराधना करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर पूजा कमेटी के परेश दत्त, प्रदीप कुमार, विश्वजीत महतो, वंशी महतो व अजित प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा समिति किये जायेंगे पुरस्कृत, गठित कमिटी करेगी अनुशंसा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में रामनवमी का त्योहार आज एवं कल मनाया जा रहा है। उक्त क्रम में शुक्रवार को सभी अखाड़ा कमिटी द्वारा विसर्जन जुलूस निकाला जायेगा। रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिकोण से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रदूषण एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप अनुशासनबद्ध तरीके से ससमय विसर्जन करने वाले अखाड़ा कमिटी को उचित पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। अखाड़ा एवम आसपास साफ सफाई, अखाड़ा कमिटी सदस्यों का अनुशासन, सुरक्षा नियमों का अनुपालन, ध्वनि प्रदूषण, ससमय विसर्जन जैसे जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन पर कुल 100 मार्क्स में अखाड़ों की मार्किंग की जाएगी । इसको लेकर उपायुक्त द्वारा गठित कमिटी की गया है जिसमें मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम, जमशेदपुर, जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, जमशेदपुर, रामबाबू सिंह, संयोजक शांति समिति, आशुतोष सिंह, अध्यक्ष, केन्द्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति, भुपेन्द्र सिंह, महासचिव रामनवमी अखाड़ा समिति होंगे। उपरोक्त गठित कमिटी द्वारा रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिकोण से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा का चयन एवं अनुशंसा पुरस्कार प्रदान करने हेतु किया जाएगा।

## टीएसएफ ने श्री सत्य साई स्वास्थ्य, शिक्षा ट्रस्ट व आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट के साथ किया समझौता




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने जमशेदपुर में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे को बढ़ाने के उद्देश्य से श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट (एसएसएसएचईटी) और आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट (एविटी) के साथ दो समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए। यह सहभागिता झारखंड में सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों के कार्यान्वयन और पहुंच को बढ़ाएगी। चाणक्य चौधरी, टीएसएफ के डायरेक्टर और वाइस प्रेसिडेंट कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और सौरव रॉय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ), टीएसएफ, डॉ. अनुज भटनागर, हेड, पब्लिक हेल्थ , टीएसएफ और अमृता गांगुली, हेड ऑफ पार्टनरशिप्स, टीएसएफ इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एसएसएसएचईटी के चेयरपर्सन डॉ. सी श्रीनिवास, आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट की चेयरपर्सन अमृता रॉय मुखर्जी ने भी भाग लिया। चाणक्य चौधरी ने कहा कि, %इन दो महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एक दिलचस्प मोड़ पर आ गया है, क्योंकि हम पूर्वी भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति अपने दृष्टिकोण को पुनर्गठित कर रहे हैं और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उपयुक्त जुड़ाव के साथ और भी एजाइल हो रहें हैं। सौरव रॉय ने कहा कि, ÷मैं इस अवसर पर श्री सत्य साई हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट और आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट को हम पर भरोसा जताने और बदलाव के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए धन्यवाद देता हूं। जहां एसएसएसएचईटी के साथ समझौता ज्ञापन मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के निःशुल्क उपचार और निदान को सक्षम बनाएगा वहीं एवीटी के साथ समझौता ज्ञापन मोबाइल इकाइयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ एक स्वास्थ्य-शिविर जैसे मॉड्यूल को लागू करेगा। जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए एसएसएसएचईटी के कर्मचारी के साथ ही टीएसएफ, मानसी+ कर्मचारी समूह में काम करेंगे। श्री सत्य साई स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ सी श्रीनिवास ने कहा, %यह समझौता ज्ञापन लंबे समय से अपेक्षित था, और हम अभिभूत हैं कि यह आखिरकार पूरा हुआ। यह अलग-अलग व्यक्तियों को एक लक्ष्य के साथ एकजुट करने जैसा है - जिसमें समुदायों के भीतर और बाहर सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना शामिल है। आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट के साथ टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग का दायरा - गैर-संचारी रोगों, बाल जन्मजात हृदय रोगों, मोतियाबिंद की जांच और सर्जरी, सामान्य चिकित्सा स्थितियों, बुनियादी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, एएनसी/पीएनसी देखभाल, पेडियेट्रिक हार्ट सर्जरी और जागरूकता सत्रों के साथ रोगियों का पता लगाने और रेफरल में निहित है। आरोग्य वाहिनी ट्रस्ट की अध्यक्ष अमृता रॉय मुखर्जी ने सहयोग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, ÷मुझे खुशी है कि ये तीनों संगठन आवश्यक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को लागू करने और समाज के वंचित लोगों के लिए काम करने के लिए एक साथ आए हैं।

# जमशेदपुर में रामनवमी जुलूस आज

### फ्लैग मार्च कर पुलिस ने साफ की मंशा, उत्पाती बख्शे नहीं जायेंगे





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में रामनवमी की जुलूस शुक्रवार को निकाला जायेगा। इसको लेकर जिला प्रशासन की टीम पूरी दिन रात शांतिपूर्ण तरीके से इसे संपन्न कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसके मद्देनजर गुरुवार को जिला पुलिस ने शहर के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में सिटी एसपी के विजय शंकर समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे. फ्लैग मार्च साकची में सीसीआर परिसर से निकला और मानगो पहुंचा . मानगो में डिमना रोड व मुंशी मोहल्ला होते हुए मानगो चौक जवाहरनगर के आजादनगर व ओल्ड पुरुलिया रोड पहुंचते हुए सोनारी , कदमा समेत अन्य इलाकों में भी फ्लैग मार्च हुआ। फ्लैग मार्च के जरिए पुलिस अधिकारियों ने लोगों को संदेश दिया कि सभी लोग रामनवमी और रमजान का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करें। वहीं एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है .जिसमें सभी दंडाधिकारियों को जुलूस के गाइडलाइन को फॉलों करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी है ।

## नवमी झंडा पूजन में शामिल हुए मंत्री बन्ना गुप्ता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज शहर के विभिन्न मंदिरों में अखाड़ा समितियों के द्वारा आयोजित नवमी झंडा पूजन में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री ने बिस्टुपुर भूतनाथ मंदिर स्थित रामजानकी हनुमान महिला अखाड़ा, कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नं0 4 भारतीय तरूण संघ और बागबेड़ा श्री-श्री सार्वजनिक महावीर अखाड़ा समिति के पूजा में शामिल हुए। उन्होंने प्रभु श्रीराम के अतिप्रिय भक्त वीर बजरंगबली का विधिवत पूजन अर्चन किया. इस दौरान जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में अखाड़ा समिति के सदस्यों ने मंत्री को पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट कर सम्मानित किया।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स ने नेशनल काइजेन कम्पटीशन में स्वर्ण व प्लेटिनम पदक जीता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विगत 28-29 मार्च को दिल्ली में सीआईआई की ओर से आयोजित 45वीं नेशनल काइज़ेन प्रतियोगिता में औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया की कंपनी रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड के प्रतिभागियों ने स्वर्ण एवं प्लैटिनम अवार्ड जीत कर जिले का नाम रौशन किया है। ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुई उक्त प्रतियोगिता में देश भर की 96 कंपनियों ने भाग लिया था। उक्त प्रतियोगिता में रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड की दो टीमों ने भाग लिया था, जिसमे एक टीम का प्रतिनिधित्व विवेक कुमार और हरिओम तथा दूसरी टीम का प्रतिनिधित्व धीरेन्दु पटनायक, देवब्रत व धनञ्जय ने किया था। इसमें विवेक कुमार की टीम ने इनोवेटिव काइज़ेन केटेगरी में प्लेटिनम पदक एवं धीरेन्दू की टीम ने रेनोवेटिव केटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसमे जमशेदपुर की इकलौती कंपनी रामकृष्णा फोर्जिंग रही जिन्होंने यह पदक जीता। पदक जीतने के पश्चात विवेक एवं धीरेन्दु ने कंपनी प्रबंधन खासकर कंपनी के सीपीओ शक्ति सेनापति एवं सिस्टम हेड उमेश मकवाना का आभार प्रकट किया जिन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# डीसी-एसएसपी ने देर रात शहर के अखाड़ों व जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामनवमी जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में जिला प्रशासन किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहता. इसी के मद्देनजर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. धार्मिक दृष्टिकोण से जमशेदपुर अति संवेदनशील श्रेणी में आता है. अक्सर यहां पर्व-त्योवहार में विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रही है. इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. उपद्रव करने वालों पर विशेष नजर है. बुधवार की देर रात डीसी विजया यादव, एसएसपी प्रभात कुमार समेत अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न अखाड़ा समितियों एवं जुलूस मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया. इस दौरान मार्गों में लगे सीसीटीवी



कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग इत्यादि की जानकारी प्राप्त की. संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और रामनवमी जुलूस से संबंधित प्रमुख चौक चौराहा और अखाड़ों का भी जायजा लिया. रामनवमी जुलूस की सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे के अलावे नाइट विजन कैमरे से निगरानी की जाएगी. इसके लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगाए गए हैं जो बिजली गुल हो जाने के बाद भी अंधेरे की गतिविधियों को कैद करने में सक्षम हैं. असामाजिक तत्व पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. स्टंट बाइकर्स व साइलेंसर मॉडिफाई कराने वाले दो पहिया वाहन चालकों की नियमित सघन जांच की जा रही है. वहीं अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ निरंतर कार्रवाई चल रही है. अखाड़ों एवं विसर्जन रूट का निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अथवा चौक-चौराहों पर रखे गए ईंट एवं पत्थर को हटाने का निर्देश अधिकारियों ने दिया. इसी तरह मानगो मुंशी मोहल्ला में डिवाइडर के बीच बनाये गए स्टेज को मस्जिद के सामने बनाने, मस्जिद के पीछे साफ सफाई करवाने, साकची पलंग मार्केट के पास डिवाइडर पर लगाए गए केनोपी को हटाने तथा जहां कहीं भी साफ सफाई व नागरिक सुविधा सम्बंधी कमियां दिखी उसे दूर करने का निर्देश दिया गया. अखाड़ों के सामने बेतरतीब तरीके से पार्किंग नहीं हो जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में कोई बाधा उत्पन्न हो इसपर भी आयोजकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए. वहीं कुछ जगहों पर बेरिकेडिंग को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिए गए.

## कांड्रा, गम्हरिया समेत संपूर्ण क्षेत्र में रामनवमी पूजनोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत संपूर्ण क्षेत्र में रामनवमी पूजनोत्सव का आयोजन धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ प्रातःकाल से ही उम्र पड़ी थी। गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी, प्रखंड परिसर, उषा मोड़, जगन्नाथपुर के पूंजीडूंगरी, कांड्रा एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा बाजार स्थित बजरंगबली मंदिर में धूमधाम से पूजा का आयोजन किया गया। इन मंदिरों में झंडा चढ़ाने और झंडा लगाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी



थी। इस दौरान जहां चारों तरफ भगवा पताका से क्षेत्र पटा रहा वहां वीर बजरंगबली तथा जय श्री राम के नारों से चारों दिशाएं गुंजायमान रही। क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा समितियों द्वारा भी शस्त्र पूजन के साथ परंपरागत विधि विधान से रामनवमी पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विभिन्न घरों में भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर में श्री श्री महावीर अखाड़ा नवयुवक समिति की ओर से भगवान सिंह के नेतृत्व में पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से आपसी सदभावना ब भाईचारे के साथ पूजा मनाने की अपील किया। वहीं, कांड्रा बाजार स्थित हनुमान मंदिर, गम्हरिया के उत्तमडीह में श्री श्री बजरंगबली अखाड़ा समिति की ओर से भव्य पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ वीर बजरंगबली का ध्वजारोहण किया।

## चांडिल में निकला शोभा यात्रा सह बाइक रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पितकी पंचमुखी हनुमान मंदिर से सिंहभूम कॉलेज मोड़ हनुमान मंदिर तक शोभा यात्रा सह बाइक रैली निकाली गई। बता दें कि हिंदू धर्म में राम नवमी सबसे खाश और बड़े धार्मिक त्यौहार में से एक है, इस पर्व पर यूवाओ में ज्यादा जोश देखने को मिलता है, चांडिल अनुमंडल के युवाओं द्वारा राम नवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष शोभा यात्रा सह बाइक रैली का आयोजन लगातार करते आ रहे हैं। शोभा यात्रा सह बाइक रैली में



चांडिल अनुमंडल के पूरे क्षेत्र से यात्रा में शामिल होने के लिए भक्त पहुंचते हे। साथ ही इस साल चांडिल क्षेत्र के युवती एवं महिलाओं में जोश देखने को मिला शोभा यात्रा सह बाइक रैली में पद यात्रा के रूप में पूरे क्षेत्र के महिला व युवती शामिल हुए।

## जरियाडीह में हुई सड़क दुर्घटना में मृतक व घायल के परिजनों से मिले विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के जरियाडीह में विगत 21 मार्च को हुई भीषण सड़क दुर्घटना में तीन लोगो की मौत हो गई थी वही एक का हालत गंभीर था जिसे ईलाज हेतु टीएमएच में भर्ती कराया गया था। वही गुरुवार को विधायक सविता महतो ने सड़क दुर्घटना में मृतक के श्राद्धक्रम में पाटा निवासी शिबू मार्डी, सागेन टुडू, नीमडीह प्रखंड के बातकमकोचा निवासी बाबलू सोरेन एवं घायल बिमल हांसदा के परिजनो से मिले एवं



शोक संवेदना व्यक्त किया। इस दौरान विधायक ने मृतक व घायल के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिए। मौके पर नीमडीह प्रमुख फूल मनी हांसदा , झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो परिवार के सदस्य व झामुमो।

## ईचागढ़ में दर्जनों अखाड़े व बजरंगबली मंदिरों में मनाया गया राम नवमी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में धुमधाम से राम नवमी का महापर्व मनाया गया। टीकर पारगाना चौक, ईचागढ़ थाना परिसर, दालग्राम, गौरांगकोचा, लावा, बांधडीह ,सोड़ो आदि जगहों पर बजरंगबली के मुर्तीयों पर पुजा अर्चना किया गया। वहीं थाना परिसर में मारूति नंदन मंदिर में गुरुवार को राम नवमी के उपलक्ष्य में बजरंगबली का पुजा अर्चना किया गया। हनुमान जी का झंडा गाड़ कर हमुमत यज्ञ भी किया



गया। पुजा समिति द्वारा भव्य मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। कई अखाड़ा व कमेटीयों द्वारा झंडे का झांकी निकाली गई। थाना परिसर में थाना प्रभारी गौरव मिश्रा, एएसआई नारायण साह , मनिंदर सिंह, राजेन्द्र तिवारी, विनय सिंह, सचिव अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष बासुदेव चटर्जी,अमित सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### कई कार्यक्रमों में शामिल हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बोले

# कुछ लोग सरकार को अस्थिर करने में लगे है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कई धार्मिक कार्यक्रमों में गुरुवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सामिल हुए। इस दौरान सहाय सोड़ो बासंती दूर्गा पूजा , मिलन चौक में हरिनाम संकिर्तन सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में माथा टेक कर क्षेत्र की मंगल कामना किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मिलकर क्षेत्र व संगठन के संबंध में चर्चा किया। उन्होंने सोड़ो में मुखिया नयन सिंह



मुण्डा से भी संगठन पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि सरकार बनाना काफी नहीं है, उसे बचाना भी चुनौती है। उन्होंने कहा कि हम तो सरकार बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने इशारे से कहा सरकार को अस्थिर करने में कुछ लोग लगे हुए है। उन्होंने कहा कि बहुत विधंस हुआ ,अब रचना हो ,कुछ अच्छा हो,यही कामना लेकर मां की दरवार में आया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को अब समझने का जरूरत है। हालांकि उन्होंने किसी पार्टी का नाम लिए बेगैर ही कहा कि आज पूरा देश महावीर जयंती मना रहे हैं और माता दुर्गा का महा नवमी है ऐसे वक्त पर इन लोगों से सरकार को बचाने का आशीर्वाद मां से लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष बिशु हेम्ब्रम, ईचागढ़ विस प्रभारी माधव सिंह मानकी, जिला महा सचिव जीपालाल सिंह मुण्डा, राजु चौधरी,सफीक अंसारी नयन सिंह मुण्डा, बंधुराम महतो आदि उपस्थित थे।

## कांड्रा में एक ही रात शेड तोड़कर तीन दुकानों में चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के समीप स्थित तीन दुकानों में बीते बुधवार की रात चोरों ने दुकान का शेड तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकानदारों को गुरुवार सुबह इसका पता चला जब वे अपनी-अपनी दुकानें खोलने पहुंचे। दुकानदारों ने पाया कि दुकान का शेड तोड़ कर अंदर प्रवेश किया है। उन्होंने दुकान में रखा नगद गायब पाया। इसके बाद घटना की सूचना कांड्रा थाना को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरों द्वारा कांड्रा के एक बर्तन और दो जनरल स्टोर में चोरी की गई। बर्तन दुकान के मालिक विश्वजीत भट्टाचार्य ने बताया कि उनके दुकान से ढाई हजार रुपए नगद और कुछ बर्तन आदि की चोरी हुई है। इसके अलावा जनरल स्टोर संचालक विपिन चौधरी के दुकान से एक हज़ार नगद व कुछ खाने पीने की सामानों की चोरी की गई। जबकि दूसरे बाल गोपाल जनरल स्टोर से भी एक हजार नगद की चोरी की गई। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# जमीनी विवाद में टांगी से काटकर युवक की हत्या, चार गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा पंचायत के अकौना गांव में पुराने जमीनी विवाद में एक अधेड़ की टांगी से काटकर हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मृतक अकौना गांव निवासी प्रदीप यादव है। सदर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक के परिजनों के फर्द बयान के आधार पर घटना में संलिप्त पांच संदिग्धों को भी हिरासत में ले लिया है। जिससे सदर थाना में पूछताछ चल रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी को भी जप्त कर लिया है। परिजनों के अनुसार गांव के ही सुरेश यादव व रामस्वरूप यादव सहित अन्य के साथ प्रदीप यादव का पुराना जमीनी विवाद चल रहा था। इसी जमीन को लेकर दोनों के बीच तू-तू, मैं-मै हुई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि उसके बाद सुरेश व उसके सहयोगियों ने टांगी से प्रदीप के गर्दन पर हमला कर दिया। गर्दन कटने से प्रदीप की घटनास्थल पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। प्रदीप की मौत के बाद परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने गांव पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए आरोपियों को घटना में प्रयुक्त टांगी को जप्त करते हुए हिरासत में ले लिया। इधर घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। रामनवमी का जश्न मातम में बदल गया।

# जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ लातेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित लातेहार में विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी द्वारा रामनवमी पर पथ संचलन सह शोभायात्रा निकाली गई।शोभायात्रा की शुरुवात वैष्णव दुर्गामंदिर के पास से की गई।जो थाना चौक मुख्य अखाड़ा होते हुए शहर के मेन रोड होते हुए शहीद चौक,जुबली चौक, अमवा टिकर मोड़ ,धर्मपुर मोड़ होते हुए शहर भ्रमण किया।मौके पर मौजूद विश्व हिंदू परिषद के अरविंद तिवारी ने बताया की पुर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पथ संचलन शोभा यात्रा निकाली गई।शोभायात्रा के दौरान मातृ शक्ति को प्रदर्शित किया गया। शोभायात्रा में शामिल काफी संख्या मे युवती शामिल हुए जो विभिन्न स्कूलों की छात्रा है। सभी लोगो के द्वारा जय श्री राम के जयघोष से पूरा शहर गुंजयमान हो उठा।शोभायात्रा में शामिल लोगो के लिए विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा जलपान आदि की कई स्टॉल लगाए गए थे। उक्त शोभायात्रा शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर काफी संख्या मे लोग शामिल रहे।

# रामनवमी के मौके पर चतरा शहर सहित पूरे जिला में निकला भव्य जुलूस व शोभा यात्रा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी के महापर्व पर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय एवं छोटे-मोटे गांव कस्बे में भी भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली गई। जिला मुख्यालय में आज शाम से ही ढोल ताशे एवं नगाड़ों के बीच गगनभेदी नारे के साथ शोभा यात्रा शुरू हुआ। जुलूस और झांकी के साथ सड़कों पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। गुरूवार की देर रात रामनवमी का जुलूस और भव्य झांकियां निकाली गई। रामनवमी पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों का उत्साह और उमंग चरम पर था। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। सबसे अधिक भीड़ केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में देखने को मिली। हालांकि अव्वल मोहल्ला स्थित काली मंदिर में अच्छी भीड़ थी। इसी प्रकार दूसरे अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। जैसे जैसे धूप तल्ख होने के साथ समय बढते गया, वैसे-वैसे लोगों में जुलूस और झांकी को लेकर उत्साह चरम पर पहुंचने लगा। दोपहर में जिला स्वर्णकार संघ ने चांदी का झंडा जुलूस निकाला। जुलूस में संघ के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं समाज के प्रबुद्धजन शामिल थे। उसके कुछ देर के बाद विभिन्न क्लाबों के सदस्य गाजेबाजे के साथ केसरी चौक स्थित बजरंग बली मंदिर में अस्त्र शस्त्र की पूजा अर्चना की। इसके बाद जुलूस और झांकी निकालने की तैयारियों में जुट गए। शहर में कुल 30 क्लबों द्वारा जुलूस और झांकी निकाली गई है। झांकी की प्रस्तुति देखते ही बन रही है। झांकी को देखने के लिए शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ा हुआ है। पुराना पेट्रोल पंप से लेकर से लेकर अव्वल मोहल्ला काली मंदिर तक मुख्य सड़क पर भीड़ का रेला लगा हुआ है। सड़क के अलावा मुख्य मार्ग के दोनों ओर घरों के छतों पर भीड़ उमड़ी हुई है। डीजे आवाज और इस बीच लग रहे जय श्रीराम, जय हनुमान के घोष पूरा वातावरण गुंजायमान है। जुलूस को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों की उचित व्यवस्था की गई है। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। जुलूस के लिए अलग से पुलिस बल लगाए गए हैं। जिला प्रशासन ने केसरी चौक पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष का निर्माण किया है। यहां पर भव्य पंडाल बनाया गया है। इसी प्रकार विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पानी, शर्बत और चना गुड की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधा दर्जन स्थानों पर मेडिकल कैंप लगाया गया है। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए यह सब कुछ किया गया है। ताकि करतब दिखाने के क्रम में यदि किसी भी खिलाड़ी को किसी प्रकार का चोट या जख्म होता है, उसका त्वरित उपचार हो सके।

# हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** कुन्दा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा ने तीन हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने वार्ता कर बताया कि पिछले 28 जनवरी को टुनदाग,थाना पिपराटांड़, जिला पलामू निवासी कलाम खलीफा को गेन्द्रा घटमरवा पुल के पास से मृत अवस्था में शव को बरामद किया गया था। जिसमें अज्ञात 302/120 (B) /201 भादवी एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। जिसकी उद्भेदन के लिए एक टीम गठित कर अनुसंधान शुरू किया गया। अनुसंधान बढ़ता गया और तीनों अपराधी पुलिस के गिरफ्त में आ गए। तीनो हत्यारों के पास से एक देशी पिस्टल,दो ज़िंदा गोली एवं एक 8 एमएम की खोखा के अलावे दो मोबाइल एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। अपराधियों में मंटू शर्मा पिता विन्देश्वरी शर्मा, मुफिल भुइंया पिता प्रयाग भुइंया, शंकर भारती उर्फ़ तूफ़ान पिता स्व. ईशु भुइंया , सभी गाँव टुनदाग, थाना पिपराटांड़, जिला पलामू है। जबकि मंटू शर्मा का पूर्व में आपराधिक मामला में पाटन थाना और हेरहंज थाना में दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर हम लोगों ने सुनियोजित तरीके से कलाम खलीफा को हत्या किया है। बता दें कि कलाम खलीफा पत्नी के साथ कुन्दा थाना क्षेत्र में सिलाई यानी टेलरिंग का कार्य करता था। हत्या के दिन खलीफा अपने पैतृक गांव टुनुदाग से कुन्दा आ रहा था इसी बीच तीनों घात लगा पिस्टल से गोली मार फरार हो गया था।

# सरयू में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरयू :** नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अंमिता देवी, जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, 20 सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, उप प्रमुख सुनील उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम, सीओ शंभू राम, चोराहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, घासीटोला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, गनेशपुर पंचायत के मुखिया राजेश सिंह, लातेहार सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर अरविंद कुमार, गारू रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को उद्घाटन किया। वहीं इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि हरेक व्यक्ति को स्वास्थ सुविधा दिलाना सरकार का लक्ष्य है। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य मेला में, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया, शिशु स्वास्थ्य, फलेरिया, मोतियाबिंद, परिवार नियोजन, कुष्ठ रोग, समेत अनेकों प्रकार की बीमारियों का अलग-अलग स्टॉल लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ मेला का लाभ उठाया। वहीं चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित अन्य जानकारियां भी दिया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनायी गई रामनवमी पुजा



**बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रो में गुरुवार को धुमधाम से मनाई गई रामनवमी का त्योहार.। जहां जय श्री राम के जय जयकार से मुख्यालय का वातावरण राममय रहा।. प्रखण्ड मुख्यालय स्थित महाबीर मंदिर मे पंडित काशीनाथ बैध्य के द्वारा विधिवत हनुमान जी का पूजा कराई गई. जहाँ श्रद्धालुओं का भारी भिड लगी रही. इसके अलावा डाढा.फुलसु. बालुभांग. गोनिया. शिबला. टोंटी. साल्वे व अमरवाडीह पंचायत में स्थानीय पंडितों के द्वारा पूजा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर सभी मंदिरों में भारी संख्या में राम भक्त श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्यालय के बाजार टांड में स्थित महावीर मंदिर परिसर में पूजा समिति के द्वारा मेला का आयोजन किया गया. जहाँ इटके. साल्वे. जबरा. बठेठ. गाडी. के अलावा कई अखाड़ा के लोग अपने अपने जुलूस लेकर मेला में शामिल हुए.जहाँ प्रखण्ड के विभिन्न गांवों के अखाड़े द्वारा लाए गए महाबीर झंडा का विधिवत मिलान किया गया।इसके पश्चात मुख्यालय के पूजा समिति के द्वारा बनाये गये केदारनाथ मंदिर के झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई .जो मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर एन एच 99 से फुलसु चारमुहा. राममंदिर. बस स्टैंड. बाजार टांड. होते प्लस टू उच्च विद्यालय तक पहुची. पुनः मंदिर परिसर लौटा. इस दौरान शोभायात्रा में रामभक्तों का काफी भिड़ रहा. उधर टोंटी पंचायत के मुखिया शांति देवी, व पंसस मो होजैफा के द्वारा इटके स्थित अखरा के समिप . साल्वे ग्राम निवासी सह समाज सेवी मो क्युम के द्वारा अपने आवास पर स्टोल लगाकर रामनवमी जुलूस मे शामिल श्रद्धालुओं के लिए चना गुड व शरबत. पानी का व्यवस्था किया। इधर मुख्यालय मे लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी के निर्देश पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, जिप सदस्य रमेश राम, मुखिया सरिता देवी, के द्वारा स्टोल लगा कर राम भक्तों के लिए चना गुड.शरबत व पानी का व्यवस्था किया गया. जिला परिषद सदस्य रमेश राम के द्वारा भी शरबत व चना गुड़ का वितरण किया गया। पूजा में विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दीपाली भगत, दंडाधिकारी. विशांत कुमार, शशीभुषन उरांव, प्रदीप भगत, रामदेव नगेशया, रवि यादव, प्रभात उरांव, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, एस आई. दीपक नारायण सिंह, बिंदेशवर महतो, रवि कुमार, ए एस आई. द्वारिका नाथ पांडेय,मिथलेश सिंह, अमित पाण्डेय, सहित कई जवान तैनात रहे।

# रामनवमी पर किया गया पूर्णाहुति व भंडारा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय लातेहार के चंदनडीह में गायत्री प्रज्ञा कुंज, चैत्र नवरात्र पूर्णाहुति की गई। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुनीता साहू गायत्री महिमा का बखान किया। कहा कि नवरात्र का आयोजन साल में दो बार होता है। साथ ही दो बार अदृश्य नवरात्र होता है। जिसमें लोग नवरात्र करने के बाद शरीर में नकारात्मक शक्तियां बीमारी का नाश होता है। अध्यात्म जगृत होता है। शरीर में यूनिटी पावर की वृद्धि होती है, जिससे मन और शरीर स्वस्थ रहती है।दिलेश्वर यादव अनीता देवी, भोला प्रसाद, अधिवक्ता संजय प्रसाद, अनिल प्रसाद कमलेश पासवान, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, राधा देवी, लव कुमार तिवारी, संदीप कुमार, रोहित कुमार पारीक, गायत्री परिवार के सभी परिजन उपस्थित हुए। चैत्र नवरात्र में गायत्री परिवार के सभी परिजन नवरात्र अनुष्ठान किया एवं आगामी दिनांक 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर चर्चा की गई। एवं सभी को इस महायज्ञ में तन मन धन से सहयोग देने का अनुरोध किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लावालौंग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तत्वाधान में नि- शुल्क प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया ।इस मेला का उद्घाटन विधिवत् फीता काट कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार तथा प्रमुख मनीषा देवी संयुक्त रूप से किया गया। आयोजित कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रभारी अशोक कुमार करमाली संचालन बी0पी0एम0 धीरेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया तत्पश्चात स्वास्थ्य मेला में लगाए गए विभिन्न रोग से संबंधित स्टॉल लगाए गए। जैसे सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, कुष्ठ निवारण, आंखों की जांच, मोतियाबिंद जांच, पोषण परामर्श, टीकाकरण, मलेरिया, फाइलेरिया नियंत्रण,टीबी नियंत्रण, संचारी गैर संचारी रोग, कैंसर नियंत्रण, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच एंव परामर्श, व्यक्तिगत पर्यावरणीय स्वास्थ्य, किशोर - किशोरी स्वास्थ्य,भारतीय चिकित्सा आयुर्वेद, युनानी, योगा, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ सहित शिविर में स्टांल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई व निशुल्क दवा दी गई। स्वास्थ्य मेला में सैकड़ो मरीजों को ईलाज किया गया जिसमें आखों से संबंधित मरीज मलेरिया, टीकाकरण आयुष विभाग,कुष्ठ के मरीज टी्बी, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य, दंत एवं परिवार कल्याण नियोजन के मरीजों के अलावे अन्य मरीज की जांचकर मुफ़्त दवाइयां दी गई। मौके पर मुख्य रूप प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रमूख, उपप्रमुख महमूद खान के अलावे अस्पताल कर्मियों में मुख्य रूप से डी आर सी, एच ओ, फार्मा सिस्ट मो0 साजिद, मलेरिया से असादुल्लाह आलम, टीबी तौफिक आलम अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# एसपी राकेश रंजन ने लिया रामनवमी के शोभा यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा, अखाड़ा प्रमुखों से निर्देशों का अनुपालन की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भगवान राम के जन्म के पावन के मौके पर निकलने वाला रामनवमी जुलूस की तैयारियां चतरा में पूरी कर ली गई है। देर रात शहर के विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ों के द्वारा झांकियां शहर में निकाली जाएगी। राम नवमी पूजा की झांकी और जुलूस शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चतरा पुलिस के जवान और अधिकारी शहर के चप्पे-चप्पे में तैनात किए गए हैं। जो विभिन्न मोहल्लों से निकलने वाले पूजा समितियों के जुलूस और झांकी पर पैनी नजर रखेंगे। जिला प्रशासन द्वारा भी सभी चौक चौराहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इतना ही नहीं एसपी ने सादे लिबास में भगवा धारी जवानों को भी जुलूस में शामिल रहने का निर्देश दिया है। जो हर गतिविधि पर नजदीक से नजर बनाए रखेंगे। पुलिस की तैयारियों का जायजा लेने पुलिस कप्तान अधिकारियों संग देर शाम खुद बाइक से निकले। एसडीपीओ के बाइक पर पीछे बैठकर एसपी ने शहर के विभिन्न पूजा समितियों और अखाड़ों का निरीक्षण किया। साथ ही साथ प्रस्तावित जुलूस मार्ग के आसपास स्थित घरों की ड्रोन से अपनी उपस्थिति में निगरानी भी कराई। इस दौरान एसडीपीओ अविनाश कुमार, थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व सार्जेंट मेजर विकास कुमार सिंह के अलावे पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिये। एसपी ने कहा कि रामनवमी पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह कृत संकल्पित है। किसी भी परिस्थिति में असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों के प्रतिनिधियों और अखाड़ा प्रमुखों को भी सरकारी निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए झांकी और जुलूस निकालने की अपील की।

# रामनवमी के अवसर पर भक्तिमय हुआ महुआडांड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में राम नवमी पूजा के अवसर पर पूरा प्रखंड भक्तिमय नजर आया। पूरे प्रखंड को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों के द्वारा भगवा झंडों से सजा दिया गया। इस भक्ति में माहौल में भक्ति गानों की धुन भी सुनाई दी। हर ओर जय श्री राम के गगनभेदी नारे पूरे दिन सुनाई पढ़ते रहे। पूरे दिन राम भक्तों का जत्था हाथ में भगवा ध्वज लिए चौक चौराहों में प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते हुए नजर आए। इस अवसर पर बजरंग दल एवं हिंदू महासभा समिति के संयुक्त नेतृत्व में हजारों राम भक्तों के द्वारा भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। बाइक जुलूस दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, थाना चौक, बिरसा चौक, देवी मंडप, रामपुर, बाजार, होते हुए पुनः वापसी में दुर्गा मंदिर परिसर पहुंची। इस बाइक जुलूस के क्रम में सभी राम भक्त एवं बजरंगी भक्ति गानों में झूमते हुए नजर आए। बाइक जुलूस के दौरान राम भक्त अपने हाथों में एवं पारंपारिक हथियार एवं भगवा ध्वज लहराते नजर आए। राम नवमी के अवसर पर दुर्गा वाहिनी की बहनों के द्वारा भव्य झांकियां श्रप्रस्तुत की गई। जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण एवं मां जानकी समेत बजरंगबली की वेश धारण किए हुए बच्चे अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते नजर आए। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर हिंदू महासभा एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरी तरह प्रयासरत रहे। हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल, बजरंग दल के संयोजक सूरज साहू,भानु प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंम्भु प्रसाद,संजय जयसवाल, बृजमोहन जयसवाल, उत्तम कुमार, राहुल कुमार, राहुल राज, नीतीश साहू, पवन गुप्ता, उज्जवल धनुष, निरंजन जसवाल, प्रभात जयसवाल, प्रदीप जयसवाल समेत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। कार्यक्रम के दौरान ड्रोन कैमरा से पूरे क्षेत्र और जुलूस का निरीक्षण पुलिस प्रशासन के द्वारा किया गया वही प्रखंड के सभी चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी देखने को मिली। विधि व्यवस्था को लेकर लातेहार डी एस पी कैलाश करमाली, एस डी पी ओ राजेश कुजूर, के नेतृत्व में सर्किल इंस्पेक्टर धर्म देव पासवन, थाना प्रभारी आशुतोष यादव, पु अनि रोशन कुमार, पु अनि संजय रतन, पु अनि रतन टूडू समेत आईआरबी के जवान प्रखंड के सभी चौक चौराहे पर मुस्तैद नजर आए।

## संक्षिप्त खबरें

### आगामी 2 अप्रैल को आयोजित होगा अहिंसा रन




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीतो जैन इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा रन का विराट आयोजन 2 अप्रैल को प्रातः 5−30 बजे रांची के मोराबादी ग्राउंड से होगा। इस दौड़ में कई सामाजिक धार्मिक स्कूल के अलावे कई अन्य लोग भी शामिल होंगे। यह दौड़ तीन भागों में बांटा गया है । पहली दौड़ 10 किलोमीटर की है। दूसरी दौड़ 5 किलोमीटर की और तीसरी दौड़ 3 किलोमीटर की होगी। आयोजन को लेकर जैन समाज के झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय जैन लुहाड़िया के साथ मिलकर अपने विश्वेश्वर दयाल जयसवाल पथ अवस्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर से पोस्टर दिखाते हुए लोगों से अपील किया कि जियो और जीने दो के मंत्र को सफलीभूत करते हुए इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो ।

### जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया स्थित दुर्गा मंडप में नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा माता की आठवीं स्वरूपा देवी महागौरी की पूजा आराधना के बाद रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी यादव,जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी,प्रमुख रेनू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुभारंभ के पश्चात चौपारण महूदी से चलकर आए जागरण की टीम के कलाकारों ने लोगों को पूरी रात झूमने पर मजबूर कर दिए,वंही जागरण की मुख्य अदाकारा रोशनी राजधानी की सुरीली आवाज और जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।वहीं लोगों ने भक्ति जागरण की भरपूर आनंद लेते हुए रात भर झुमें।कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर लोगों को भरपूर मनोरंजन किया।मौके पर स्थानीय मुखिया इंद्रदेव प्रसाद,प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी,पाणिनि आईए,एस,के निदेशक प्रकाश कुमार,कमिटी के अध्यक्ष सूर्य देव कुमार,उपाध्यक्ष सहदेव प्रसाद,सचिव पंकज पंडित सह सचिव राजदेव प्रसाद कोषाध्यक्ष रंजन कुमार पूजा समिति के मुख्य संरक्षक अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद बुलाकी प्रसाद विकास कुमार सीताराम प्रसाद,छोटन प्रसाद, समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### इटकी में आपसी भाईचारे व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी में राम नवमी का पर्व रविवार को आपसी भाईचारे के बीच मनाया गया. महावीर मंडल के तत्वावधान में मुख्य महावीर मंदिर से मौसीबाड़ी मैदान तक निकली शोभायात्रा में राम भक्तों के अलावा इस्लाम धर्मावलंबी के लोग भी शामिल थे. विभिन्न संगठनों द्वारा कई स्थानों पर स्वागत शिविर लगाकर राम भक्तों का स्वागत किया गया.प्रतियोगिता के दौरान मंच पर उपस्थित रोजेदारों ने सामुहिक रूप से इफ्तार किया. महावीर मंडल के तत्वावधान में मौसीबाड़ी मैदान में आयोजित शस्त्र चालन प्रतियोगिता के सफल सहभगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. पुरस्कारों का वितरण थाना प्रभारी रजनी रंजन, महावीर मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह व पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव,ने किया. मौके पर अजीत केसरी, कृष्णा राम तिवारी, देवेंद्र महतो, सलीम अंसारी, कलीम अंसारी, जागरे उरांव,कमेश बर्मन, अमीन अंसारी, परवेज राजा, बलराम गोप, नंदलाल महतो,संजय सहारा इटकी के विभिन्न अखाड़ों के अलावा मोरो,एकता नगर,मल्टी,तरगड़ी,कुंदी,बारीडीह,रानीखटंगा,टटकुंदो,झिंझरी,सियारटोली सहित अन्य गांवों के रामभक्त महावीरी झंडों के साथ शामिल थे ।

### हनुमान चालीसा का पुस्तक वितरण किया गया

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सोंस ओपा में आयोजित अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता में प्रथम बजरंग दल साड़म के कप्तान अजय मुंडा द्वितीय अम्बेडकर क्लब पतरातू के कप्तान राजकुमार महतो को तृतीय स्थान बानर सेना महली टोला ताला के कप्तान मनोज महली को विशाल झंडा के लिए गणेशपुर को,ऊंचा झंडा ओपा गोस्वामी टोला, आकर्षक झांकी कोको रघुनाथपुर को,साज सज्जा झांकी में मा भवानी क्लब पतरातू को,दिया गया वर्षा से प्रभावित इस कार्यक्रम में लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आयोजको द्वारा हनुमान चालीसा का पुस्तक वितरण किया गया इससे पूर्व प्रसिद्ध चिकित्सक तथा नागपुरी कलाकार डॉ युगल किशोर मिश्र,पूर्व जीप सदस्य बबिता सिंह, समाजसेवी अजित सिंह, थाना प्रभारी रंजय कुमार, समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू,पूर्व उपप्रमुख चन्दन गुप्ता आदि ने प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दिप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का सुरूआत किया गया फिर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया संचालन सतीश कुमार शाह ने किया कुल 35 गांव का जुलूस झंडा तथा 30 अखाड़ो के खेलाड़ी सामिल हुवे

# उपायुक्त के निर्देश पर अवैध शराब के विरूद्ध विभिन्न होटलों में चलाया गया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद, अजय कुमार गोंड द्वारा टीम गठित कर नियमित रूप से जिले के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त के निर्देश पर उत्पाद कार्यालय की टीम के द्वारा गुरुवार को रामगढ़, रजरप्पा एवं गोला थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में गश्ती की गई। गश्ती के क्रम में विभिन्न होटलों की तलाशी भी की गई वही उपायुक्त के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है।



## अवधूत आश्रम दुर्गा मंडप पहुंचे सदर विधायक, माता रानी के समक्ष नवाया शीश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नृसिंह स्थान परिसर में अवस्थित अवधूत आश्रम परिसर में हजारीबाग की सबसे प्राचीन समय से मां दुर्गा की आराधना की जाती है। पूर्व के समय में इस आश्रम की प्राकृतिक सौंदर्य और यहां से चहुंओर का प्राकृतिक नजारा बेहद खूबसूरत दिखता था। चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग यहां पहुंचे और मां दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन कर शीश नवाया और उनसे क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की । तत्पश्चात यहां सभी ने मिलकर माता रानी को चढ़ाए गए भोग का प्रसाद ग्रहण किया । मौके पर विषेशरूप से समाजसेवी संजय सिंह, राजीव बक्शी उर्फ़ रामजी, परमेंद्र मिश्रा, बंगाली समाज से शिवनारायण बोस, कन्हायलाल बासु, तपन चटर्जी, जगन्नाथ सामंतो, रूबी मुखर्जी, सत्यजीत देव गोहराई, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## फुटपाथ दुकानदार संघ ने की हनुमत अराधना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के द्वारा सदर थाना के बगल स्थित पार्किंग कैंपस में रामनवमी पर हर साल की भांति इस साल भी बजरंगबली की पूजा की गई और बजरंगबली का ध्वजा लहराया गया।पूजन कार्यक्रम में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ,विजय कुमार गुप्ता, रविंद्र महतो, संतोष कुमार गुप्ता,राजू, पप्पू ,अमर गुप्ता, सदर थाना के एसआई,अन्य पुलिसकर्मी समेत फुटपाथ दुकानदार संघ के कई सदस्य मौजूद थे।संघ द्वारा उक्त स्थल पर मंदिर का निर्माण शीघ्र करवाने की घोषणा भी की गई।

## विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड इकाई ने भव्य बाइक शोभायात्रा निकाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग प्रखंड कमेटी बरकट्ठा के बैनर तले श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य शोभायात्रा निकाला गया जिस शोभायात्रा का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव ने किया।शोभायात्रा नगर भर्मण करते हुए दुर्गा मंदिर बरकट्ठा से गोरहर थाना होते हुए बरकट्ठा हाई स्कूल(कोनहारा) से वापस बाजार रोड़ होते हुए बुढ़िया माता मंदिर से पुनः वापस दुर्गा मंदिर बरकट्ठा में समापन किया गया।शोभायात्रा में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव,पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता,बजरंग दल संयोजक दीपक राणा,प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता,सुरेश कुमार पाण्डेय,रानी कुमारी,सुमन गुप्ता,दीपक महाकाल,पूर्व पंसस प्रतिनिधि अशोक गुप्ता,पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव,शोभा समिति अध्यक्ष महेश मंडल,मिथलेश भारती, विक्की गुप्ता,विक्की चंद्रवंशी, रिंकू माली,अजीत पाण्डेय, साहेब सिंह, युवराज गुप्ता, राज गुप्ता,विश्वाश चंद्रवंशी, राजेन्द्र यादव,रामदेव यादव, सुजल राज,राजकुमार मंडल, सूरज श्रीवास्तव, रंजन यादव,विशाल कुमार,रामजी मंडल गुड्डु गुप्ता,दिलीप दास,बिट्टू मोदी आदि सैकड़ों रामभक्त उपस्थित थें।



# तैलिक साहू समाज समिति ओकनी ने शहर में निकाला नवमी जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ऐतिहासिक रामनवमी के दशमी और एकादशी जुलुस से पूर्व गुरुवार को तैलिक साहू समाज समिति, ओकनी द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो में भव्य और आकर्षक नवमी जुलूस निकाला गया। जुलुस में विशेषरूप से सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया। तैलिक समाज के लोगों ने सदर विधायक श्री जायसवाल सहित अन्य आगंतुक अतिथियों का भवगा पगड़ी बांधकर ओकनी मोड़ के समक्ष स्वागत किया। तत्पश्चात महावीरी पताखा और भगवा ध्वज हाथों में लेकर विधायक श्री जायसवाल ने अगुवाई करके इस जुलुस का श्रीगणेश कराया। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः ओकनी साईं मंदिर के समक्ष पंहुचकर संपन्न हुआ। इस क्रम में पूरा शहर भगवामय और भक्तिमय हो गया। तैलिक समाज के महिला- पुरुष, बच्चे- बूढ़े और नौजवान के साथ अन्य समाज के लोगों द्वारा हाथों में महावीरी पताके लिए कतारबद्ध तरीके से जय श्री राम, जय वीर बजरंगी का नारा लगाते हुए गुंजायमान करके चल रहे थे तो पुरुष वर्ग हाथों में लाठी, डंडा और तलवार लिए तासों की तड़तडाहट के संग अपना हैरतअंगेज करतब दिखा रहे थे। यह मनभावन नजारा देखते ही बन रहा था । शोभायात्रा में ओकनी से लेकर विधायक कार्यालय तक विधायक मनीष जायसवाल साथ आए जहां तेली समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को तलवार और डंडा भेंट किया। शोभायात्रा में नन्हें मासूम के करतब को विधायक मनीष जायसवाल ने सराहा और उसे डंडा परिचालन का हाथ पकड़कर अभ्यास कराया और खुद भी लाठी भांजते हुए करतब दिखाएं। समाज द्वारा शोभायात्रा में यहां के पूर्व समिति अध्यक्ष स्व.काली साव की तस्वीर रखकर उन्हें भी सम्मान दिया गया । मौके पर विषेश रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, वार्ड पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा, बासुदेव गोप, समाजसेवी भास्कर शर्मा, राम कुमार साव, अजय साव, नारायण साव, दिलीप साव, रामचंद्र साव, बसपा नेत्री शीला देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।



# रामनवमी के पावन अवसर पर यूथ विंग ने किया 251 किलो लड्डू के महाप्रसाद का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर पुरा शहर भक्ति भाव के माहौल में डूबा नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा शहर के बड़ा बाजार चौक के समीप 251 किलो लड्डू महाप्रसाद का वितरण किया गया। वहीं 15 किलो के एक लड्डू का भोग महावीर स्थान मंदिर में लगाया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम स्थल से राम भक्तों एवं हजारीबाग की आम जनमानस के बीच लड्डू महा भोग का वितरण किया गया। तो वही हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन की माताजी सुधारानी जैन ने कार्यक्रम को विधिवत रूप से प्रारंभ किया।मौके पर बतौर अतिथि के रूप में

सदर विधायक मनीष जायसवाल, महापौर रोशनी तिर्की, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, भाजपा नेता टोनी जैन, भाजपा नेत्री सत्यभामा देवी सहित कई अतिथियों को पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवा गमछा ओढ़ा कर सम्मानित किया। जिसके बाद अतिथियों ने राम भक्त और हजारीबाग की जनमानस के बीच लड्डू महा भोग का वितरण किया।कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, प्रमोद खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकास तिवारी, शनि देव, जयप्रकाश खंडेलवाल, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, विजय अग्रवाल, सिद्धांत मद्धेशिया, सत्या नारायण सिंह, सूरज दीक्षित,गुंजन मद्धेशिया,प्रिंस कसेरा, संजय अग्रवाल, अंकुर केसरी, केशव खण्डेलवाल,वेद तिवारी सहित कई सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग एक एक्टिव युवाओं की संस्था है जो कि हर त्यौहार में बिना भेदभाव किए, कुछ न कुछ आयोजन किया जाता है। इन लोगों के द्वारा रामनवमी में 251 किलो लड्डू का वितरण किया गया।महापौर रोशनी तिर्की ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम को आयोजित कर हजारीबाग यूथ विंग समाज को एक नई दिशा की ओर अग्रसर कर रहा है यूथ विंग के समस्त सदस्य गण इस कार्यक्रम के लिए बधाई के पात्र हैं।



## सनातन धर्म हिंदू समाज के साथ हर वक्त खड़ी हूं : सुनिता चौधरी

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा गाड़ी में साउंड सिस्टम बाजा लगाकर नगर भ्रमण करने के दौरान प्रशासन के द्वारा साउंड गाड़ी जप्त कर ली गई थी द्य इसकी सूचना रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी को रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष छोटू वर्मा एवं दीपक मिश्रा के द्वारा रामगढ़ युवा संघ के झांकी कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर सूचना दी गई और कहा की प्रशासन द्वारा साउंड सिस्टम गाड़ी जप्त कर ली गई है जिसके विरोध में हम सभी अखाड़ा वाले से साउंड सिस्टम एवं लाइट को बंद करवा कर प्रशासन की विरोध कर रहे हैं, आप कृपया कर जिला उपायुक्त, जिला प्रशासन से बात कर जब्त वाहन को छुड़वाने का कार्य करें और हम सभी चट्टी बाजार में सभी सनातन धर्म प्रेमियों के साथ खड़े हैं और रामगढ़ थाना की घेराव करने जा रहे है द्य मौके पर विधायक सुनिता चौधरी तुरंत चट्टी बाजार पहुंचकर बजरंगी भाइयों के साथ धरना स्थल पर बैठ गई और वहीं से जिला उपायुक्त माधुरी मिश्रा से बात कर जब्त वाहन को छुड़वाने का आग्रह किया द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा की हम सभी श्री राम भक्त विधायक सुनिता चौधरी का धन्यवाद देते हे कल देर रात्रि रामगढ़ जिला प्रशासन के द्वारा रामनवमी समित का जो साउंड सेटअप जप्त कर लिया गया था जिसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में श्री राम भक्त सड़कों पर उतर आए थे और जैसे ही विद्यायक महोदया को जानकारी हुई मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत उन्होंने रामगढ़ डीसी से फ़ोन से संपर्क कर जप्त किए साउंड सिस्टम गाड़ी को छोड़ने का आग्रह किया ओर कहां की रामनवमी महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सभी सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा साउंड गाना बजाए जा रही है जिस पर बेवजह परेशान करना उचित नहीं है इसलिए रामनवमी महापर्व शांति एवं धूमधाम से रामगढ़ की जनता मना सके इसके लिए उचित पहल करते हुए जब्त वाहन को छोड़ने का कार्य करें द्य मौके पर जिला प्रशासन ने भी विद्यायक के आग्रह को सुनते हुए तुरंत जब्त किए हुए साउंड सिस्टम गाड़ी को छोड़ दिया गया द्य इस मोके पर सभी सनातन धर्म प्रेमी जय घोष, जय श्री राम के नारा लगाते हुए नगर भ्रमण के लिए निकल पड़े द्य मौके पर विधायक सनिता चौधरी ने जिला प्रशासन एवं इस माहौल को संभालने वाले सभी राम भक्तों को उन्होंने विशेष धन्यवाद दिया द्य इस दौरान ,आजसू नेता विमल बुधिया, अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, अनुपमा सिंह, राजेश गोयनका, रोहित सोनी, राजेश महतो, प्रभात अग्रवाल, डीया महतो, साजन शर्मा, बीजू गोइंका, बीजेपी नेता संजय सिंह, बिनोद मिश्रा, राजेश ठाकुर, साहित सैकड़ों राम भक्त मोजूद थे ।

## महा रामनवमी पर रजरप्पा क्षेत्र में महावीरी झंडा की धूमधाम से की गई पूजा अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयला क्षेत्र के गांव से लेकर शहर तक महा रामनवमी पूजा के अवसर पर विधि विधान से राम भक्तों द्वारा बजरंग मंदिर परिसर में महावीरी झंडा की गई पूजा अर्चना किया गया एवं राम भक्तों द्वारा जोरदार उद्घोष के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए गए जबकि राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की और रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी न्यारी के भक्ति में नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा इस मौके पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के अखाड़ों में राम भक्तों द्वारा हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन क्या गया जगह जगह पर विभिन्न अखाड़ों में तलवार फरसा लाठी डंडा आदि का प्रतियोगिता मे खेल का प्रदर्शन किया गया कहीं-कहीं पर चैत्र दुर्गा पूजा को लेकर काफी चहल-पहल रही और महिला श्रद्धालुओं द्वारा महा अष्टमी एवं महानवमी की पूजा अर्चना की गई एवं सुख समृद्धि शांति की मनोकामना की रजरप्पा आवासीय कॉलोनी के पठवा हनुमान सेवई पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह के द्वारा राम नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में पूड़ी सब्जी बुंदिया खीर महाप्रसाद आदि का वितरण किया गया जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अमृत्तुल्य प्रसाद का ग्रहण किया गया रामनवमी को लेकर चारों तरफ महावीरी झंडा से चौक चौराहों पर पटा रहा जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति में डूबा रहा जगह जगह पर विभिन्न अखाड़ों में लाठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।



## प्रशासनिक टीम ने देर रात तक किया तमाम व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री राम जन्मोत्सव के महापर्व रामनवमी में शांति और भाईचारगी बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बुधवार देर रात तक डीआईजी नरेंद्र कुमार,उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अगुवाई में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासनिक टीम देर रात तक सम्पूर्ण जुलूस मार्गो में रामनवमी पर्व के अंतिम तैयारियों का जायज़ा लेती रही।

डीसी श्रीमति सहाय ने बताया कि रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है. इसके लिए कई चरणो में विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक की गई है। वहीं जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सुविधा, सड़कों का निर्माण, लाइट की व्यवस्था, मंच निर्माण जैसे तमाम बातों पर पहले से काम चल रहा है. उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि जिला प्रशासन और आम जनता समन्वय के साथ सहयोगात्मक रुख रखें। उन्होंने हजारीबाग की जनता से अपील की है कि प्रशासन आपके साथ हर कदम पर खड़ा है, पूरी भव्यता और शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाएं और शोभायात्रा का आनंद लें। मौके पर उपाविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार, सीओ सदर राजेश कुमार, डीएसपी आरिफ इकराम,डीएसपी महेश प्रजापति व अन्य मौजूद रहे।



## हजारीबाग के रामभक्तों ने तलवार भेंट कर किया सदर विधायक का सम्मान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामभक्त बप्पी उर्फ करण, कुलदीप कृष्णा और सचिन पाण्डेय ने संयुक्त रूप से रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल का उनके विधायक सेवा कार्यालय परिसर में पारंपरिक तलवार भेंटकर और भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया। तीनों ने जय श्री राम का नारा लगाकर उनके पारंपरिक रामनवमी शोभायात्रा को लेकर किए गए प्रयासों का स्वागत किया और सराहना किया। उल्लेखनीय है की सदर विधायक मनीष जायसवाल एकलौते ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जिन्होंने हजारीबाग के रामनवमी के स्वरूप को परिवर्तित करते हुए तमाम प्रकार की पाबंदी और बाधाओं का पुरजोर विरोध किया है और अखाड़ा धारियों तक पारंपरिक हथियार लाठी और तलवार पहुंचाते हुए उनका हौसला लगातार बढ़ा रहें हैं ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## 2 अप्रैल को काली स्थान रोड में फ्री हेल्थ कैम्प का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के मैन रोड स्थित my chhota school (माई छोटा स्कूल)में रविवार को फ्री हेल्थ कैंप लगेगा। कैंप फिदा बिल्डिंग काली स्थान रोड में दिन के 11 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा। दवाएं फ्री दी जाएगी। स्कुल के डायरेक्टर फौजया रहमान ने बताया कि 2 अप्रैल को फ्री हेल्थ कैम्प में रांची के जाने माने डाक्टरों का सहयोग मिलेगा जिन में डॉक्टर इबरार आलम, डाक्टर खुर्शीद अनवर, डाक्टर रूमाना रहमान, डाक्टर उजमा इरफान विशेष रूप से उपस्थिति रहेगी।आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विशेषकर ह्दय रोग, मधुमेह, रक्तचाप स्त्री रोग सहित विभिन्ना बीमारियों का आधुनिक चिकित्सा पद्धति से परीक्षण के दौरान उचित परामर्श भी दिया जायेगा ।

## रमजान का पहला दस दिन रहमत का अशरा हैं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अल्लाह तआला ने रमजान महीने को तीन अशरा में बांटा है। प्रत्येक अशरा दस दिनों का होता है। पहले दस दिन रहमत का हैं। रहमत के इस अशरा में, सर्वशक्तिमान अल्लाह अपने सभी बंदों पर दया(रहमत) की दृष्टि रखता है। और बे शुमार रहमते नाजिल करता है। हम मुसलमानों को चाहिए कि अल्लाह की तरफ झुके। इस रहमत के अशरे में आइए हम सब अपने जाहिरी (बाहरी) और बातिनी गुनाहों से क्षमा मांगें। अपने गुनाहों पर शर्मिंदा हो। इस महीने में कुरआन करीम की तिलावत करें। कुरान पढ़ने वालो के पास बैठे। क्योंकि अल्लाह पाक ने रमजान के इस महीने में पवित्र कुरान को उतारा। रोजा का एहतमाम करें। मौलाना शौकत नुमानी इमाम व खतीब मस्जिद नूर सह शिक्षक अध्यक्ष मदरसा अनवारुल उलूम कासमिया ।

## केएफसी के चिकन फीस्ट वीक में अपनी चिकन क्रेविंग्स पूरी करें

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यदि आपने पिछले कुछ दिनों में अपने पसंदीदा क्रिस्पी चिकन को मिस किया है और अब आप और इंतजार नहीं कर सकते, तो तैयार हो जाईये क्योंकि आप ही के जैसे फैंस के लिए केएफसी ला रहा है द चिकन फीस्ट वीक, जिसमें लज़ीज़ क्रिस्पी स्वाद को चखने के लिए सीमित अवधि का ऑफर सिर्फ 31 मार्च से 9 अप्रैल तक है। इस ऑफर में चिकन प्रेमियों को उनके केएफसी फेवरीट्स पर 40त्न तक की छूट मिलेगी।तो अब चिकन के बारे में सिर्फ सपने देखना करें बन्द और केएफसी कॉम्बो की वैरायटी में से अपनी पसंदीदा चुनें मात्र 149/- में। सभी फैन्स मेनु आईटम पर दी गयी इस बेहतरीन डील का मज़ा ले सकते हैं। और स्वादिष्ट विकल्प जैसे कि क्रिस्पी हॉट विंग्स, पॉपकॉर्न चिकन बिरयानी, या जिंजर बर्गर, फ्राइज़, डिप्स और पेप्सी को एन्जॉय करें ।




## धर्म यात्रा आज

**पतना(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सीता पहाड़ चर्च के धर्मावलम्बियों के द्वारा शुक्रवार को दिग्गी चौक से कैथोलिक चर्च तक धर्म यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सीता पहाड़ कैथोलिक चर्च के अलावे छोटे गिरजाघरों से धर्मावलंबी पहुंचेंगे। यह जानकारी सीतापहाड़ चर्च के फादर कृष सिस्टम हेंब्रोम ने दी।

## सात दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आज से

**पतना(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीएसके कॉलेज बरहरवा की एनएसएस इकाई दो का सात दिवसीय कार्यक्रम 31 मार्च से 6 अप्रैल तक राजकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिंदु धाम में होगा इस कार्यक्रम में यूनिट 2 के द्वारा गोद लिए गए बरमसिया गांव में स्वयंसेवकों द्वार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा कार्यक्रम का उद्घाटन 31 मार्च को दोपहर 2ः00 होगा इसकी जानकारी यूनिट 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर केशव बाल गोविंद ने दी।

## श्रीकुंड में लगा नया ट्रांसफार्मर

**पतना(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरहरवा प्रखंड के श्रीकुंड ओवर ब्रिज के पास कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के निर्देश पर पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के प्रयास से एक सौ केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। श्री कुंड ओवर ब्रिज के पास एक 100 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया लगाया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया काबिल अहमद प्रखंड सचिव शमीम अख्तर अशफाक शेख साबिर शेख सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल के धक्के से बच्चे की मौत

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ गोमिया एनएच मुख्य मार्ग पर बुधवार देर रात्रि आठ बजे एक मोटरसाइकिल के धक्के से बारह वर्षीय शाहनवाज अंसारी पिता नौशाद अंसारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के मुताबिक शाहनवाज अंसारी रोड किनारे शौच के लिए गया था इसी दरमियान तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया जिससे आनन फानन विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।नवादा निवासी शाहनवाज अंसारी पिता नौशाद अंसारी का इकलौता वारिस था।इस घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार अपनी मोटरसाइकिल छोड़ वहां से भाग निकला। विष्णुगढ़ पुलिस बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग सदर भेज दिया गया है।

## 26 वीं वाहिनी एस एस बी कमांडेंट के निर्देश पर डी समवाय ने किया जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र में 26 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल डी समवाय उलिहातू के द्वारा जन कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम मे सहायक कमान्डेंट सोमेन गोराई के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस कार्यक्रम के तहत सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें 10 स्कूलो के बच्चों को नोट बुक, ग्रामो में सोलर लाइट, महिला समितियों को सामाजिक कार्य हेतु बर्तन जिसमे बड़े बड़े कड़ाई, डोंगा, चूल्हा, डेगची, प्रेशर कुकर, आदि वितरण किया गया। उसके इलाबे गांव के खिलाड़ियों को हॉकी स्टिक, जर्सी, सीन गार्ड, जूते, मोजा, बॉल दिए गए।किसान भाई और बहनों को स्प्रे मशीन एवं गांव वालो को फलदार पौधा बाटा गया। इसके साथ साथ सिलाई प्रशिक्षण करा के गांवों के महिलाओं एवं लड़कियों को सर्टिफिकेट भी दे कर प्रोसाहित किया गया।कार्यक्रम में उप निरीक्षक अंगू उरांव , सहायक उपनिरीक्षक सूरज लाल चकमा, बोरा, दिनेश, चंदन, सौरव, और अन्य बल कर्मी, मौजूद थे साथ ही साथ आस पास के क्षेत्र के आने बाले मीडिया बंधु और मुखिया सरपंच, चराडिह महिला समिति के सदस्य , स्कूल के बच्चे इस वितरण समारोह में उपस्थित थे। डी समवाय कैम्प के अंतर्गत आने बाले गांव उलिहातु, गेरने, गसर, तुबिद, सेल्दा, लुपुंडीह, चराडीह, मोहबर्रा, गंतुरा, बारहडीह, बारी निजकेल, बरगी आदि गांव से आए हुए लोगो के बिच भी सामग्री का वितरण किया गया।

## मां शीतला मंदिर में माता और रामनवमी पूजा हर्षोल्लास के साथ मना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां शीतला मंदिर गिद्दी ए के प्रांगण में गुरुवार को महानवमी पर माता रानी और रामनवमी का हर्षोल्लास के साथ मना। पुजारी आरके बनर्जी के द्वारा मंत्रोच्चारण कर नियमानुसार विधिवत पूजा करवाई गई। भक्तों ने फल, फूल, मिष्ठान, चढ़ाकर माता रानी, बजरंगबली से उज्जवल भविष्य, सुखमय संसार, निरोगी जीवन, रोजी रोजगार का आशीष मांगा। महावीर पताको को बजरंग स्थान पर स्थापित किया गया। साथ ही नगर क्षेत्र को संकट से बचाने का महावीर से याचना की गई। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी हुआ।

# स्वच्छोत्सव 2023 को लेकर नगर पंचायत के लिए निकाली गई मशाल यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** नगर पंचायत, खूंटी द्वारा स्वच्छोत्सव 2023 को खूंटी में स्वच्छ मशाल यात्रा निकाली गई। दो अलग-अलग जगहों से प्रारंभ मशाल यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर कचहरी मैदान पहुचीं। यहां स्वच्छता शपथ के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्येश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है।उक्त कार्यक्रम के तहत एक मशाल यात्रा मुख्य पथ स्थित सेनिटेशन पार्क, खूंटी से प्रारंभ हुई। इस मशाल यात्रा में 1 से लेकर 15 वार्ड संख्या तक के वार्ड पार्षद शामिल थे। वहीं जादुर अखाड़ा, सीएनआई चर्च, खूंटी से प्रारंभ दूसरी मशाल यात्रा में वार्ड संख्या 16 से लेकर वार्ड संख्या 19 के वार्ड पार्षद शामिल थे। दोनों मशाल यात्रा में शामिल लोग कचहरी मैदान पहुंचे, जहां स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उन्हें स्वच्छता संबंधित दायित्व को निभाने के प्रति प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूंटी, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एएलएफ ,सीआरपी, एसएचजी सहित नगर पंचायत के सभी कर्मी शामिल हुए।नगर मिशन प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों पूर्व से विभिन्न वार्डो में बैठक का आयोजन कर स्वच्छता संबंधित विभिन्न मुद्यों यथा- सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन, सेप्टिक टैंक की सफाई, वेस्ट वाटर का उपयोग, एमआरएफ आपरेशन, बेस्ट टू हेल्थ, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित स्वच्छता से संबंधित अन्य मुद्यों पर विस्तार से चर्चा कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का कार्य किया गया। उक्त विषयों पर शत्-प्रतिशत भागीदारी करने वाली, स्वच्छता की दिशा में अच्छे कार्य करने वाली और समाज में बदलाव के लिए कार्य करने वाली महिलाओं का निकाय स्तर पर चयन कर नगर पंचायत, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। स्वच्छता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को स्वच्छोत्सव अभियान 2023 के लिए महिला आइकन का चयन किया जाना है। स्वच्छोत्सव अभियान के तहत 50 महिलाओं का चयन कर प्रशिक्षण देकर स्वच्छता से संबंधित ट्रेनर के तौर पर विभिन्न वार्ड में कार्य करने हेतु रखा जाएगा।

# रामनवमी की झांकी बड़ी धुमधाम से निकाली गयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे चैती दुर्गा पुजा के नवमी के दिन रामनवमी का त्यौहार बड़ी धुमधाम से मनाया गया। सुबह से ही हिन्दू समुदाय के लोग बजरंग बली की विधिवत पुजा अर्चना के साथ हवन किया। अपने घरों मे एवं बजरंग बली के मंदिर मे भगवा झंडा को लहराया गया साथ ही सभी के बीच प्रसाद के रुप मे चना गुड़ का वितरण किया गया। शाम के समय जय श्री राम कमिटी पोस्ट ऑफिस के पास अखाड़े मे बजरंग बली की पुजा अर्चना कर झांकी निकाली गई। झांकी मे छोटे छोटे बच्चे समेत बड़े लोग भी तलवार बाजी, लाठी खेल के करतब दिखाएं! यह झांकी रेलवे क्लोनी हनुमान मंदिर, रेलवे मार्केट हनुमान मंदिर होते हुए टुंगरी पहाड़ चैती दुर्गा मंदिर के अखाड़े तक गए। और झांकी के प्रदर्शन से लोगों का मन मोह लिया। हर तरफ जय श्री राम, जय बजरंग बली के नारे से क्षेत्र गुंजामय हो गया। पुरा क्षेत्र भगवा रंग मे रंग गया। हर तरफ चना गुड़, पानी, शरबत की व्यवस्था की गई थी। सिल्ली मुरी के प्रशासन भी रामनवमी त्यौहार को लेकर मुस्तैद थे। किसी प्रकार की अप्रीय घटना ना हो इसको लेकर पुलिस दिनभर सड़कों पर अखाड़ों पर घुमते नजर आए।

## हेसाला में धुमधाम से निकाली गयी भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा उठा पूरा क्षेत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हेसला में रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र राममय हो गया। सड़कें श्रीराम के जयकारों से गूंज उठीं। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, श्रीराम जी चले न हनुमान के बिना आदि गानों और भजनों पर भक्त झूमते हुए चल रहे थे । भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, भाजपा नेता आनन्द बेदिया, प्रदीप ठाकुर, दिनेश प्रजापति, महेश प्रजापति, मनोहर ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

# रामभक्तों के शहर हजारीबाग में निराली लगती है झंडा पर्व की फिजां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामभक्तों के शहर हजारीबाग में झंडा पर्व की फिजां निराली लगती है। सद्भावना, एकता और भाईचारगी का मिसाल हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी शोभायात्रा का आकर्षक नाजारा आज देर शाम दिखेगा। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदर्शो का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भूत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगड़ाहट, लाठियों के तड़तडाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते-नाचते- झूमते सड़क पर उतरेंगे। यह धार्मिक जुलूस जो अनवरत कल देर शाम तक जारी रहेगा। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें- नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुंधियाती आँखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला- कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएँ गूंज उठती है। इन मनभावन, अद्वितीय, अनुपम, खुशगवार दृश्यों का अवलोकन करने हेतु दूर- दराज से जनसैलाब उमड़ पड़ता है। हजारीबाग की रामनवमी जुलूस यहां की तहजीब समृद्धि सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत एवं अस्मिता का प्रतीक बन चुका है। यहां रामनवमी अतिविशिष्ट लोक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। मनाये भी क्यों नहीं, यह उनका जन्मदिन का उमंग है, जो पापी, अत्याचारी और अधार्मिक व्यक्ति को भी सन्मार्ग पर लाकर श्रेष्ठ व्यक्ति बना सकते हैं। वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हजारीबाग वासियों द्वारा विशेष तरीके से मनाया जाता है। भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र और धार्मिक उपदेश को पहल करके मनुष्य उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ स्थानीय झंडा चौक स्थित सदर विधायक मनीष जयसवाल के कार्यालय परिसर में विधायक सेवा केंद्र की स्थापना गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी की गई है ।

## स्वच्छ भारत मिशन का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड उपकेंद्र द्वारा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चचगुरा में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत निबंध , कविता व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में प्रांगण कराया गया । और सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को पावर ग्रिड द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। पेंटिंग में प्रथम खुशी कुमारी, द्वितीय



सोनाक्षी कुमारी, तृतीय आराध्या हीरा चतुर्थ सीतामुनी कुमारी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुर्वारानी कुमारी, द्वितीय सरिता कुमारी ,तृतीय संध्या कुमारी, चतुर्थ खुशी उरांव ।कविता प्रतियोगिता में प्रथम अनामिका कुमारी, द्वितीय वंशिका कुमारी,तृतीय अनीषा उरांव , और चतुर्थ सृष्टी रानी का चयन किया गया ।सभी चयनित सफल प्रतिभागियों को पॉवर ग्रिड की ओर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गए। मौके पर ग्रिड के सुभाष कुमार, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार राजवार, आदित्य कुमार, महादेव सिंह, संगीता मिंज, पुष्पा लकडा, आशा कुमारी , जशोदा लकडा शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## रामनवमी महोत्स्व धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के ग्रामीण इलाके में भी रामनवमी उत्सव कि धूम रही। सभी ओर महावीर झंडा से सड़क, चौक चौराहे पट्टे हुए थे।मुख्य कार्यक्रम ई ई एफ मंदिर में देखने को मिला। यहाँ पर सिल्वे,चतरा,टाटी,मानकी ढीपा,महिलोंग,हरातु,टाटीसिल्वे चौक, बर्टोला,मिश्रा टोलाराम सेना का विशाल शोभा यात्रा गाजे बाजे, श्री राम वीर हनुमान के जयकारे एवम विभिन्न झांकी के साथ उपस्थित हुए। सभी जगह के अखाड़े धारियों द्वारा विभिन्न करतब दिखाये। मैदान में महावीर मंडल टाटीसिल्वे के कार्यक्रम सम्मानीय अतिथि जैलेंद्र कुमार, डॉक्टर प्रदीप वर्मा भा ज पा के वरिष्ठ नेता, कामेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि, विनोद अग्रवाल,गोविंद महतो,महेंद्र महतो दाम सिंह मुंडा,माधुरी देवी पूर्व उप प्रमुख,विपिन टोपो, कृष्णा पाहन मुखिया,धर्मेंद्र।शिविर लगाकर चना,गुड़, शरबत तथा सबसे आकर्षक झांकी एवम तमाम अखाड़ेधारियों को झंडा,अंग वस्त्र, तलवार , ड्रम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष विगना महतो,युवा नेता मनेश महतो, समाजसेवी बसंत मिश्रा,जगदीश नायक, बृजेश सिंह,रासेश्वर नाथ मिश्र, देवी शंकर, नेत्री आरती कुजुर, माधुरी देवी, सुमित महतो,जे पी महतो, रंथु नायक,संजय साहू रंधीर कुमार, उधवचंद महतो,राजेश मिश्रा,अमित मिश्रा ,थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, गिरिधर मिश्रा, मधुसुदं पांडे इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दूसरी ओर भारतीय नव युवक संघ नामकुम द्वारा 251 फिट का महाविरि एवम तिरंगा झंडा शोभा यात्रा में निकाला गया। सदाबहार चौक नामकुम में भी समाजसेवी, नेता गन सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, अशोक मुंडा, आरती सिंह, बिरसा मुंडा, अशोक नायक के द्वारा सम्मानित किया गया।

## चटवल मोड़ मस्जिद के पास दिखा हिन्दू-मुस्लिम का आपसी सौहार्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** प्रखंड के ठुद्ध75 चटवल मोड़ मस्जिद के सामने गुरुवार को दिखा हिंदू-मुस्लिम का आपसी सौहार्द रामनवमी त्योहार पर निकलने वाले जुलूस का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया जोरदार स्वागत जानकारी देते हुए समाजसेवी जिया उल हक ने बताया कि हमारे पूर्वजों ने हम सबको मिलकर रहने की जो संस्कार दिए हैं उसी का देन है कि आज के भी समय में हम सब एक होकर रह रहे हैं हिंदू भाइयों का सबसे बड़ा त्यौहार रामनवमी का जुलूस आज निकल रहा है जिसको लेकर चटवाल मोड़ मस्जिद के समीप हम लोगों ने ठंडा पानी और फल का इंतजाम किया है और उनको अपनी ओर से इस रामनवमी के त्यौहार पर स्वागत करते हैं इस मौके पर शशि साहू, गोपाल साहू, बिपिन मिश्रा, चंदन गुप्ता संजय साहू, थाना प्रभारी चान्हो और पुरे कर्मी, मौलना रफीक शाहब, ऐनुल हक आल्हाज तैयब, एजाजुल हक, अबरारुल, हक, मो0 जुबैर, पल्लू ब्रदर, मो0 मंजूर।

## मैकलुस्कीगंज शिव मंदिर प्रांगण में रामभक्त श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, अखाड़ो में अस्त्र-शस्त्र का परिचालन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** हिन्दू सनातनियो का महापर्व रामनवमी के अवसर पर मैकलुस्कीगंज शिव मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ी. हजारो की संख्या में आस पास के लोगों ने जय श्री राम के गगनभेदी नारो के साथ अपने अपने अखाड़ो से झंडे को लेकर शिव मंदिर प्रांगण पहुँचे. बजरंगी झंडा लेकर आये सभी रामभक्त को स्वागत लपरा पूजा समिति के द्वारा किया गया. इस दौरान मंदिर परिसर में लगे अखाड़े में लोगो ने जमकर लाठी, तलवार एवं अन्य खेलों का प्रदर्शन किया. दुर्गा पूजा समिति व मेला समिति द्वारा आयोजित समारोह के मुख्य



अतिथि सुरेंद्र नाथ पांडेय,विशिष्ट अतिथि लपरा मुखिया पुतुल देवी,एएसआई मिर्जा सोरेन, भोला साव, राम बिलास गोप उपस्थित थे. कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के प्रतिभागियो एवं सबसे ऊंचा झंडा के लिए प्रथम चिना टांड द्वितीय पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ झांकी देवी मंडप लपरा तृतीय पुरस्कार लंबा ध्वज गरतुआटोला को अतिथियों ने पुरस्कार से सम्मानित किया. वही इस कार्यक्रम में गरतुआटोला, चिना टांड, बसरिया विकास नगर, चट्टीनदी नदी, ऊपर टोला देवी मंडप लपरा, राजीव नगर, कोनका सहित अन्य जगहों से अखाड़ा धारियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन रामबिलास गोप एवं मुकेश गिरि ने किया ने किया. मेला को सुचारू रूप से संचालित करने में समिति के जितेंद्र नाथ पांडेय,मनोज गिरि, रूपेश चौरसिया, अमित सिंह,आशीष सिन्हा , रमेश गुप्ता,आशीष रंजन प्रदीप यादव,गौरव पांडेय,अविनाश पांडेय,सुजीत गुप्ता,सुबोध रजक, सुनील गिरी, मुकेश गिरि सहित अन्य लोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति मेला महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैकलुस्कीगंज :** सटे निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा पूर्व विधायक प्रकाश राम ,भाजपा नेत्री नीलम देवी एव जर्मनी से आये अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता रंका टाना भगत तथा संचालन सुशील तिवारी ने किया. सर्वप्रथम सुबह से टाना भगत समुदाय के द्वारा कलश जल यात्रा निकाली गई. उसके बाद टाना भगत स्मारक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना की. वही मुख्य अतिथि देवशरण भगत व प्रकाश राम सहित अन्य टाना भगतो ने स्मारक स्थल का परिक्रमा किया उसके बाद सभी



अतिथियों ने सभी नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर मल्यार्पण किया गया. वही मुख्य अतिथि के द्वारा राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया गया. उसके बाद कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया. अतिथियों का बुके एव माला पहनाकर स्वागत किया. मुखदेव गोप के द्वारा विषय प्रस्तुत कर टाना भगतो के आन्दोलन कि जानकारी दी. डॉ0 देवशरण भगत ने कहा कि देश की आजादी में निन्द्रा के नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी का अहम योगदान है. उन्होंने आजादी की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभाई. प्रकाश राम ने कहा कि टाना भगत ने स्वतंत्रता संग्राम में इनकी भूमिका अहम रहा है ये हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं . स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो के परिवार को सम्मानित किया गया. इस मौके पवन पाण्डेय, शिव शंकर टाना भगत,मुखिया सुनीता टोप्पो,एतवा टाना भगत,हीरा टाना भगत,सुरेश टाना भगत,रंथि टाना भगत,बुधनी टाना भगत,राजो टाना भगत,अनिता टाना भगत,सुखदेव टाना भगत,बिगले टाना भगत, रंका टाना भगत,राम टाना भगत,चरित्र टाना भगत,लक्षु टाना भगत,भरत टाना भगत,भुनेश्वर प्रजापति, बिरसा टाना भगत, चारोराज टाना भगत,रमेश टाना भगत सहित काफी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## अरगड्डा में रामनवमी पर भक्तों ने निकाला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा बाजार से रामनवमी का जुलूस गुरुवार संध्या को निकला। गाजे-बाजे के साथ नाचते झुमते मंदिर समिति व अखाड़े सदस्य, युवाओं बच्चों के द्वारा हाथों में केसरिया ध्वजा लेकर नगर भ्रमण किया गया। जय श्री राम, जय हनुमान, हर- हर महादेव के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। युवाओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र से हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन किया। रामनवमी जुलूस अरगड्डा बाजार, सुभाष नगर, इंदिरा चौक होते हुए श्रमिक मैदान अरगड्डा पहुंचा।

प्रभात मंत्र

धनबाद/गिरिडीह

रांची, शुक्रवार, 31 मार्च 2023 | पेज 10

## छः वर्षीय मंतशा खान ने रखा रोजा, लोगों ने दीं दुआएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रहमतगंज के रहने वाले तारिक खान की पुत्री एवं कांग्रेस नेता तनत खान की भतीजी मंतशा खान ने रमजान का पहला रोज़ा रखा। छः साल की उम्र मे पहला रोज़ा रखने पर घर वालों के साथ साथ मिलने जुलने वाले लोगों ने मंतशा खान को मुबारकबाद दी है। इस मौके पर लोगों ने मंतशा के हौसले की तारीफ करते हुए उसे ढेर सारी दुआएं दी और कहा की अल्लाह उसके रोज़ा को कुबूल फरमाए। वहीं मंतशा ने बताया की अल्लाह की रज़ा के लिये उसने रोज़ा रखा और देश व दुनिया की भलाई, अमन व शांति के लिये दुआएं भी की।

## मदरसा जामियातुल मदीना में खत्म ए कुरान कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्वर डब आज़ाद नगर स्थित दावत ए इस्लामी इंडिया का मदरसा जामियातुल मदीना में तराबी के तौर पर 7 दिन मे खत्म ए कुरान कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मौलाना हाफिज शकील रजवी ने पूरा कुरान शरीफ सुनाया। इस मौके पर उन्हें फूल माला व तोहफा के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता शाहिद कमर ने किया। मौके पर मदरसे के नाजिम साहब, गुलाम हैदर मदनी, गुलाम मोहम्मद कादरी, जहांगीर मदनी, अब्दुल अजीम अंसारी, मौलाना गुलाम सरवर, मौलाना यूनुस रजा व तंजीम उलमा ए अहले सुन्नत धनबाद के सदस्य एवं इलाके के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उलमा ए कराम व दावत ए इस्लामी के लोगों ने कौम को यह संदेश दिया कि लोगों को पवित्र कुरान पढ़ने व सुनने के साथ साथ इसको समझने और इस पर अमल करने की जरूरत है। साथ ही जकात की रकम को मदरसा मे देने की भी लोगों से अपील की गई।

## मॉडर्न इंग्लिश एकैडमी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू इस्लामपुर पांडरपाला स्थित मॉडर्न इंग्लिश एकैडमी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 7 के बच्चों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक मोहम्मद हसनैन अख्तर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड संख्या 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार सह समाजसेवी अब्दुल जब्बार उपस्थित रहे। उन्होने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इस कार्यक्रम मे सम्मानित भी किया गया।

## भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने की मां अंबे की पूजा अर्चना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने अपने आवास सिंह मैंसन में सर्वप्रथम मां अंबे की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती कर मां का आशीर्वाद लिया। वहीं नौ दुर्गा रूपी बाल कन्याओं के चरण धोकर उनकी पूजा अर्चना कर उन्हें अपने हाथो से खीर पूड़ी खिलाकर उनसे आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व झरिया विधायक कुंती देवी के अलावा परिवार के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## पहला कदम स्कूल में मनाई गई रामनवमी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम मे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चन्द्र का जन्मदिन रामनवमी बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक आर के प्रभात, पूनम कुमारी, नन्द महाराज शामिल हुए। इस दिन के महत्व के बारे में बताने के साथ ही राम और हनुमान मंदिर का भ्रमण किया। बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई जिसमें बच्चे राम, सीता और हनुमान के वेश में आये थे। पहला कदम स्कूल में सभी त्यौहार मनाया जाता है जिससे बच्चों को अपने धर्म के बारे में जानकारी मिल सके। पूजा अर्चना के बाद सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरुस्कार के साथ प्रसाद वितरण किया गया। राम राम जय सीताराम, राम लखन जानकी जय बोलो हनुमान की, के नारे से पूरा पहला कदम गुंजायमान हो गया। आए हुए अतिथियों ने बच्चों के लिए यथासंभव सहयोग का वादा किया।

## बीबीएमकेयू में आर्ट एंड कल्चर, संस्कृत, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा व उर्दू विभाग का उद्घाटन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामनवमी के दिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के 4 स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) विभाग आर्ट एंड कल्चर, संस्कृत, जनजातीय क्षेत्रीय भाषा एवं उर्दू विभाग का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुखदेव भोई ने किया। विश्वविद्यालय शैक्षणिक विभाग के पूजन के पश्चात अब तक अंग्रेजी, वाणिज्य, रसायन शास्त्र, इतिहास, मास कम्युनिकेशन, बांग्ला, अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, मैनेजमेंट स्टडीज, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान का स्थानांतरण हो चुका है। कुलपति डॉ सुखदेव सुखदेव भाई ने कहा की नवरात्र मे रामनवमी के दिन 4 नए विभागों का उद्घाटन हुआ एवं इसकी पढ़ाई अप्रैल माह से शुरू हो जाएगी और सारी सुविधाएं धीरे धीरे उपलब्ध कराई जा रही है।

# अनाज कालाबाजारी की सूचना पर प्रशासन चौकस

## सरिया पुलिस ने एक ट्रक गेहूं जब्त किया

**खाद्य आपूर्ति विभाग जुटी जांच में**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया/गिरिडीह :** गुरुवार को ग्रामीणों से अनाज कालाबाजारी के लिए एक ट्रक गेहूं ले जाने की सूचना पर सरिया पुलिस ने अनाज लदे वाहन समेत चालक को हिरासत में लेकर सरिया थाना में जब्त कर रखी है । मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह सरिया बराकर पुल के समीप ग्रामीणों ने ट्रक संख्या बी आर 21 जे 2889 में द्वारा बिना एफ सी आई के मार्का एवम हाथ से सिला बोरी के माध्यम से गेहूं ले जाने पर ग्रामीणों को शंका हुआ । इसके बाद वाहन को रोक कर जांच की मांग को लेकर सरिया पुलिस को सूचना दी गई । जिसके पश्चात सरिया पुलिस मौके पर पहुंच कर गाड़ी के चालक और ट्रक को सरिया थाना ले आया गया । जानकारी के अनुसार उक्त वाहन के माध्यम से 306 बोरी गेंहू सरिया भारतीय खाद्य निगम फेज 1 के गोदाम से राज्य खाद्य निगम गांडेय के लिए निकला था ।

जिस पर ग्रामीणों का आरोप था की बाजार के सादा बोरा एवम हाथ से सिला बोरा के माध्यम से अनाज ढुलाई होना कालाबाजारी का संकेत है वही वाहन की क्षमता से अधिक एवम बिना इंसोरेंश ,फिटनेश एवम जर्जर वाहन से गरीबों को मिलने वाला अनाज ले जाना कालाबाजारी का संकेत दे रहा है ।

वही दूसरी ओर मामले की सूचना के बाद जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति अधिकारी डॉक्टर अनूप कुमार सिन्हा जांच को पहुंचे जांच के उपरांत उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रथम दृष्ट्या लगभग 12 हाथ से सिली अनाज की बोरियां गाड़ी में देखी गई है । फिलहाल गाड़ी का चालान के हिसाब से अनाज का कांटा करवा कर उसका मिलान का प्रक्रिया किया जा रहा है।एवम अन्य सभी बिंदु की जांच की जा रही है ।

उसके उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी । फिलहाल किसी के द्वारा कोई लिखित शिकायत विभाग को नहीं दिया गया है।

# रोजा रखने में बच्चे भी नहीं है पीछे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** खुदा से प्रेम और इबादत के लिए कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इसमें बच्चे भी पीछे नहीं हैं। रांची क्षेत्र में बड़ी संख्या में बच्चे भी इस बरकत के महीने में इबादत कर रहे हैं। खासकर ऐसे बच्चे अधिक उत्साहित हैं जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं। दिन भर रोजे में रहने के बाद वे इफ्तार करने की खुशी बच्चो में कुछ अलग ही देखा जा रहा है। संत फ्रांसिस स्कूल नामकुम क्लास 6 की छात्र Aarish Raza रोजा रखा है। बच्चो का कहना है कि पहली बार रोजा रखकर उसे काफी खुशी महसूस हो रही है। उलेमा से सुना है कि बच्चे अपने घर से ही सीखते हैं। इसलिए जहां तक हो सके अपने घरों को दीनी माहौल बनाएं।

## माध्यमिक भोजन में घोर अनियमिता शिक्षक भी नहीं रहते उपस्थित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड के फिटकोरिया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विधालय दोरहैया में बच्चो को मिलने वाली माध्यमिक भोजन में घोर अनियमिता देखने को मिली। इस विधालय में बच्चो को मिलने वाली माध्यमिक भोजन में आलू की सब्जी और चावल दिया जाता है उसमे भी आलू नाम मात्र का रहता है और पानी अधिक। एक तरह शिक्षा विभाग का निर्देश है की सप्ताह के छे दिन अलग अलग सब्जी अंडा और फल दिया जाना है लेकिन यहाँ तो बच्चो को दाल भी नहीं दिया जाता है। वही लोगो का शिकायत है की शिक्षक भी विधालय अवधि में बाहर रहता है। बच्चो को जो भोजन विधालय में दिया जाता है उस तरह के भोजन कोई अपने घर में भी नहीं खा सकता लेकिन इस पर अभी तक प्रखंड शिक्षा विभाग का ध्यान नहीं गया है। एक तरफ बच्चो के नाम पर मिलने वाली सुविधा का बंदरबाट हो रहा है वही सबंधित अधिकारी खामोश है। इस तरह के लापरवाही को लेकर तत्काल विधालय प्रबंधन समिति और शिक्षक को तालाब करने की जरुरत है। बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कैसे बर्दास्त हो सकता है।

## जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा कोयलांचल, रामनवमी पर रामभक्तों मे उत्साह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हिन्दु धर्म का प्रमुख त्योहार रामनवमी पूरे जिले में आस्था के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर कई जगहों पर भगवा ध्वजा लहराया गया तो शोभायात्रा भी निकाली गयी। वहीं भक्ति गीत सहित जय श्रीराम एवं हर हर महादेव के नारों से पूरा कोयलांचल गुंज उठा। श्रीराम जन्म महोत्सव के अवसर पर अखाड़ा दलों के खिलाड़ियों ने अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन किया। वहीं कोयलांचल के विभिन्न अखाड़ों में बजरंगियों ने खूब डंका बजाया। देर रात तक धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा, कतरास सहित कई अन्य इलाकों में चहल पहल बनी रही। पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष चौकसी और गश्ती की व्यवस्था की गई थी। विभिन्न थाना के शांति समिति के सदस्यों ने भी विधि व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। शहर के कई स्थानों पर समाजिक संगठन भी सक्रिय दिखे। वहीं रामनवमी के इस पावन अवसर पर पुराना बाज़ार, रेलवे फाटक के पास नौजवान कमिटी, पुराना बाज़ार की एकता मंच के द्वारा राम भक्तों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। जुलूस मे चल रहे लोगों के लिये पानी, शर्बत, फल आदि के साथ साथ फर्स्ट ऐड की भी सुविधा उप्लब्ध थी। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता सोहराब खान ने समस्त देशवासियों को रामनवमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा हिन्दु मुस्लिम एकता पर बल देते हुए कहा की रामनवमी भी हमारी है रमज़ान भी हमारा, सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा।

## एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न

# बच्चों को टीका लगवाने की उपायुक्त ने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर निजी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने मिजिल्स रूबेला की गंभीरता को देखते हुए सभी विद्यालयों को निर्देशित किया कि इस अभियान में सहयोग करें। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री भूतनाथ रजवार को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए द्धश्रह्वद्ब-1 समेत सभी प्रक्रिया को पूरी करें। उपायुक्त ने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। बैठक में सिविल सर्जन सभी निजी विद्यालयों से अपील कि की form-1 जिन्होंने जमा नहीं किया है वैसे स्कूल कल तक फॉर्म जमा कर दें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है।

## टुंडी में रामनवमी महोत्सव संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण करते हुए टुंडी अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी एजाज हुसैन अंसारी के नेतृत्व में शांति पूर्ण तरीके से रामनवमी महोत्सव सम्पन्न हो गया। बताया जाता है कि टुंडी के टुंडी, महाराजगंज, रामपुर मोड़ में प्रशासनिक व्यवस्था काफी मुस्तैद था। विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण करते हुए तीन थानों के पुलिस फोर्स स्वयं डीएसपी अरविंद कुमार, टुंडी थाना प्रभारी शारदा रंजन प्रसाद सिंह,मनियांडीह थाना प्रभारी अशफ़ाक आलम, इंस्पेक्टर सुधीर प्रसाद अपने सदलबल के साथ बहुत ही मुस्तैदी से तैनात देखें गए। और टुंडी प्रखंड में रामनवमी महोत्सव बहुत ही शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

## एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने किया कंट्रोल रूम व बैंक मोड़, धनसार सहित अन्य क्षेत्र का दौरा

### संबंधित थाना को पेट्रोलिंग जारी रखने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) श्री कमला कांत गुप्ता ने रामनवमी को लेकर आज जिला नियंत्रण कक्ष, बैंक मोड़, धनसार, झरिया, जोरापोखर, केंदुआडीह, पुटकी, भागाबांध, भौंरा सहित अन्य थाना क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी संबंधित थाना प्रभारियों को निरंतर पेट्रोलिंग जारी रखने व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने रामनवमी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए अखाड़ा दल को निर्धारित रूट पर चलने, खतरनाक खेल से परहेज करने, जुलूस के मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने सहित अन्य दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा रामनवमी का पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की जिला प्रशासन अपेक्षा करता है। हर क्षेत्र में नजर रखने के लिए पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद है। वहीं जिला नियंत्रण कक्ष में उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व कर्मियों को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

## माल लदान में पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित

### चालू वित्तीय वर्ष में 170 मीलियन टन का किया माल लदान

**भारतीय रेल के सभी मंडलों में अब तक का सर्वाधिक माल लदान**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** माल लदान के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया । चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में आज दिनांक 30. 03.2023 के 15.30 बजे तक 170 मीलियन टन माल लदान का किया गया है जो भारतीय रेल के किसी भी मंडल द्वारा एक वित्तीय वर्ष में अब तक किया गया सर्वाधिक माल लदान है। विदित हो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में धनबाद मंडल द्वारा 158.82 मीलियन टन माल का लदान किया गया था जो बिलासपुर मंडल द्वारा किये गये 159.55 मीलियन टन लदान के बाद भारतीय रेल के सर्वाधिक माल लदान में करने वाले मंडलों में द्वितीय स्थान था ।

## राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन की सूची जारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन केंद्रीय कमेटी की सूची जारी हुई जिसमे धनबाद के बीसीसीएल, ईसीएल, सीसीएल व टाटा से कई लोगों को जगह मिली है। इसमें एक बार फिर से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद को इंटक से संबद्ध फेडरेशन कमेटी में जगह मिली है। जबकि विधायक को जेएमएम की ओर से पहले ही इंटक का संगठन करने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। 16-17 दिसंबर में पूरी अधिवेशन के दौरान हुए चुनाव में कमेटी बनाने का अधिकार अध्यक्ष को दिया गया था। कमेटी में कोल इंडिया, जिंक, टाटा के कंपनियों के प्रतिनिधियों को जगह दी गई है। कमेटी जारी कर दी गई है, लेकिन वरीयता को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। संगठन में वरीयता पर भी गंभीरता नहीं दिख रही है।

## मंझीलाडीह में पिछले 70 वर्षों से होता आ रहा है चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** बगोदर स्थित मंझलाडीह के श्री दुर्गा मंदिर में चैती दुर्गा नवरात्र का शुभारंभ हुआ। वर्षो से यहां पूरे हर्षोल्लास के साथ चैती दुर्गा पूजा सह रामनवमी पूजा मनाया जाता है। सर्वप्रथम मंझीलाडीह में दुर्गा पूजा का शुभारंभ 1970 में किया गया था। इससे पूर्व मंझीलाडीहद्ब्बगोदर के आसपास के क्षेत्रो में वासंती दुर्गा पूजा नहीं होने के कारण दूसरे जगह विष्णुगढ़ या डुमरी मेला देखने के लिए जाया करते थे। मंझीलाडीह गांव के प्रबुद्ध,समाजसेवी गणमान्य लोगों के मन में विचार आया कि हमलोगो को पूजा करने के लिए दूसरे जगह जाया करते हैं, इससे बच्चे,बूढ़े एवं महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करनी पड़ती है। अगर हमलोग अपने गांव में ही दुर्गा पूजा का आयोजन करें तो यहां के लोगों को दूर जाना नही पड़ेगा।पूरे मंझीलाडीह के ग्रामीणों ने इस विषय पर विचार विमर्श करते हुए एक सर्वसम्मति से सहमति बनी और सर्वप्रथम 1970 में अपने ग्राम मंझीलाडीह मे ही दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। सबसे पहले साल यह दुर्गा पूजा तिरपाल में हुई थी।इसके बाद मंदिर निर्माण हेतु पूरे मंझीलाडीह के सभी वर्गो द्वारा मिलकर एक श्री चैती दुर्गा मंदिर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए जमीन दान रामलाल बढ़ई के वंशजों द्वारा तथा चिंतामन महतो एवं मूर्ति देवी के द्वारा दिया गया था रामनवमी झंडा जुलूस ब्रिटिशकाल से ही शुरू किया गया था। लेकिन जुलूस घुमाने का लाइसेंस सबसे पहले 1952 में स्वर्गीय निर्मल मिस्त्री के नाम से निर्गत किया गया था।उसके बाद 1964 में लाइसेंसधारी के पुत्र स्वर्गीय जोधा मिस्त्री के नाम पर किया गया था इस मंदिर परिसर में भगवती मंडप(मंडई), विश्वकर्मा मंदिर, हनुमान मंदिर और भगवान शिव जी का शिव मंदिर भी मंदिर भी निर्मित है। भगवती मंडा में लोग मन्नत रखते हैं और उनकी मन्नत भी पूरा हो जाती है वर्तमान में पूजा के बेहतर सफल संचालन हेतु गठित कमेटी में अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ,उपाध्यक्ष कृष्णदेव साहू, सचिव राजू साव,उप सचिव संतोष साव,कोषाध्यक्ष शंकर साव, उप कोषाध्यक्ष बबलू साव,संरक्षक लक्ष्मण मिस्त्री,संयोजक कपिल शर्मा हैं।

# जय श्री राम से गूंजा लोहरदगा, झांकी सहित निकली रामनवमी जुलूस की भव्य शोभायात्रा

## जुलूस के दौरान चप्पे-चप्पे पर ड्रोन कैमरा से रखी जा रही थी निगरानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में रामनवमी को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। जगह-जगह ढोल नगाड़े की आवाज से पूरा नगर भक्तिमय रहा। शहर की सभी छोटे बड़े हर संस्थाओं को पूरी तरह से बंद कर लोग रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए। महिला पुरुष, युवक, युवतियां, बच्चे बूढ़े तथा हर लोगो के हाथ में या तो महावीरी झंडा या फिर पारंपरिक अस्त शस्त्र से लैस थे। शोभायात्रा में शामिल जिले के अन्य दलों ने जगह जगह तरह तरह के कलाबाजियो से अपना प्रदर्शन दिखाते रहे। शहर भर में हर जगह लगे भगवा रंग के झंडे महावीरी झंडा के साथ आकर्षक झांकी जिसमे भगवान श्री राम भैया लक्ष्मण माता सीता और महाबली हनुमान की रूप लिए नन्हे बालक बालिकाओं ने सबका मन मोह लिया। भगवान श्री राम और हर हर महादेव जय हनुमान तथा कई सनातनी नारों से पूरा शहर गूंज उठी। भक्तो ने तरह तरह के गानों पर जमकर झूमे वही रामनवमी जुलूस को लेकर पारंपरिक वेशभूषा एवं अस्त्र शस्त्र चलाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जुलूस का शुभारंभ थाना टोली, सुनहला संघ, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, राणा चौक, महावीर चौक, अप्पर बाजार, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना टोली मेन रोड, बड़ा तालाब, अमला टोली, पावरगंज चौक, रेलवे साइडिंग, बाबा मठ होते हुए नदिया चौक मेला स्थल पर पहुंच जुलूस का



समापन किया गया,जुलूस में शहरी क्षेत्रों के साथ साथ भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। इस शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का स्वागत जिले के विभिन्न दलों ने पुष्प वर्षा तथा पानी गुड़ चना इत्यादि का वितरण कर लोगों का ध्यान रखें। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस को लेकर तरह तरह के इंतजाम किए गए थे जगह जगह पर स्वास्थ्य चिकित्सक भी मौजूद थे। जिले के सभी प्रखंडों में से सभी प्रखंड में रामनवमी को लेकर मेले का आयोजन होता रहा है वही कुडू,किस्को, सेन्हा, भंडरा तथा सदर प्रखंड इत्यादि क्षेत्रों में नवमी को ही मेला लगाया जाता है। जबकि कैरो प्रखंड में दशमी को मेला का आयोजन किया जाता है। रामनवमी त्योहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा जिले को पूरे 26 जॉन में बांटा गया था जिसके नेतृत्व के लिए हर जॉन में एक प्रभारी भी नियुक्त किया गया था। जिसकी देख रेख शांति व्यवस्था के साथ सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे थे। इसको लेकर पुलिस प्रशासन लगातार शांति समितियों की बैठक आयोजित कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाने की अपील करते रहे। जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा पीटीजेड केमेरा और सर्विलांस गाड़ी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण करती रही। विभिन्न जगहों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी के साथ-साथ शरारती तत्वों पर खास नजरे जमाए हुए थे। वही अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ बीएन सिंह,पुलिस इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी अनिल उरांव दल बल के साथ मौके पर तैनात थे। शहर के कई जगहों का निरीक्षण किया गया। केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित कुमार ने क्षेत्र के गण्यमान्य लोगो से मिलकर जायजा लिया तथा मिलजुलकर आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ त्योहार मनाये।उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे निकलने वाली जुलुसों की जानकारी ली ताकि उसी के मुताबिक योजना बनाकर जुलुस को टाइमिंग के अनुसार सकुशल संपन्न कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी के नेतृत्व में शोभा यात्रा के दौरान ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जा रही थी। ताकि सांप्रदायिक और अराजक तत्वों के विरुद्ध चिन्हित कर कार्रवाई किया जा सके।

## पत्रकार की पत्नी की मौत पर कांग्रेसियों ने की शोक प्रकट

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ पत्रकार व झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी कयूम खान साहब की अहेलिया मोहतरमा (धर्मपत्नी) का आज सुबह (इनके निवास स्थान पुराना नगर पालिका कार्यालय पानी टंकी के निकट) इंतकाल (निधन) हो गया है। वे पिछले कुछ माह से बीमार चल रहीं थी। इन्हें आज ही बाद नमाज जोहर ( दोपहर 1:30 बजे ) लोहरदगा कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक (अंतिम संस्कार) किया जाएगा। आप उनके जनाजे में शामिल होकर इनके मगफिरत के लिए दुआ करें। इन के निधन पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट करती है शोक व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू, स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद,राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, साबिर खान, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जगदीप भगत, संदीप कुमार, मोहन दुबे, प्रभात भगत, सलीम अंसारी, हाजी सिकंदर अंसारी,शाहिद अहमद बेलू, सदरुल अंसारी, सामूल अंसारी, परवेज सिद्दीकी, तनवीर गौहर, यूनुस अंसारी, जुगल भगत, अनीस अहमद, सत्यदेव भगत, विनोद सिंह खेरवार, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव,जमील अंसारी, प्रकाश उरांव, अनिल उरांव, कुणाल अभिषेक, रविंदर सिंह, ठाकुर प्रसाद, नंदकिशोर शुक्ला, आजाद खान, संतोष महतो, दीपक महतो, फिरोज कुरेशी, अमृता उराव, सुशीला देवी, सरिता देवी आदि ने दी।

## वरिष्ठ पत्रकार, झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी कयूम खान की पत्नी का निधन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरिष्ठ पत्रकार व झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी कयूम खान की धर्मपत्नी का निधन उनके निवास स्थान पुराना नगर पालिका कार्यालय पानी टंकी के निकट गुरुवार को हो गया है। बताया जाता है कि पत्रकार कयूम खान की धर्मपत्नी 52 वर्षीय शबनम परवीन पिछले कई माह से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी तथा इनका इलाज भी राज्य के विभिन्न अस्पतालों से चल रहा था। गुरुवार को भी सुबह इन को लेकर परिजन डॉक्टर के पास रांची जाने वाले थे इससे पूर्व ही सुबह उनका निधन हो गया। झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी रहे तथा जिले के वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान की धर्मपत्नी के निधन की सूचना से जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिसके बाद हर धर्म व समुदाय के लोगों ने कयूम खान की पत्नी के निधन पर अफसोस व्यक्त करते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा उनके निवास स्थान पहुंचकर परिवार से मुलाकात की तथा इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े होने का एहसास दिलाया। मृतिका अपने पीछे पति सहित दो पुत्री को छोड़ गई है जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान स्थापित कर चुकी है। बड़ी पुत्री जहां डॉक्टर है वही छोटी पुत्री भी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। मृतिका शबनम परवीन का अंतिम संस्कार लोहरदगा कब्रिस्तान में किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में हर धर्म समुदाय के लोग पहुंचकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। वहीं इससे पूर्व जब उनकी शवयात्रा घर से निकल रही थी उस समय माहौल काफी भावुक था। पति कयूम खान अपनी धर्म पत्नी का जनाजा कंधे पर लेकर उनके आखिरी मंजिल के लिए रवाना हो रहे थे उस दौरान भी इस दृश्य को देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। पत्रकार कयूम खान की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव,पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, पत्रकार राकेश कुमार सिन्हा, संजय सिंह, दीपक मुखर्जी, सतीश शाहदेव, सत्यकाम, पारस साहू, राजेश गुप्ता, रोशन शाहदेव,अवनी वर्मा तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, अशोक यादव, साबिर खान, नेसार अहमद, निशित जायसवाल, सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह, सलीम अंसारी, शाहिद अहमद बेलू आदि शामिल हैं।

## कुएं में डूबने से अधेड़ महिला की हुई मौत शव को कब्जे में ले जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झालजमीरा के छापर टोली में कुएं में डूबने से अधेड़ महिला की मौत हो गई वही ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुँए से निकाल गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत के छापर टोली ग्राम में कुएं में अधेड़ महिला की डूबने से मौत की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि छापर टोली निवासी एते उरांव की 50 वर्षीय पत्नी भगवनिया उरांव घर के समीप अपने ही कुएं में सुबह पानी भरने गई थी। उसी क्रम में कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को तब हुआ जब काफी देर तक भगवनिया उरांव को घर में नही देखा गया। और एक दूसरे से पूछते हुए छानबीन करने लगा तभी



बताया गया कि पानी भरने गई थी। उसके बाद कुएं में झांक कर देखा तो रस्सी को देख संदेह होने पर बांस के सहारे घुस कर देखा तो पानी के अंदर डूबा हुआ था। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाल सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को घटना की सूचना दिया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। वहीं परिजनों द्वारा बताया गया की पूर्व से मिर्गी बीमारी से ग्रस्ति थी। और बीच बीच मे अचेत हो जाती थी। बताते हुए कहा की पानी भरने के दौरान मिर्गी आ गया जिससे कुएं में गिर गई और उसकी मौत हो गया। वहीं पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि प्रथमा दृष्टया कुएं में गिरने एवं डूबने से मौत होने का प्रतीत होता है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है।

## हर्षोल्लाष के साथ मना रामनवमी पर्व, विशेष समुदाय ने शोभायात्रा में रामभक्तों का किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में रामनवमी के पावन अवसर पर झांकी आयोजन के पश्चात अंजुमन इस्लामिया द्वारा स्वागत किया गया। उसके बाद शोभायात्रा में शामिल अखाड़ा मेला में तब्दील हो गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत क्षेत्र में हर्षोउल्लास व सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रामभक्तों ने महावीर मंडल कमिटी सेरेंगहातु के नेतृत्व में अस्त्र शस्त्र के साथ शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा के दौरान अंजुमन इस्लामिया द्वारा पगड़ी पोशी कर रामभक्तों को स्वागत किया और सभी रामभक्तों को जलपान में चना पानी सुविधा मुहैया कराया उसके बाद शोभायात्रा में शामिल सभी अखाड़ा मेल स्थल पहुंच अपने अस्त्र शस्त्र का परिचालन कर खेल का प्रदर्शन किया। बताया जाता है कि सेरेंगहातु



में पूर्व से एक दूसरे समुदाय के पर्व में सहयोग किया जाता है। और आपसी सौहार्द का परिचय दे मिशाल कायम करने के दिशा में कार्य किया जाता है। शोभायात्रा के दौरान केंद्रीय महावीर मंडल कमिटी के राजू साहू जगेश्वर साहू,मुनेश्वर साहू द्वारा बताया जाता है कि पर्व खुशियों का त्योहार है। ऐसे अवसर पर खुशियां बाटते पर्व मनाने में काफी आनन्द मिलता है। और यह परंपरा हमारे यहाँ दोनों समुदाय के लिए चर्चित है। शोभायात्रा स्वागत में अंजुमन इस्लामिया के सदर मनौवर अंसारी, सेकेट्री आजम अंसारी सफरुद्दीन अंसारी, मुस्तकीम अंसार समसुद्दीन अंसारी इम्तियाज अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा पगड़ी पोसी एवं स्वागत किया गया।

## पतंजलि परिवार की ओर से तेली छात्रावास भवन में किया गया यज्ञ हवन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पतंजलि परिवार की ओर से चैती नवरात्र और रामनवमी पर्व को लेकर तेली छात्रावास भवन में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। अवसर पर देवेंद्र सोनी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा हवन पूजन कराया गया वही हवन पूजन में यजमान की भूमिका उमा शंकर व उनकी धर्मपत्नी कुमारी सुमन ने निभाई आयोजित इस कार्यक्रम के बाबत में पतंजलि जिला प्रभारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि बाबा रामदेव ने गृहस्थ आश्रम का त्याग कर रामनवमी पर ही गुरु दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया था।इसी उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास,युवा भारत ,पतंजलि किसान सेवा समिति ने सामूहिक रूप से उनका 29 वां सन्यास दीक्षा दिवस के अवसर पर तेली छात्रा वास भवन में यज्ञ-हवन का आयोजन किया।वही हवन कर रहे उमाशंकर योग साधक ने कहा योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। इसलिए प्रतिदिन नियमित योग करें मौके पर स्वामी जी के दीर्घायु के लिए लोगों ने प्रार्थना की और यज्ञ में आहुतियां प्रदान की।

## पारम्परिक तरीके से रामनवमी का त्योहार संपन्न, आज निकलेगी भरत मिलाप की भव्य शोभायात्रा

### कैरो रामनवमी जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओ का भी दिखा उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा 30 मार्च गुरुवार को प्रखण्ड क्षेत्र के गाँव कैरो,चरिमा,हनहट समेत विभिन्न गांव में रामनवमी के जुलूस पारम्परिक मार्ग से हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गई। वही आज 31 मार्च शुक्रवार को भव्य निकाली जाएगी भरत मिलाप की शोभायात्रा। इसके लिये आयोजन समिति ने शोभायात्रा कार्यक्रम के निमित्त 04 जिलो से 110 आखाडो को आमंत्रित किया है। रामनवमी का त्योहार व मेला प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे शांति पूर्वक संपन्न हुई। खासकर कैरो में नवमी के दिन निकलने वाली जुलूस जो कैरो मेला टांड़ से सुरु होकर मुख्य चौक,पाठक के घर होते नाजिर खान के घर होते आगे तक गई



तथा वापसी में चांदनी चौक कैरो मुस्लिम टोली, साहू मुहल्ला होते हुए पुनः मेला टांड़ लौटी। इससे पूर्व सभी श्रदालुओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा जुलुश में जय श्री राम आदि नारे लगाते हुए नाचते झूमते हुए जुलूस निकाले।जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने में थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।कैरो में पुलिस इन्स्पेटर मंटू कुमार, थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, एसआई ऋषिकांत शर्मा, संजय कुमार राय, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव बीडीओ पवन कुमार महतो,डॉक्टर राकेश कुमार,बी पी ओ मृणाल प्रकाश,नगजुआ में उपेंद्र कुमार सिंह,वर्मा उराँव,हनहट में हरिऔध करमाली,देवनाथ मरांडी के साथ पुलिस जवान तैनात रहे। प्रखण्ड अंचल कार्यालय के द्वारा जगह जगह पर सद्भावना मंच लगाया गया जहां पर जुलूस में समिल लोगो का स्वागत किया गया तथा लोगो के बीच चना गुड़ पानी का वितरण किया गया।मौके पर महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक महतो, सचिव विनोद रविदास,शम्भु सोनी, मनोज कुमार पांडेय, रिंकु प्रसाद, राजेन्द्र महतो, बुधवा उराँव, मनोज पांडेय, ललेश पांडेय, शरत कुमार विद्यार्थी, विशेश्वर प्रसाद दीन, सूरज मोहन साहू, बजरंग उराँव, मुखिया बीरेन्द्र महली, गंगा साहू, कमलेश साहू, मनोज साहु सढाबे से राजेन्द्र महतो, के अलावे बड़ी संख्या मे महिला पुरुष बच्चियां सामील थी।

## जोया फातिमा के जिद ने मां-पिता को किया मजबूर, 6 वर्षीय जोया फातिमा रोजा रखकर बन रही हैं मिसाल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुनून के आगे हर किसी की हिम्मत बुलंद हो जाती है। बात कर रहे हैं एक नन्ही बिटिया जोया फातिमा जो कैरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम गराडीह निवासी मोहम्मद वसीम अकरम और रूमाना प्रवीण की 6 वर्षीय पुत्री हैं। जोया फातिमा के जिद ने मां रूमाना प्रवीण और पिता वसीम अकरम गर्व से कहते हैं कि महज 6 वर्ष की उम्र में ही हमारी बेटी जोया इस पाक माह रमजानूल मुबारक के महीने में बड़े बड़ों को नसीहत देने का बेहतर कार्य कर दिखाई है। जोया फातिमा लोहरदगा बतहा अकाडेमी वर्ग 2 की छात्रा है। जोया अपने अब्बू अम्मी के सामने रोजा रखने के लिए काफी जिद करने लगी आखिरकार मां बाप ने बेटी की जिद पर कुर्बान जाते हुए रोजा रखने की इजाजत दे दी उसके बाद तो जोया फातिमा खुशी से खिल उठी और माहे रमजान के पहले दिन से मुसलसल रोजा रखकर समाज में बेहतर पैगाम देने के अलावा मिसाल कायम कर दिखा रही हैं जिसका क्षेत्र के लोगों में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर जोया फातिमा के रोजा नमाज से मां रूमाना प्रवीण और पिता वसीम अकरम खुद को काफी खुशकिस्मत मां पिता महसूस कर रहे हैं।

## प्रकृति उपासना का पर्व है सरहुल : विधायक भूषण बाड़ा

### बीरू पंचायत के बाघूटोली में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बीरू पंचायत के बाघूटोली में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल प्रकृति उपासना का पर्व है। यह झारखंड की संस्?कृति को दर्शाता है। यह पर्व प्रकृति का संरक्षण और इंसानों के साथ उसके प्रेम और लगाव का प्रतिक है। उन्?होंने कहा कि सरहुल पूजा करने से घर, परिवार और समाज में सुख, शांति तथा समृद्धि आती है। यह त्?योहार हमें प्राकृति के साथ जोड़ने का काम करता है। हमारा आदिवासी समाज के लोग सरहुल पर्व मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। प्रकृति भी समाज पर अपनी कृपा बरसाती है। इस दिन पेड़ पौधे और जल स्रोतों की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि आदिवसी समाज के कारण ही



आज राज्?य हरा भरा है। प्रकृति पर्व सरहुल से हमें सीखना चाहिए कि हम प्रकृति का दोहन न करें। मौके पर विधायक ने सरना स्थल में जाकर पूजा अर्चना कर जिले के सुख, शांति व समृद्धि की दुआ मांगी। **प्रकृति की आराधना का त्योहार है सरहुल : जोसिमा खाखा :** मौके पर पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि सरहुल पूरी तरह प्रकृति की आराधना का त्योहार है। सरहुल दुनियाभर में लोगों को प्रकृति से मिलने वाले लाभों को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हमारा अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है। यही हम इसकी सुरक्षा के प्रति सचेत रहेंगे, तो यह भी हमारे जीवन को खुशहाल बनाने में मदद करेगी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की,जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, उपाध्यक्ष जॉन्शन मिंज, पूर्व मुखिया शिशिर मिंज, विनय तिग्गा, पंचायत अध्यक्ष हेमंत बखला, प्रतिमा कुजूर, मंजू तिर्की, नीला नाग, सिलबेश्तर बघवार, मुकेश कुमार पांडा, सुमित केशरी, फनी मुकुट सिंह, रामकिशुन साहू, अभय केशरी, धनंजय केशरी, मोनू नायक, प्रमोध तुरी, वार्ड रेशमा देवी, श्रीकांत प्रसाद, सोनू नायक, सुकर मनी टोप्पो, रेशमा सोरेंग, दिब्या आदि उपस्थित थे।

## भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व है रामनवमी : बिंदेश्वर उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** रामनवमी के अवसर पर महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में रामनवमी के उपलक्ष्य में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव व भंडरा पंचायत के मुखिया इंद्रदेव उराव ने लाठी भांजकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा,अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता व भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार मौजूद थे। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति के पर्व रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि रामनवमी के अवसर पर इस प्राचीन मेले का हिस्सा हैं। उन्होंने रामनवमी को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व बताया।

## ठेठईटांगर प्रखण्ड में धूमधाम से निकाला गया रामनवमी का जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर :** ठेठईटाँगर प्रखंड में रामनवमी जुलूस धूमधाम से निकाला गया। ठेठईटाँगर प्रखंड के ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से जुलूस ठेठईटाँगर चौक पहुँचा। चारों तरफ़ से जुलूस ठेठईटाँगर चौक आने के बाद जुलूस अपने गंतव्य की ओर बढ़ा। जुलूस ठेठईटाँगर चौक से बोलबा मोड़ होते हुए प्रखंड मैदान जाकर रुका। प्रखंड मैदान में सभी राम भक्त अपने अपने करतब दिखाए तत्पश्चात् जुलूस ठेठईटाँगर थाना होते हुए बाज़ार टाँड पहुँचा। बाज़ार टाँड में सभी भक्तगण अपने अपने करतब दिखाए , उसके बाद जुलूस ठेठईटाँगर चौक होते हुए शिव मंदिर की ओर बढ़ा। शिव मंदिर परिसर में एक बार सभी भक्तगण अपने अपने करतब दिखाए उसके बाद विभिन्न जगहों से आये हुए जुलूस अपने अपने जगहों पर वापस लौट



गये । रामनवमी जुलूस में सभी धर्म के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंजुमन इस्लामिया की ओर से शरबत, पानी, चना और गुढ़ की भी व्यवस्था की गई । वहीं स्टार टेंट हाउस और प्रखंड प्रमुख की ओर से भी चना गुड़ एवम् शरबत की सुविधा उपलब्ध कराई गई । रामनवमी के मौके पर समिति के अधिकारियों द्वारा सभी धर्म संप्रदाय के लोगों को भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया एवम् रामनवमी जुलूस में प्रखंड प्रशासन का भी भरपूर सहयोग रहा। जुलूस की शुरुआत से लेकर अंत तक थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सीओ एवम् थाना के जवान मौजूद रहे। जुलूस में रामनवमी समिति के सभी सदस्यो ने भरपूर सहयोग किया एवम् साथ ही साथ सभी धर्म संप्रदाय के लोगों का भी भरपूर सहयोग रहा और यह रामनवमी का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण बीत ।

## चलते चलते एक नजर

### सलमान खान के विरुद्ध पत्रकार दुर्व्यवहार मामले को हाई कोर्ट ने किया खारिज

**मुंबई (एजेंसी):** बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म अभिनेता सलमान खान और उनके अंगरक्षक के खिलाफ पत्रकार दुर्व्यवहार संबंधी मामले को खारिज कर दिया है। साथ ही इस मामले में दर्ज एफआईआर को भी तत्काल रद्द करने का आदेश जारी किया है। बॉम्बे हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने सलमान खान और उनके अंगरक्षक नवाज शेख कोर्ट को दिए गए आवेदन को स्वीकार किया और दोनों के विरुद्ध निचली कोर्ट की ओर से जारी आदेश को रद्द करने का आदेश दिया है। इन दोनों के विरुद्ध मुंबई के अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मार्च 2022 में खान और शेख को 5 अप्रैल को कोर्ट के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। साथ ही कोर्ट ने इस मामले में दर्ज एफआईआर को भी रद्द करने का आदेश भी जारी किया है। दरअसल, पत्रकार अशोक पांडे ने अप्रैल 2019 में सलमान खान और उनके अंगरक्षक के विरुद्ध मारपीट करने, गाली देने, धमकी देने का मामला दर्ज करवाया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सलमान खान और उनके अंगरक्षक को 5 अप्रैल को मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने का आदेश जारी किया था। सलमान खान और उनके अंगरक्षक ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर हाई कोर्ट ने दोनों के विरुद्ध दर्ज मामले को खारिज करने का आदेश दिया है।

### प्रधानमंत्री से मिले रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव

**नई दिल्ली (एजेंसी):** रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई। यह जानकारी भारत में रूसी दूतावास ने दी है। बुधवार देर शाम को रूस सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पत्रुशेव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। रूसी दूतावास ने बताया कि मुलाकात के दौरान आपसी हित जुड़े रूस-भारत द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने द्विपक्षीय सहयो ग के मुद्दों के साथ-साथ आपसी हित के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

### ऊर्जा निगम में पुरानी ब्यवस्था लागू करने का वादा पूरा करे सीएम : अजय

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** ऊर्जा निगम में आउटसोर्सिंग खत्म कर पुरानी ब्यवस्था लागू करने का वादा पूरा करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , उक्त बातें झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कही ।उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान सोरेन ने अपनी चुनावी सभाओं में आउटसोर्स खत्म करने का वादा किया था पर लगभग चार साल उनके कार्यकाल होने को है पर उनका किया गया वादा आज भी अधूरा है। अजय राय ने कहा कि आज पूरी विधुत ब्यवस्था मानव दिवस कर्मियों के कंधे पर है पर उनकी सुधि लेने वाला कोई नही । साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के आदेश के तहत 10 वर्ष पूरा करने वाले मानव दिवस कर्मियों का समायोजन करने के बजाए विभाग अनर्गल प्रलाप कर रहा है जिसका आक्रोश कर्मियों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अगर समय रहते अपना किया गया वादा पूरा नही करते है तो श्रमिक संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा ।

# 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया सरयू स्नान

## अयोध्या : भये प्रगट कृपाला... रामजन्मभूमि, कनक भवन, दशरथ महल में हुआ भगवान राम का जन्म

एजेंसी

**अयोध्या :** राम नवमी के अवसर पर गुरुवार को दोपहर के 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित अस्थाई मंदिर, कनक भवन व दशरथ महल सहित राम नगरी के सभी मठ मंदिरों में घंटा-घड़ियाल बजने लगा। भगवान का जन्म होते ही 'भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी...की ध्वनि से पूरी अयोध्या एक साथ गुंजायमान हो उठी। इसी के साथ बधाई गीत, सोहर व ढोल नगाड़ों की थाप सुनाई पड़ने लगे।

मन्दिरों में जय श्री राम के जयघोष गूँजने लगे। साधु, सन्त, महन्त और श्रद्धालुओं के मध्य श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रामनवमी के उत्सव में शामिल होने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामनगरी में जुटे हुए हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां सरयू में डुबकी लगाई। मठ मंदिरों में चारों ओर आस्था, श्रद्धा, भक्ति भाव से ढोल नगाड़ों के बीच भक्त झूमते नजर आ रहे हैं।

श्री राम जन्मभूमि के अस्थायी मन्दिर में चैत्र प्रतिपदा से नवमी तिथि तक गर्भगृह में कलश स्थापना कर अखंड दीप जलाकर देवताओं का आह्वान किया गया। मुख्य पर्व पर आज रामनवमी के दिन रामलला को पंचामृत स्नान और इत्र का लेप लगाकर नवीन वस्त्र धारण कराया गया है। रामलला के जन्मोत्सव पर



56 भोग लगाया गया है। उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराकर सोने का मुकुट भी पहनाया गया। दोपहर 12 बजते ही वैदिक मंत्रोच्चारण और सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार रामलला की विशेष आरती और पूजन किया गया। मंदिर की सुरक्षा में लगे सभी सुरक्षा कर्मियों को पंजीरी प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण स्थल को भी भव्य रूप से फूलों से सजावट कर भव्यता प्रदान की गई थी। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे। रामजन्मोत्सव का दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया गया। क्योंकि रामजन्मोत्सव के समय सभी भक्तों को रामजन्मभूमि में रोकना संभव नहीं है। इसलिए लाइव प्रसारण के माध्यम से भगवान का जन्म भक्तों को दिखाया गया।

पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंजताम किए गए हैं। श्रद्धालुओं के अलावा साधु संत भी भगवान राम की भक्ति में लीन दिखे। अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों मणि राम क्षावनी, अशर्फी भवन, श्री राम बल्लभा कुंज, दशरथ महल और लक्ष्मण किला, सिया राम किला, सद्गुरु सदन, हनुमत निवास में भी धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया।

अनुमान है कि श्रीराम जन्मोत्सव पर लगभग 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पावनी सरयू में स्नान किया है। जिला प्रशासन का दावा है कि दोपहर 12 बजे तक 25 लाख श्रद्धालु रामनगरी में मौजूद रहे।

## लोकतंत्र व न्यायपालिका का अपमान कर देश की छवि क्यों खराब कर रही कांग्रेसः किरण

एजेंसी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के एक बयान को लेकर राहुल गांधी पर तंज कसा है। रिजिजू ने कहा है कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए उनका धन्यवाद है। कांग्रेस भारत के लोगों से नाराज है, लेकिन वह भारत के जीवंत लोकतंत्र और इसकी मजबूत न्यायपालिका का अपमान कर देश की छवि क्यों खराब कर रही है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ट्वीट पर आया है। इसमें दिग्विजय सिंह ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय और रिचर्ड वॉकर का भारत में लोकतंत्र के साथ हो रहे समझौते का संज्ञान लेने के लिए उनका धन्यवाद दिया था।रिजिजू



ने तंज कसा कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को लेकर विदेशी शक्तियों को आमंत्रित करने के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद। याद रखें, भारतीय न्यायपालिका विदेशी हस्तक्षेप से प्रभावित नहीं हो सकती। भारत अब विदेशी प्रभाव को बर्दाश्त नहीं करेगा क्योंकि नरेन्द्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि सभी चुनी हुई सरकारों से सवाल करें, सभी मुद्दों पर चर्चा और बहस करें, लेकिन भारतीय लोकतंत्र और भारतीय संस्थानों का दुरुपयोग न करें।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिग्विजय के बयान को देश का अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी देश के भीतर भारत की लोकतांत्रिक, राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ने में विश्वास नहीं रखते हैं। इसलिए विदेशी शक्तियों को हमारे आंतरिक मामले में हस्तक्षेप करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, लेकिन न्यू इंडिया प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किसी विदेशी दखल को बर्दाश्त नहीं करेगा।उल्लेखनीय है कि भाजपा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाल ही में लंदन में दिए बयान की आलोचना कर रही है। उसका कहना है कि राहुल ने विदेश की धरती से भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में हस्तक्षेप की मांग कर देश का अपमान किया है।

## पटना के एमपी-एमएलए कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में राहुल को भेजा समन

### 12 अप्रैल को होगी पेशी

एजेंसी

**पटना :** पटना के एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को समन भेजा है। कोर्ट ने 12 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने को कहा है। यह मामला भी मोदी सरनेम से जुड़ा हुआ है। इस मामले में बिहार भाजपा के राज्यसभा सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने 2019 में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद अब राहुल गांधी को कोर्ट ने समन भेजा है और पेश होने को कहा है। हालांकि, उनके 12 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने की संभावना बहुत कम है।




उनके वकील कोर्ट में पेशी की तारीख आगे बढ़ाने के लिए अर्जी डाल सकते हैं। सुशील मोदी की तरफ से दर्ज कराए गए इस मानहानि के मामले में शिकायतकर्ता की ओर से सभी गवाहों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

इस केस में राहुल गांधी आरोपित हैं, लिहाजा अब उनका बयान दर्ज किया जाना है।

**ये है मामलाः** भाजपा नेता सुशील मोदी ने 2019 में राहुल गांधी पर मानहानि का केस दर्ज करवाया था। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने मोदी को चोर कहकर पूरे मोदी समुदाय का अपमान किया है। इसी मामले में अब कोर्ट ने राहुल गांधी को पेश होने को कहा है।

## पर्यावरण के अंग है कला-संस्कृति व वन : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल के पंचायत डाली बाजार के बैकुंठपुर धाम(नवाटोली) में रामनवमी पूजा के अवसर पर नवयुवक कमिटी की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम गायन मुकाबला के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवा ,खेल, कला और संस्कृति ये सभी वन और पर्यावरण के अंग ही नहीं बल्कि राष्ट्र के धरोहर भी है । इन सबकी हिफाजत की जिम्मेवारी समाज के सभी लोगों का परम कर्तव्य है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की जिक्र करते हुए कहा कि हाल की दिनों में हमारी देश की सभ्यता संस्कृति पर पाश्चात्य सभ्यता बेतहासा हावी होते जा रहा है। हमारी वैदिक संस्कृति के अनुरूप जब शादी



विवाह या फिर कोई धर्मिक अनुष्ठान होता है तब वर- वधु को गांठ जोड़ने की परंपरा है न कि अलग करने की। उसी सभ्यता संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से वे केवल झारखंड ही नहीं देश के अन्य राज्यों में भी जब कभी किसी कार्यक्रम का शुभारंभ करते है तो फीता जोड़कर ही करते रहे हैं।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि किसी भी मुल्क के युवा वहां के विकास का बुनियाद होते हैं और ग्रामीण क्षेत्र में मेला।और दुगोला मनोरंजन का प्रमुख साधन होते हैं। इससे कई तरह के असाध्य बीमारियां भी दूर हो जाती हैं। इसलिए मनुष्य को जीवन में भोजन और मनोरंजन दोनों जरूरी है।।सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला में व्यास गुड्डु रंगीला ( बिहार) और अजीत हलचल (पलामू )के बीच गायन मुकाबला हुआ। श्रोताओं ने गीत संगीत का जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम का आयोजक अरुण पासवान, नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष राजू रंजन विश्वकर्मा सचिव प्रसाद सिंह अध्यक्षता श्यामदेव पासवान व संचालन श्रवण जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, रामजी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, रमेश विश्वकर्मा, राजेश्वर विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह, धर्मदेव यादव, भूषण प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद, लल्लू प्रसाद, विकास कुमार, श्याम बिहारी सिंह,अर्जुन शर्मा,संतोष प्रसाद, जगदीश राम, द्वारिक ठाकुर, कैलाश यादव, रामजन्म, यासीन अंसारी बिंदा प्रसाद शमीम अंसारीआदि उपस्थित थे।

### झारखंड पुलिस अकादमी की ट्रेनिंग में होमगार्ड के चार कंपनी कमांडर फेल

**रांची :** झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित ट्रेनिंग में होमगार्ड के 14 कंपनी कमांडर पास हुए हैं जबकि चार फेल हो गये हैं। ट्रेनिंग में होमगार्ड के 18 कंपनी कमांडर शामिल हुए थे। आईजी ट्रेनिंग ने लिस्ट जारी कर इसकी जानकारी दी है। झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में आयोजित ट्रेनिंग में पास हुए 14 कंपनी कमांडर में मनसिद्ध सुरीन, ऋषिकेश, अनुराधा तिग्गा, संजीव कुमार शर्मा, रोशन उरांव, रंजीत कुमार ,जयपाल कुजुर, प्रकाश लकड़ा, श्रेय अलंकार, अरविंद कुमार, राजेंद्र राम बेदिया, निरल केरकेट्टा, राजेश लकड़ा और जावेद इकबाल अंसारी शामिल हैं। फेल हुए कमांडर में सुमन कुमार, प्रभु उरांव ,आनंद नायक और राज रोशन उरांव के नाम शामिल हैं।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सीमांत गांव मलारी में लोगों से ली सरकारी योजनाओं की जानकारी

एजेंसी

**गोपेश्वर :** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडविया गुरुवार को उत्तराखंड के जिले चमोली के सीमांत क्षेत्र गांव मलारी पहुंचे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय लोगों से मिलकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ का नाम चिपको नेत्री गौरादेवी के नाम पर किये जाने पर भी अपनी सहमति दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया के मलारी गांव पहुंचने पर नीती घाटी ग्राम प्रधान संगठन की ओर से भोजपत्र की माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित पंखी, कोट और जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने आर्गेनिक पहाड़ी उत्पाद भेंट किया। स्थानीय महिलाओं ने पौण नृत्य की प्रस्तुति भी दी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने ग्राम वासियों से बातचीत में कहा कि आज में बद्री-केदार की भूमि पर आप लोगों के बीच उपस्थित हुआ हूं जिस पारम्परिक वेशभूषा, जीवन शैली से आप लोगों ने स्वागत किया, उसका धन्यवाद। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत के साथ-साथ कोविड वैक्सीनेशन और फ्री राशन सहित बिजली पानी और मोबाइल क्नेक्टिविटी की लोगों से जानकारी ली।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया ने कहा कि वर्तमान समय में सीमांत क्षेत्र में अच्छी सड़कें,



नेटवर्क क्नेक्टीविटी, बिजली पानी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं। हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से हेल्थ सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। टेलीकंसलटेंसी के जरिए सीधे बड़े डाक्टरों के माध्यम से इलाज किया जाता है। सभी को आयुष्मान भारत का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास मिल रहे हैं। लोगों का जीवन सरल बन रहा है। सभी घरों में बिजली पानी उपलब्ध है। धीरे-धीरे पलायन कम हो रहा है। गावों में रोजगार के साधन बढ़ाए जा रहे हैं। वाइब्रेंट विलेज के तहत ये सब प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सरहदी क्षेत्र सचमुच वाइब्रेंट विलेज बन रहे हैं। लोगों में हिमालय रेंज में एडवेंचर गेम्स की रुचि बड़ रही है, हमें उस तरफ काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रयोग के तौर पर कीड़ा जड़ी की मंडी लगाने का सुझाव दिया जोशीमठ स्वास्थ्य केंद्र का नाम गौरा देवी के नाम पर करने सहमति दी।

## शोषण से मुक्ति के लिए हुआ था श्रीराम का जन्म : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रामनवमी की पूर्व संध्या पर श्री महाबीर नवयुवक दल के जेनरल युगल किशोर मेदिनीनगर के हृदय स्थल छमोहान चौक पर सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। जिसमें नगर के तमाम समाजसेवियों को फूलमाला, अंगवस्त्र, तलवार व पगड़ीपोसी कर भव्य स्वागत किया। यहाँ के बाद हाऊसिंग कॉलोनी नवयुवक दल के अध्यक्ष पंकज ने पगडीपोशी का रश्म अदायगी किया ।यह कार्यक्रम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के संदेश को जन जन तक प्रसारित करने व रामराज्य की स्थापना के लिए आयोजित किया गया। विविधता में एकता लिए हमारा देश जम्बूद्वीप एक बार फिर नए शिरे से गंगा यमुनी संस्कृति के मिशाल दुनिया को दे रहा है। जहाँ जाति, धर्म व।सम्प्रदाय से ऊपर हर हिंदुस्तानी एक दूसरे को गले लगाए। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि युवा श्रीराम पिता के बचन निभाने के लिए राजमहल छोड़ वन को गमन कर गए। जिन्दगी इतना आसान नहीं थी। श्रीराम जहाँ भी गए, शोषितों को शोषन मुक्त कर उसके राज पाठ को लौटाए। उन्होंने कहा कि आप गौर फरमाएं कि आज क्या हो रहा है ? चारो तरफ लूट, झूठ, भ्रष्टाचार से भरा है। गरीब, वंचित, आदिवासी-मूलवासी की जीवन स्थिति क्या है? भूख पलायन शोषण बदस्तूर जारी है। कल से भी ज्यादा प्रभु श्रीराम के चरित्र आज प्रसंशनीय व प्रासंगिक है। जरूरत है ईमानदारी से उनके विचार को आत्मसात करने की। राम का जन्म ही कमजोर तपकों के हिफाजत के लिए हुआ था ।यही कारण है कि हर आवाम के जुबान से निकलता है जय श्रीराम। इस मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष युगल किशोर,वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर,पंकज,रामलखन मेहता,युवा समाजसेवी व वरिष्ठ एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी शोभायात्रा के श्रृंगार रहे।

### लालपुर में कोकर रौणियार वैश्य समिति ने लगाया सेवा शिविर

**रांची** : शहर के लालपुर चौक पर कोकर रौणियार वैश्य समिति ने रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान गुरुवार को सेवा शिविर लगाया। सेवा शिविर का उद्घाटन एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वर नाथ आलोक ने किया। शिविर में श्रद्धालुओं के बीच पानी, बुंदिया और चना का वितरण किया गया। सेवा शिविर में सहयोग के लिए समिति के अध्यक्ष राम नथुन शाह, डॉ विजय राज, सुबोध गुप्ता, संजय गुप्ता, शशि गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, शिवेन्द्र माणिक, रांची जिलाध्यक्ष शंभू गुप्ता, समिति की महिलाएं और बच्चे मौजूद थे।

### दहेज प्रताड़ना में डोरंडा के दो भाइयों को मिली अग्रिम जमानत

**रांची :** अपर न्यायायुक्त पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में आरोपित दो भाइयों डोरंडा निवासी रिजवान एवं सद्दाम उर्फ काली को अग्रिम जमानत प्रदान की है।

## राममय हुई राजधानी रांची, जय श्री राम के जयघोष से गूंजा शहर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में रामनवमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। राम भक्तों का उत्साह सिर चढ़कर बोल रहा था। जय श्रीराम के नारे से हर गली और चौराहा गूंज रहा था। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर शहर के कई स्थानों पर अस्थाई झांकी भी प्रदर्शित की गई। गुरुवार की सुबह से हनुमान मंदिरों में लंबी कतारें लग गई थी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में पंडितों ने पूजा-अर्चना करवाकर ध्वजारोहण कराया। लोगों ने भक्तिभाव से श्रद्धा और शांतिपूर्वक रामनवमी का त्योहार मनाया।

**अखाड़ा समितियों ने निकाली शोभायात्राः** रामनवमी पूजा को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई है। इसमें श्रद्धालु डीजे की धुन पर जमकर थिरकते हुए नजर आए। वहीं, कई अखाड़ा समितियों द्वारा चलंत झांकी भी निकाली गई। राम नवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विभिन्न अखाड़ा समितियों की ओर से स्थाई झांकी बनाए गए थे। झांकी में कलाकारों के द्वारा नृत्य पेश कर श्री राम सीता, राधा-कृष्ण, हनुमान जी, सहित विभिन्न प्रकार के नाटक किए रूप से प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

**रातू में रामनवमी पर झंडा मिलन समारोह, शस्त्र प्रदर्शनः** रातू के महादेव टंगरा, झखराटांड़, तारुप रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में भव्य रामनवमी झंडा मिलन समारोह हुआ। अखाड़ा मैदान में भक्तों ने शक्ति प्रदर्शन किया। अखाड़ा धारी बारी-बारी से मैदान पहुंच रहे थे। रामभक्तों के हाथों में बजरंग बली का झंडा, डंडा व तलवार था। जुलूस की शक्ल में सभी बोले बीरा जय जय का जयकारा के साथ नाचते हुए महादेव टंगरा पहुंचे। वहां पर दुर्गा मंदिर, बजरंग बली मंदिर का तीन बार परिक्रमा किया गया।


छठवीं पुण्यतिथि



स्व. डॉ. आर. पी. ठाकुर

जन्म : 09.03.1957 – स्वर्गवास : 31.03.2017

आपका कर्मशील जीवन वन्दनीय था, आपके ऊंचे और सच्चे आदर्श आज भी हमारा जीवन पथ आलोकित कर रहें हैं।

कार्यक्रम - नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

स्थान : एन एडवांश स्किन हॉस्पिटल मनिफिट, टी.ओ.पी. के नजदीक

दिनांक : 31.03.2023 (शुक्रवार), समय : सुबह 8.00 बजे से 12.00 बजे तक

संपर्क : 9430710687, 9431340908

विनीत :
बी.आर. सेवा सदन, गढ़ाबासा
आर पी डर्मा केयर, तुलसी भवन, बिष्टुपुर
श्री केशरी मेडिकल्स, नामदा बस्ती

श्रद्धानवत् :
श्रीमती नीलम ठाकुर (पत्नी)
डॉ. राजीव ठाकुर (पुत्र)
डॉ. पल्लवी गौतम (पुत्र वधु)
एवं समस्त बी.आर. परिवार